WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/ बिजनेस

बिलासपुर, शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025 शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 163 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

टी-20 एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया168 रन ही बना पाई तो भारतीयों से ज्यादा पाकिस्तानियों को टेंशन हो गई थी जो पहली बार भारत की जीत की दिल से दुआ कर रहे थे। यदि भारत हार जाता तो पाकिस्तान के फाइनल में पहुंचने की राह कठिन हो जाती। उसे बांग्लादेश को भारी अंतर से हराना पड़ता। बहरहाल टीम इंडिया ने पहले अपने बेटे को दो बार पीटकर पोते को भी पानी पिला दिया। अब आएगा मजा खेल का। फाइनल में जो भी टीम इंडिया से टकराएगा वह शर्तियां चूर-चूर हो जाएगा।

विकासशील होंगे प्रदेश के नए मुख्य सचिव

■ **लेंगे अमिताभ जैन की जगह सरकार ने जारी किया आदेश**

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ को आखिरकार अब नया मुख्य सचिव मिल ही गया है। अमिताभ जैन के बाद अब 1994 बैच के आईएएस विकास शील अब प्रदेश के नए मुख्य सचिव होंगे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार के समान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

कौन है विकासशील गुप्ता : आईएएस विकासशील गुप्ता वर्तमान में एशियन डेवलपमेंट बैंक के कार्यकारी अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। इससे पहले वे डेवलपमेंट मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिस की महानिदेशक थे। नौकरशाही हलकों में इस दंपती को 'पावर पेयर' कहा जाता है। विकास शील गुप्ता को आईएएस में आने के बाद उन्हें मध्यप्रदेश कैडर मिला था। मगर नवंबर 2000 में राज्य के बंटवारे में उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिल गया। वे यहाँ कोरिया, बिलासपुर और रायपुर के कलेक्टर रहे। सचिव के तौर पर स्कूल शिक्षा, फूड, सामान्य प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग वे संभाल चुके हैं।

गरीबों के लिए काम कर रही सरकार : साय

■ **प.दीनदयाल उपाध्याय ने अंतिम व्यक्ति तक विकास की प्रेरणा पहुंचाई**

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने परिसर में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति की पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने भाजपा के दिवंगत दिग्गज नेताओं, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय सिद्धांत के जरिए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीबों के उत्थान के लिए काम कर रही है। हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग पर चलते हुए, उनके आदर्शों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएम साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मैक्सिको ने आव्रजन छापों के लिए अमेरिका की आलोचना की

मैक्सिको सिटी/ नयी दिल्ली (वार्ता)। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने संयुक्त राज्य अमेरिका में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा की गई आव्रजन छापेमारी की निंदा करते कहा कि वाशिंगटन को एक राजनयिक नोट भेजा गया है जिसमें हाल ही में दो मैक्सिकन नागरिकों की मौत की जांच की मांग की गई है। राष्ट्रपति ने अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,कल इस मामले पर एक राजनयिक नोट भेजा गया था, जिसमें सभी जांच करने का अनुरोध किया गया है, और यदि कोई मानवाधिकार उल्लंघन के लिए जिम्मेदार है, तो उसे दंडित किया जाए। आईसीई छापेमारी और हिरासत के बाद मैक्सिकन प्रवासियों इस्माइल अयाला-उरिबे और सिल्वेरियो विल्लेगास गोंजालेज की मृत्यु हो गई।

उच्च रक्तचाप की चपेट में 1.4 अरब लोग : डब्ल्यूएचओ

जिनेवा (वार्ता)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2024 में 1.4 अरब लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे और पांच में से केवल एक व्यक्ति ही इसे दवा के माध्यम से या अन्य तरीकों से नियंत्रित कर रहा है। डब्ल्यूएचओ ने गुरूवार को जारी दूसरी उच्च रक्त चाप संबंधी नयी रिपोर्ट को 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज और रिज़ॉल्व टू सेव लाइव्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में जारी किया गया। इसमें कहा गया कि कि केवल 28 प्रतिशत निम्न आय वाले देशों में डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित सभी उच्च रक्तचाप की दवाइयां आमतौर पर फार्मेसियों या प्राथमिक देखभाल सुविधाओं में उपलब्ध हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा ट्रिपल तोड़फोड़ की होगी जांच

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई तीन घटनाओं को ट्रिपल तोड़फोड़ की संज्ञा देते हुए उनके जांच की मांग की है जिसमें एस्केलेटर का खराब हो जाना भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में उस एस्केलेटर के अचानक बंद हो जाने का जिक्र किया, जिस पर वह और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप जा रहे थे। दूसरी समस्या तब उत्पन्न हुई जब उनके भाषण के दौरान एक टेलीप्रॉम्प्टर में खराबी हो जाने से सभागार में एक ऑडियो समस्या आ गई।

रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62 हजार करोड़ का किया करार

नयी दिल्ली (वार्ता)। रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 62 हजार 370 करोड़ रुपये की लागत से हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 97 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए मार्क 1 ए) की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि वायु सेना को मिलने वाले इन 97 विमानों में से 68 लड़ाकू विमान और 29 दो सीट वाले विमान शामिल हैं । वायु सेना को ये विमान सभी संबंधित उपकरणों के साथ मिलेंगे। विमानों की कीमत 62 हजार 370 करोड़ रुपये में कर की राशि शामिल नहीं है। वायु सेना को ये विमान वर्ष 2027-28 से मिलने शुरू हो जायेंगे और छह वर्षों की अवधि में सभी विमानों की आपूर्ति हो जायेगी।

लद्दाख में कल हुई हिंसा में 4 की मौत, 80 से ज्यादा घायल, लेह में कर्फ्यू

मुझे जेल भेजने की तैयारी: वांगचुक

■ **सोनम वांगचुक ने सरकार पर लगाया बड़ा आरोप**

लेह/ए.। लद्दाख में भड़की हिंसा पर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सरकार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने साफचेतावनी दी कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया तो सरकार की दिक्कतें उनकी आजादी से कहीं ज्यादा बढ़ जाएंगी।

युवाओं की बेचैनी को बताया असली वजह

वांगचुक ने कहा कि हिंसा की जड़ युवाओं की नाराजगी और लंबे समय से अनदेखी की जा रही मांगों में है। उन्होंने कहा कि छह साल से बेरोजगारी और अधूरे वादों ने युवाओं का धैर्य खत्म कर दिया है। सरकार आंशिक आरक्षण का दिखावा कर रही है, जबकि असली मांग राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची का विस्तार अब भी अधूरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार असली मुद्दों से ध्यान हटाकर दोषारोपण की राजनीति कर रही है। यह कदम शांति की राह नहीं खोलता, बल्कि हालात को और भड़काता है।

बुधवार को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में आंदोलन हिंसक हो उठा। पत्थरबाजी, आगजनी और तोड़फोड़ के बीच चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 80 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें 40 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

सरकार बलि का बकरा तलाश रही

वांगचुक ने गुरुवार को गृहमंत्रालय के उस बयान को खारिज किया जिसमें बुधवार की हिंसा के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार बलि का बकरा तलाश रही है जबकि असली समस्या को नजरअंदाज कर रही है।

दो साल के लिए जेल भेजने की तैयारी हो रही

मैं देख रहा हूं कि पीएसए (जनसुरक्षा कानून) के तहत मुझे दो साल के लिए जेल भेजने की तैयारी हो रही है। मैं इसके लिए तैयार हूं। लेकिन याद रखिए, जेल में सोनम वांगचुक सरकार के लिए बाहर के वांगचुक से कहीं ज्यादा परेशानी का सबब बनेगा।

लेह जिले में कर्फ्यू लागू

गुस्साई भीड़ ने बीजेपी कार्यालय और हिल काउंसिल को निशाना बनाया और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने आंसू गैस के गोले दागे। प्रशासन ने एहतियातन पूरे लेह जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया है।

हिंसा पर गृहमंत्रालय और उपराज्यपाल की प्रतिक्रिया

गृहमंत्रालय ने देर रात बयान जारी कर कहा कि हिंसा भड़काने के पीछे राजनीतिक रूप से प्रेरित व्यक्तियों और वांगचुक जैसे नेताओं के भड़काऊ बयान जिम्मेदार हैं। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि कोई भी पुराना या भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर न फैलाए। मंत्रालय के अनुसार, लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस से लगातार संवाद जारी है। उच्च स्तरीय समिति की अगली बैठक 6 अक्तूबर को होगी, जबकि 25 और 26 सितम्बर को भी बैठकें निर्धारित हैं। उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन लेह की हिंसा सुनियोजित साजिश का नतीजा थी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने माहौल बिगाड़ा है, उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

भारत का आत्मनिर्भर बनना जरूरी, रूस हमारा टाइम टेस्टेड पार्टनर : पीएम मोदी

ग्रेटर नोएडा (आईएएनएस)। भारत के आत्मनिर्भर बनने पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बाद भी भारत की विकास दर मजबूत बनी हुई है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित किए गए उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस ट्रेड शो का साझेदार देश रूस है, जिसका साफ अर्थ है कि हम अपनी टाइम-टेस्टेड साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार 'मेक इन इंडिया' पर फोकस दोगुना कर रही है। हमारा लक्ष्य देश में 'चिप से लेकर जहाज' तक बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली, पूरी तरह से स्वदेशी एके-203 असॉल्ट राइफलें जल्द ही सेना को सौंप दी जाएंगी। इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) एक ज्वाइंट वेंचर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम ने 'इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'इंटरनेशनल ट्रेड शो' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने देश-विदेश के निवेशकों से उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं और यह निवेश के लिए एक उभरता हुआ केंद्र बन चुका है। पिछले कुछ सालों में यहां कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं, जिससे लॉजिस्टिक लागत में उल्लेखनीय कमी आई है।

बिहार चुनावों से लागू होगा डाक मतपत्रों की गिनती का यह नया नियम

डाक मत-पत्र की गिनती मतगणना के बाद में होगी : चुनाव आयोग

नई दिल्ली/वार्ता। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो। अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के मुताबिक, ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। हालांकि, अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी।

पहली बार बिहार में होगी लागू : नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी। **पर्याप्त संसाधनों की व्यवस्था :** चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाए जाएं।

अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड के लिये छग निर्वाचन आयोग नामांकित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग स्थानीय निकायों के निर्वाचन 2025 के उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड के लिए नामांकित हुआ है। आयोग को संयुक्त राष्ट्र लोक प्रशासन नेटवर्क की शोध संस्था इंटरनेशनल सेंटर फॉर पार्ल्यामेंट स्टडीस द्वारा अवार्ड हेतु नामांकित किया गया है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के चुनाव प्रबंधन की पारदर्शिता, दक्षता और नवाचार की अंतर्राष्ट्रीय मान्यता है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के नेतृत्व में मिली सफलता राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के मार्गदर्शन और नेतृत्व में आयोग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को आईसीपीएस ने स्वीकार किया है। आयोग द्वारा नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 को एक साथ संपन्न कराने की पहल को आईसीपीएस ने उत्कृष्ट उपलब्धि मानते हुए विजेता अवार्ड अथवा स्पेशल रिकाग्नेशन फार आउटस्टेंडिंग अचिवमेंट अवार्ड तक के लिये नामांकित किया है।

आईसीपीएस का मुख्यालय लंदन (यू.के.) स्थित मिलबैंक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नेतन्याहू रखेंगे इजरायल, आईडीएफ और अपना सच

तेल अवीव (आईएएनएस)। संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपना पक्ष रखेंगे। किन मुद्दों पर विरोधियों को घेरेंगे, इसका संकेत न्यूयॉर्क के लिए रवाना होने से पहले दे दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपना सच रखूंगा और फिलिस्तीन को मान्यता देने वालों की निंदा करूंगा।

नेतन्याहू ने गुरुवार सुबह बेन गुरियन हवाई अड्डे के टर्मिनल पर कहा, ÷संयुक्त राष्ट्र महासभा में, मैं अपना सच बोलूंगा - इजरायल के नागरिकों के बारे में सच, हमारे आईडीएफसैनिकों के बारे में सच और हमारे देश के बारे में सच। उन्होंने आगे कहा, मैं उन नेताओं की निंदा करूंगा जो हत्यारों, बलात्कारियों और बच्चों को जलाने वालों की निंदा करने के बजाय, उन्हें इजरायल की धरती के बीचों-बीच एक राज्य देना चाहते हैं। ऐसा नहीं होगा।

संकेत स्पष्ट है कि फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता का मुद्दा, संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर अन्य नेताओं के साथ नेतन्याहू की बैठकों और सोमवार को वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उपराष्ट्रपति ने तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना की

तिरुमाला (वार्ता)। भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार रात तिरुमाला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की। उपराष्ट्रपति का पद संभालने के बाद यह तिरुमाला मंदिर और आंध्र प्रदेश की उनकी पहली यात्रा थी। मंदिर के प्रवेश द्वार पर पहुंचने पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, टीटीडी अध्यक्ष बी आर नायडू और कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार सिंघल ने किया। संन्यासी मंडपम में भगवान वेंकटेश्वर की पूजा करने के बाद उपराष्ट्रपति को रंगनायकुल मंडपम ले जाया गया, जहां वैदिक विद्वानों ने वेदसिर्वाचनम आशीर्वाद दिया और टीटीडी अध्यक्ष और कार्यकारी अधिकारी ने उन्हें मंदिर के प्रसादम और भगवान की तस्वीर भेंट की।

फायरिंग से मची अफरा-तफरी बचने की कोशिश नाकाम

कोरबा/नवप्रदेश। कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया मार्ग पर बुधवार देर रात अचानक गोलियों की आवाज से अफरा-तफरी मच गई। बाइक सवार एक युवक ने सिकंदर मेमन के घर के सामने फायरिंग की। दो राउंड चली गोली में से एक शटर पार करते हुए अंदर घुस गई जबकि दूसरी गोली दरवाजे में धंस गई। उस वक्त घर के लोग सोने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ। रात में अचानक हुई फायरिंग से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घरों से बाहर निकलकर ग्रामीण इधर-उधर देखने लगे। इसी बीच हमलावर तेजी से बाइक दौड़ाते हुए कसनिया से हाईवे की ओर बढ़ रहा था। सूत्र बताते हैं कि भागते समय आरोपी की बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। गिरने के बाद उसने स्थानीय लोगों को गुमराह करने के लिए अपनी शर्ट बदल ली, ताकि पहचान छिपाई जा सके। हालांकि गांव के युवकों को उसका हावभाव संदिग्ध लगा।

गरमा-गरम

झापी में विराजमान — आज पंचमी पर होगा मंदर माई में ज्योत प्रज्ज्वलित

भक्तों को दर्शन देन झापी से बाहर आएंगी मंदर माई

किशोर डोले

धमतरी /नवप्रदेश । नवरात्रि पर प्रायः सभी देवी मंदिरों में प्रथम दिन ज्योत प्रज्ज्वलित होती है किंतु नगर के मराठापारा वार्ड स्थित मंदर मांई में पंचमी पर ज्योत प्रज्ज्वलित की जाती हैं। आज भी यहां ज्योत का प्रज्जवलन चकमक पत्थर से किया जाता है। मंदर मांई के बारे बताते हुए मंदिर के पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि मंदर मांई साल भर झापी में विराजमान रहती है। नवरात्र में भक्तों को दर्शन देने के लिए मांई झापी (बांस की टोकनी) से बाहर आती है। मंदर मांई का इतिहास रोचकता से भरा पड़ा है। मंदर मांई मंदिर में पंचमी पर ज्योत प्रज्ज्वलित होती है दशहरे के दिन हवन का आयोजन किया जाता है तथा दूसरे दिन उसका विसर्जन पूरी भव्यता के साथ किया जाता है।



सालभर करते है इंतजार

धमतरी शहरवासियों को सालभर से इस दिन का इंतजार रहता है। ज्योत विसर्जन के दौरान पारंपरिक वाद्ययंत्र के साथ डांग भी निकलता है वहीं मंदरमाई के भक्तों व्दारा बाणा भी लिया जाता है।

हैजा प्रकोप के दौरान की रक्षा

पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि उनकी यह चौथी पीढ़ी है जो मंदर माई की सेवा करते आ रही है। उन्होंने आगे बताया कि पहले के समय में जानलेवा हैजा का प्रकोप हुआ था। शहर के लगभग सभी भागों में हैजा फैला हुआ था परंतु मंदर माई की कृपा से मंदिर के आसपास का क्षेत्र इससे अछूता था। मंदर माई ने इस जानलेवा हैजा बीमारी से पूरे वार्ड की रक्षा की थी।

दर्शन करने दूर दूर से आते हैं लोग

मंदर माई की ख्याति शहर ही नहीं राज्य के बाहर भी है। नवरात्र में मंदर माई का दर्शन करने दूर दूर से लोग पहुंचते है। नवरात्र के पश्चात मंदर माई को पुन: झापी में रख दिया जाता है। साल भर मंदिर आने वाले भक्त मंदर माई का दर्शन मां कंकालीन के रूप में करते हैं। वार्डवासियों का कहना है कि मंदर माई हमारी रक्षा करती है। सच्चे मन से जो भी मंदर माई से मांगता है माता उसे जरूर प्रदान करती है।

श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज रिश्वतकांड

मोबाइल सर्विलांस में हुआ 53 लाख के लेन-देन का खुलासा

रायपुर /नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च की मान्यता के लिए रिश्वतखोरी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। सीबीआई द्वारा दाखिल चार्जशीट में 53 लाख रुपए के लेन-देन के साथ जांच दल के गठन से पहले ही सदस्यों के फ्लाइट टिकट बनाने का भी जिक्र है।

सीबीआई ने रिश्वतकांड में श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च से जुड़े रविशंकर महाराज, संजय शुक्ला, डॉ.अतिन कुंडू के अलावा मेयूर रावल समेत 10 अन्य लोगों का मोबाइल सर्विलांस में लिया था। इसमें सामने आई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में यूजी-पीजी बोर्ड के गठन से पहले ही सभी सदस्यों के फ्लाइट टिकट बनाये गए थे।

सीबीआई की जांच के बाद इस वर्ष दाखिला बंद कर दिया गया है। कॉलेज को इस वर्ष जीरो ईयर घोषित किया गया है, और अब इसमें नए छात्रों का दाखिला नहीं हो सकेगा। इस मामले में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के सदस्यों सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव और अधिकारियों ने स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

पंडित दीनदयाल गार्डन में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश, स्वच्छता ही सेवा अभियान पर गतिविधियां हैं जारी

■ पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

■ स्वच्छता दीदियों को बांटे किट

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर निगम द्वारा आयोजित सामूहिक श्रमदान में सहभागिता करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय गार्डन और उसके आस पास के स्थानों की सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने एकात्म मानववाद के प्रणेता,प्रसिद्ध विचारक एवं चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया हैं।

उन्होंने दीनदयाल गार्डन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। गार्डन

में विधायकों और जनप्रतिनिधियों के साथ झाड़ू लगाकर कचरा साफ किया। स्वच्छता दीदियों को साड़ी और किट भी वितरित किए। विधायक धरमलाल कौशिक, महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, निगम आयुक्त अमित कुमार,जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल भी अभियान में शामिल हुए। मुख्य अतिथि की आसंदी से उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय देश के बड़े विचारक एवं चिंतक हुए हैं। उन्होंने आधुनिक राजनीति को एक नई दिशा दी। देश की विरासत के अनुरूप हमारा देश तरक्की करे, ये उनका विचार था। उनकी विचारधारा के अनुरूप देश के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आगे ले जा रहे हैं। पंडित श्री उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता थे,जिनका मानना था कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक को मिलें और इस दिशा में आज पूरे देश में कार्य किए जा रहे है, पीएम आवास,आयुष्मान भारत योजना,सबके घरों में शौचालय, उज्जवला योजना इसका प्रमाण है। इन सभी योजनाओं से देश के जरुरतमंद परिवारों लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी,बाबा साहब अंबेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभी लोगों ने स्वच्छता को जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया। इसका सीधा संबंध हमारी बेहतरी और स्वास्थ्य से जुड़ा है । भारत सरकार एवं राज्य सरकार स्वच्छता पर लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जन भागीदारी और सबके सहयोग से यह अभियान पूरा और सफल होगा। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने उपस्थित सभी नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत नगर निगम ने आज स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया था। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता कीट और साड़ी का वितरण किया। इसके अलावा पौधारोपण भी किया गया ।

जीएसटी 2.0 पर व्यापारियों से चर्चा

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने व्यापार विहार व्यापारी संघ के साथ बैठक कर जीएसटी 2.0 पर भी चर्चा किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि जीएसटी 2.0 ने बाजार में बढ़ाया है भरोसा, आम जनता और व्यापारी इससे खुश है । जीएसटी 2.0 से खरीदारी सस्ती हुई है और देश में आर्थिक उत्साह बढ़ा है। जीएसटी में किए गए बदलाव पर व्यापारी संघ ने हर्ष जताया। इसके अलावा पीएम स्वनिधि 2.0 के हितग्राहियों को उप मुख्यमंत्री श्री साव ने यूपीआई बॉक्स का वितरण भी किया।

■ न्यूज गैलरी

डॉ. मढ़रिया नेत्र सम्मेलन में देंगे व्याख्यान

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंचल के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक व आशीर्वाद लेजर फेंको नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ एल. सी. मढ़रिया द्वारा अमृतसर में आयोजित नेत्र विशेषज्ञों के सम्मेलन में फेंको के एडवांस तकनीकी में व्याख्यान देंगे। नेत्र विशेषज्ञ का राष्ट्रीय मिड ईयर कॉन्फ्रेंस अमृतसर पंजाब में 26 सितंबर से 28 सितंबर तक आयोजित किया गया है इस सम्मेलन में भारत से व विदेशो से लगभग 2000 नेत्र विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत व विश्व में हो रहे अंधत्व के प्रमुख कारण मोतियाबिंद, कॉँचबिंद, डायबिटीस रेटिनोपैथी, बच्चों में मायोपिया आर, ओ.पी. व आंख के केसर के बचाव व इलाज के एडवांस तकनीकी के बारे में रिसर्च पेपर का पठन पाठन होगा। इस सम्मेलन में डॉ एल. सी. मढ़रिया मोतियाबिंद के ऑपरेशन की नई तकनीकी एडवांस फेंको के बारे में व्याख्यान देंगे और इस तकनीकी के बारे में बताएंगे उनके द्वारा डायबिटीज से हो रहे अंधत्व से बचने के उपाय व नई इलाज पेगानेक्स इंजेक्शन के बारे में बताएंगे।

अब तक 58,500 आवेदन, 6,500 स्थापना व 17,000 स्थापना प्रक्रियाधीन, हॉफ बिजली बिल से मुफ्त बिजली की ओर बढ़ रहा आकर्षण

पीएम सूर्यघर योजना में अलग-अलग सब्सिडी से दोगुनी हुई आवेदन और स्थापना की गति

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत केन्द्र की तर्ज पर राज्य सरकार द्वारा भी सब्सिडी देने से आवेदनों तथा रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट की औसत मासिक संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। प्रदेश के बिजली उपभोक्ता हॉफ बिजली बिल से शून्य बिजली बिल की ओर कदम बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर तैयार हो रहे हैं जिसका असर आने वाले महीनों में बड़ी उपलब्धि के रूप में दिखाई पड़ेगा। शासन की मंशानुसार उपभोक्ताओं का रूझान अब सस्ती बिजली हेतु सरकारी योजना के बदले आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ने लगा है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा एक किलोवाट के लिए 30,000 रूपये, दो किलोवाट के लिए 60,000 रूपये तथा तीन किलोवाट के लिए 78,000 रूपये सब्सिडी प्रदान की जा रही थी। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 जून, 2025 को आयोजित राज्य मंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से भी सब्सिडी देने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत एक किलोवाट के लिए 15,000 रूपये, दो किलोवाट के लिए 30,000 रूपये तथा तीन किलोवाट के लिए भी 30,000 रूपये सब्सिडी देने की घोषणा की गई। जिससे एक से लेकर तीन किलोवाट तक कुल सब्सिडी क्रमशः 45,000 रूपये, 90,000 रूपये तथा 1,08,000 रूपये हो गई है। मार्जिन मनी के लिए बैंकों से 10 वर्षों के लिए 6 प्रतिशत की ब्याज दर पर आसान ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री श्री साय की विशेष पहल पर राज्य सब्सिडी का प्रदाय जल्दी से जल्दी करने के निर्देश दिये गये। जिसके कारण 8 सितम्बर को आयोजित एक कार्यक्रम में 618 हितग्राहियों के बैंक खाते में 1.85 करोड़ रूपये की सब्सिडी उनके बैंक खातों में अंतरित कर दी गई।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में दिखा उत्साह

राज्य सब्सिडी घोषित होने के पूर्व औसत मासिक आवेदनों की संख्या 1,607 थी तथा स्थापनाओं की संख्या 337 थी। वहीं 18 जून को स्टेट सब्सिडी घोषित होने के बाद आवेदनों की औसत मासिक संख्या 3,906 हो गई है तथा स्थापनाओं की औसत प्रतिमाह संख्या 744 हो गई है। इस तरह अब प्रदेश में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए काफी उत्साह देखा जा रहा है। कुल आवेदनों की संख्या 58,500 हो गई है जिनमें से 6,500 घरों में रूफटॉप सोलर पेनल लगाये जा चुके हैं तथा 17,000 का कार्य प्रगति पर है।

जीएसटी 2.0 रिफॉर्म से बिजली बिल में भी होगी कमी

भारत सरकार द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने तथा मध्यम वर्ग को व्यापक राहत देने के उद्देश्य से 22 सितम्बर से जीएसटी दरों की नई व्यवस्था लागू की गई है जिसे भारत सरकार द्वारा जीएसटी रिफॉर्म 2.0 का नाम दिया गया है। इस नई व्यवस्था में केन्द्र सरकार ने कोयले पर कंपनसेशन सेस समाप्त कर दिया है। कोयला ताप विद्युत उत्पादन के लिए ईंधन का काम करता है। ईंधन की लागत में कमी से उत्पादन लागत में भी कमी संभावित है और प्रारंभिक आकलन के अनुसार इससे उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट बिजली दर में लगभग 11 पैसे की कमी का लाभ मिल सकता है। जीएसटी रिफॉर्म 2.0 में किये गये युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत केन्द्र सरकार ने कोयले पर लगने वाले कंपनसेशन सेस 400 रूपये प्रति टन को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। वहीं कोयले पर जीएसटी को 5 प्रतिशत से बढाकर 18 प्रतिशत किया गया है । इन दोनों के संयुक्त प्रभाव से छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को औसतन अनुमानित 152.36 रूपये प्रति टन कम लागत पर कोयला प्राप्त होगा जिससे कंपनी की उत्पादन लागत में औसतन 11.54 पैसे प्रति यूनिट कमी संभावित है। कंपनसेशन सेस विद्युत उत्पादन लागत में एक बड़ा मुद्दा था जिसमें राहत मिलने से उत्पादन लागत में कमी का मार्ग प्रशस्त होगा जो भारत सरकार की मंशा के अनुसार विद्युत उपभोक्ताओं को भी लाभान्वित करेगा।

विद्यार्थियों और लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं व प्रारंभिक जांच उपलब्ध कराना उद्देश्य

■ डीपी विप्र कॉलेज में एनएसएस दिवस आयुर्वेदिक शिविर आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। डी.पी. विप्र महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य, सेवा और जागरूकता को समर्पित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा आयोजित इस शिविर ने न केवल विद्यार्थियों बल्कि आसपास के नागरिकों को भी एक साथ जोड़कर स्वास्थ्य संवर्धन और समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, महाविद्यालय परिवार और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ, परामर्श और प्रारंभिक जाँच उपलब्ध कराना था। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, स्वच्छ जीवनशैली अपनाने और आयुर्वेद व योग जैसे भारतीय परंपरागत स्वास्थ्य-पद्धतियों को बढ़ावा देने का भी यह एक प्रभावी प्रयास रहा। डॉ. विष्णनाथ पटेल, डॉ. आरती गायकवाड़, डॉ. अपर्णा मिश्रा, डॉ. भारती श्रीवास्तव और डॉ. ओंकार राजपूत ने शिविर के संचालन में विशेष भूमिका निभाई। इनके साथ ही डॉ. अंजू शुक्ला, डॉ. एम.एस. तंम्बोली, डॉ. मनीष तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण दुबे और डॉ. आभा तिवारी भी शिविर के आयोजन और संचालन में सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

नियमित व्यायाम व योग पर जोर

इस शिविर के माध्यम से सैकड़ों विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जाँच की सुविधा प्राप्त की। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग और समय पर स्वास्थ्य जाँच की महत्ता पर जोर दिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समाज में स्वास्थ्य संवेदनशीलता फैलाने की प्रेरणा दी। अंत में महाविद्यालय प्रशासन और एन.एस.एस. इकाई ने सभी चिकित्सकों, अतिथियों, सहयोगियों, शिक्षकगण और स्वयंसेवकों को इस सामाजिक कार्य में सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी विकसित करते हैं।

संगीत शिक्षक के लिए आवेदन पत्र की दावा आपत्ति आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में संचालित 13 पीएमश्री विद्यालय में 31 मार्च 2026 तक के लिए अंशकालिक संगीत प्रशिक्षक की सेवायें लिये जाने हेतु विज्ञापन जारी किये गये थे। प्राप्त आवेदन के स्क्रूटनी उपरान्त पात्र व अपात्र आवेदकों की सूची जारी की जारी रही है। जिला पंचायत भवन द्वितीय तल में अवलोकन किया जा सकता है। 26 सितंबर तक कार्यालयीन दिवसो में आवेदक लिखित दावा आपत्ति उचित दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं।

मस्तूरी क्षेत्र में भी उज्जवला हास्पिटल की सौगात

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में संचालित जेपी मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल एण्ड नर्सिंग होम गणेश नगर नयापारा चौक हेमू नगर द्वारा नवरात्रि के इस पर्व पर जनपद पंचायत मस्तूरी में 23 सितंबर को उज्जवला हास्पिटल की सौगात क्षेत्र के लोगों को संस्थान द्वारा दी गई।

डा. उज्जवला कराडे ने बताया कि ग्राम किरारी मस्तूरी में काफी दिनों से क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य सुधार को लेकर हमारी योजना चल रही थी। इसे ध्यान में रखकर 23 सितंबर को संस्थान द्वारा नवरात्रि पर उज्जवला हास्पिटल का शुभारंभ ग्राम किरारी मस्तूरी में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि तामेश सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष मस्तूरी नितेश सिंह ठाकुर, जिला हेल्थ प्लस पंचायत सदस्य दामोदर कांत, राहुल सिंह ठाकुर, देवेन्द्र कृष्णन थे। डा. उज्जवला ने बताया इस हास्पिटल में हमारे विभाग द्वारा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, जनरल सर्जरी, शिशु रोग, जनरल मेडिसीन, दंत रोग विभाग संचालित है। यहां महिला डाक्टर द्वारा सोनोग्राफी की सुविधा है। इसके अलावा जनरल मेडिसीन, फिजियोथेरेपी, लेबोरेटरी, नार्मल डिलिवरी, एम्बुलेंस, इमरजेंसी, गायनेकोलाजिस्ट सहित अन्य सुविधाएं मौजूद है। क्षेत्र के लोगों को कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सारी मेडिकल सुविधा इस अस्पताल में आसानी से उपलब्ध है। इस हास्पिटल के खुलने से क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह का मौहाल है।

कृष्णापुरम में नवरात्रि ऑफर, बुकिंग के साथ रजिस्ट्री नि:शुल्क

बिलासपुर/नवप्रदेश। इस नवरात्रि डीसीटी रियल स्टेट की ओर से विशेष ऑफर दिया जा रहा है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर अपने ग्राहकों को कृष्णापुरम में बुकिंग के साथ रजिस्ट्री निःशुल्क कर दिया गया है।

डीसीटी रियल एस्टेट डेवलपर के डायरेक्टर राजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कृष्णापुरम को एक ऐसी सोच के साथ तैयार किया गया है, जहां निवासियों को सिर्फ मकान नहीं बल्कि जीवन जीने का नया अनुभव मिले। यहां हर सुबह शांति और हर सांस में हरियाली का अहसास होता है। रेरा अप्रूव्ड इस टाउनशिप में 2 बीएचके, 3 बीएचके और 4 बीएचके डुप्लेक्स के विकल्प मौजूद हैं। आधुनिक सुविधाओं की बात करें तो यहां जिम, जॉगिंग ट्रैक, स्विमिंग पूल, क्लबहाउस, शॉपिंग मॉल, बैडमिंटन कोर्ट, मंदिर, सीसीटीवी, 24 घंटे पानी और ड्रेनेज, चौड़ी सीसी रोड, नौ ग्रीन गार्डन, सिक्योर्ड बाउंड्रीवॉल और विशाल प्रवेश द्वार जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। बच्चों के खेलने के लिए ओपन स्पेस, वरिष्ठ नागरिकों के लिए गार्डन और महिलाओं के लिए क्लब हाउस जैसी विशेष सुविधाएं इसे हर उम्र और हर वर्ग के लिए उपयुक्त बनाती हैं। गणेशोत्सव के मौके पर घर खरीदना हमेशा शुभ माना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों के लिए इस नवरात्रि पर्व पर ऑफर दिया गया है। श्री राजपूत ने कहा कि संदेश यही है कि मां अंबे के आगमन के साथ अपने घर का श्रीगणेश करें। कृष्णापुरम टाउनशिप से ही लोगों के और आधुनिकता के कारण चर्चा है और अब नवरात्रि ऑफर ने इसे घर खरीदने वालों के लिए और भी आकर्षक बना दिया है।

हरियाली, शांति और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

दुकानों, स्कूलों, अस्पतालों में आंतरिक समिति गठित नहीं, 50 हजार का जुर्माना

बिलासपुर/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट ने कामकाजी महिलाओं की उनके काम करने के स्थान पर सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत जिले की सभी दुकानों, शो-रूम, अस्पतालों, स्कूलों, बैंकों, गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्टों, आदि में महिलाओं की शिकायत प्राप्त करने हेतु आतंरिक परिवाद समिति का गठन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि किसी भी शासकीय एवं निजी संस्थान जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य रूप से करें और यदि किसी संस्थान/ दुकान/स्कूल/ अस्पताल आदि में समिति गठित नहीं की जाती है तो संबंधित संस्था पर रू. पचास हजार का जुर्माना लगाया जाए।

इस सम्बन्ध में श्रम विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के समस्त निजी संस्थानों का सर्वेक्षण किया जाना है। सहायक श्रम आयुक्त ने जानकारी दी कि अधिनियम के अनुसार आंतरिक समिति में संस्थान में कार्यरत वरिष्ठ महिला पीठासीन अधिकारी (अध्यक्ष) होंगी।

अवसर

आधारशिला सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए स्पॉट काउंसलिंग शुरु

एंट्रेंस परीक्षा एआईएसएसईई-25 उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर

बिलासपुर/नवप्रदेश। आधारशिला सैनिक स्कूल, बिलासपुर में प्रवेश की प्रक्रिया, आल इंण्डिया सैनिक स्कूल एडमिशन काउंसलिंग के स्पॉट राउंड काउंसलिंग के अंतर्गत 26 सितम्बर से 30 सितम्बर तक की जा रही है। यह काउंसलिंग उन विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो सैनिक स्कूल के एंट्रेंस परीक्षा एआईएसएसईई-25 उत्तीर्ण कर चुके है एवं काउंसलिंग प्रक्रिया में पंजीकृत है और वे अभी तक किसी भी सैनिक स्कूल या न्यू सैनिक स्कूल में प्रवेश प्राप्त नहीं कर पाए हैं।

सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्रों के लिए स्पॉट राउंड काउंसलिंग की प्रक्रिया 26 सितम्बर से 30 सितम्बर तक निर्धारित की गई है। इस प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु छात्र काउंसलिंग की आधिकारिक वेबसाइट एचटीटीपीएसः//पीईएसएडाटएनसीओजीडाटजीओवीडाटइन/सैनिकस्कूलकाउंसिलिंग/एसआईजीनीक पर जाकर अपने यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन करेंगे। लॉगिन के बाद छात्र को साफ्ट राउंड विकल्प का चयन करना होगा। इसके पश्चात स्कूल टाइप पर क्लिक करके न्यू सैनिक स्कूल चुनना होगा। न्यू सैनिक स्कूल की सूची में से आधारशिला विद्या मंदिर (छत्तीसगढ़) का चयन कर एक्सेप्ट एस फाइनल बटन दबाना अनिवार्य होगा। 4 अक्टूबर को आधारशिला विद्या मंदिर, सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के रैंक के आधार पर मेरिट सूची जारी करेगा। मेरिट सूची में चयनित सभी छात्रों को 11 अक्टूबर को विद्यालय परिसर में फिजिकल रिपोर्टिंग करना अनिवार्य है। बिना उपस्थिति के प्रवेश मान्य नहीं होगा।

छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि यह अवसर छात्रों के भविष्य निर्माण हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। आधारशिला सैनिक स्कूल से शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में श्रेष्ठता प्राप्त करते है , बल्कि भविष्य में भारतीय सशस्त्र सेनाओं, प्रशासनिक सेवाओं और अन्य राष्ट्रीय क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट योगदान दे सकेंगे।

जीवन शैली व खानपान में बदलाव शुगर की प्रमुख वजह: डॉ. अग्रवाल

टाइप-टू डायबिटिज को खानपान में बदलाव कर किया जा सकता है नियंत्रित, शारीरिक गतिविधि जरुरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। समय के साथ जीवन शैली में हुए बदलाव की वजह से आज कम उम्र के युवा भी शुगर जैसी बीमारी की चपेट में हैं। अनहेल्दी लॉइफ स्टाइल के कारण भारत में हर 15 में से एक व्यक्ति को शुगर की बीमारी हो रही है। नवप्रदेश ने इसी विषय को लेकर महाराणा प्रताप चौक स्थित अग्रवाल शुगर क्लिनिक के वरिष्ठ मेडिसीन विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश अग्रवाल से बातचीत की।

डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि जिस तरह से कम उम्र के लोगों में शुगर की बीमारी बढ़ रही है इसकी मुख्य वजह दिनचर्या का अव्यवस्थित होना है। आज ज्यादातर लोग रात को देर से सोना और सुबह देर से उठना करते हैं। यह दिनचर्या लोगों को बीमारी की ओर बढ़ा रही है। हमारे परिवार के बुजुर्ग जल्दी सोने और जल्दी उठने पर जोर देते हैं। यही वजह है कि उनका स्वास्थ्य बेहतर रहता है। इसके साथ ही शारीरिक गतिविधि में कमी होने के कारण भी शुगर की बीमारी बढ़ रही है। बच्चों, युवाओं सभी को फास्ट फूड बेहद पसंद होते हैं। डाइट में इन्हें नियमित रुप से शामिल करना भी शुगर को बढ़ाने का काम कर रहा है। प्री डायबिटिज तो अधिकांश लोगों को रहता है। अगर आपकी उम्र तीस से ज्यादा हो गई है और आपके परिवार में माता-पिता या दादा-दादी को शुगर की बीमारी रही हो तो सतर्कता के तौर पर समय-समय पर शुगर की जांच करवाना चाहिए। प्री टायबिटिज के सामान्यतः लक्षण चिड़चिड़ापन, थकान, कमजोरी, हाथ-पैर में दर्द होता है। नियमित शुगर जांच करवाने से मरीज को समय रहते ही इसकी जानकारी मिल जाती है और शुगर पर नियंत्रण करना आसान हो जाता है। डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि अगर टाइप-वन डायबिटिज है तो इसमें इन्सुलिन लेना अनिवार्य रहता है, लेकिन टाइप-टू डायबिटिज के मरीज अपने खानपान में बदलाव कर दवाओं के डोज को कम या बंद कर सकते हैं। टाइप-टू के मरीजों को कार्बोहाड्रेड में कमी और फिजिकल गतिविधि को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। इसके साथ ही मानसिक तनाव भी शुगर की एक बड़ी वजह है। आमतौर पर खाली पेट में शुगर 120 और खाने के बाद 180 के नीचे रखने का लक्ष्य होना चाहिए। इस वेल्यू को पाकर मरीज बिना दवा सेवन के भी स्वस्थ रह सकता है। डॉक्टर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि खाने की थाली को तीन हिस्सो में बांटकर खाना चाहिए। थाली में 50 प्रतिशत हरी सब्जियां, 25 प्रतिशत प्रोटीन और 25 प्रतिशत कार्बोहाड्रेड होना चाहिए। थाली का यह प्रतिशत स्वस्थ जीवन शैली के लिए जरुरी है। इसे हर किसी को अपनाना चाहिए।

व्रत में नियमित करें शुगर की जांच

डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि 45 मिनट का वॉक सप्ताह में पांच दिन नियमित रुप से करना चाहिए। इसके साथ ही रात को जल्दी सोना और सुबह जल्दी उठना अपने दिनचर्या में शामिल करें। शाम को सात बजे के बाद खाना न खाएं। खाने के बाद 45 मिनट थोड़ा वॉक करें। इससे स्वस्थ जीवन शैली के लिए मदद मिलेगी। शुगर के जो मरीज नवरात्रि का उपवास कर रहे हैं उन्हें विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। नवरात्रि में फूड पैटर्न में बदलाव होने की वजह से मरीजों के दवाईयों के डोज में बदलाव हो सकता है इसलिए किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल अपने डॉक्टर से संपर्क करें और शुगर की जांच उपवास में करते रहें।

न्यूज गैलरी

लोक निर्माण विभाग में सात मुख्य अभियंताओं के तबादले

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने सात मुख्य अभियंताओं के नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी आदेश के अनुसार प्रमुख अभियंता कार्यालय, नवा रायपुर में वास्तुविद, डिजाइन एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता आर.के. रात्रे की बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता के रूप में नवीन पदस्थापना की गई है। सरगुजा परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता नागेश कुमार जयंत को दुर्ग परिक्षेत्र, ए.डी.बी. परियोजनाओं के निदेशक पी.एम. कश्यप को रायपुर परिक्षेत्र, राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.एल. उरांव को बस्तर परिक्षेत्र तथा रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप को राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र का मुख्य अभियंता बनाया गया है। राज्य शासन द्वारा बस्तर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता जी.आर. रावटे की प्रमुख अभियंता कार्यालय, नवा रायपुर में वास्तुविद, डिजाइन एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता के रूप में नई पदस्थापना की है। लोक निर्माण विभाग ने दुर्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता भोलाशंकर बघेल को सरगुजा परिक्षेत्र का मुख्य अभियंता बनाया है। बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता विजय सिंह कोरम को प्रमुख अभियंता कार्यालय, नवा रायपुर में मुख्य अभियंता (प्रशासन) पदस्थ किया गया है।

गिरदावरी सर्वे के भौतिक सत्यापन के लिए टीम गठित

धान खरीदी की तैयारी शुरु, बचे किसानों का जल्द करें एग्रीस्टेक में पंजीयन: कलेक्टर

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो गई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में मंथन सभाकक्ष में आज दो पालियों में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं गिरदावरी से जुड़े राज्य शासन के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी देकर इनका शत-प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किसान ही इस साल धान बेचने के लिए पात्रता रखेंगे। लिहाजा उन्होंने सभी किसानों को अपनी सहकारी सोसायटी अथवा च्वाईस सेन्टर के जरिए पंजीककरण करा लेने की अपील की है। उन्होंने समिति के प्रबंधक, पटवारी, आरएईओ एवं अन्य मैदानी स्तर के अधिकारियों को इस कार्य में किसानों को सभी आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने फील्ड स्तर से पहुंचे अधिकारियों की मौजूदगी में बचे किसानों के पंजीयन नहीं होने के कारणों की समीक्षा की और उनके निदान बताए। मालूम हो कि विभिन्न तकनीकी कारणों से फिलहाल लगभग 12 हजार किसानों का पंजीयन होना बचा है। करीब 1 लाख 13 हजार किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। उन्होंने एक-एक किसान से सम्पर्क कर उनका जल्द से जल्द पंजीयन करा लेने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एसएस दुबे, एसडीएम आकांक्षा त्रिपाटी, प्रवेश पैकरा, खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर, उप संचालक कृषि पीडी हथेश्वर, उप पंजीयक सीएस जायसवाल, सहित तहसीलदार, एएफओ, खाद्य निरीक्षक,आरएईओ, पंचायत सचिव, आरआई, पटवारी, तकनीकी सहायक, सहायक प्रोगामर आदि उपस्थित थे।

खसरों का डिजिटल सर्वे 30 तक पूरा करें

बैठक में बताया गया कि फसल गिरदावरी का कार्य जोरों से चल रहा है। अब तक 98 प्रतिशत खसरों का डिजिटल सर्वे का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष खसरों का डिजिटल सर्वे 30 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। सर्वे किये जा चुके खसरों के रैण्डम आधार पर भौतिक सत्यापन हेतु जिले के 839 अधिकारी-कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई जिनका काम मौके पर जाकर आबंटित खसरों की जांच भौतिक सत्यापन एप्प के माध्यम से की जायेगी। उन्हें बैठक सह प्रशिक्षण में प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर ने 15 अक्टूबर तक सत्यापन कार्य को पूर्ण कर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए हैं।

एनएसएस स्थापना दिवस पर गांव की गलियों से मंदिर-तालाब तक गूंजा स्वच्छता का संदेश

सीपत/नवप्रदेश। नयनतारा शर्मा कॉलेज पंधी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम देवरी (पंधी) में एक दिवसीय स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन किया। अभियान की शुरुआत ग्राम के प्राथमिक विद्यालय और दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की सफाई से हुई। स्वयंसेवकों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शशिकांत शुक्ला ने विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के लाभ बताए और कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन की कुंजी है, हर किसी को अपने आस-पास का क्षेत्र साफ रखने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय सदस्य करन केशर और चन्द्रप्रकाश कोहली ने कहा कि साफ-सफाई केवल सरकार या संस्था की नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ शरीर और स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण अनिवार्य है। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्रा सुप्रिया वस्त्रकार ने स्वच्छता पर मनमोहक कविता प्रस्तुत की, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों में रैली निकालकर स्वच्छता अपनाओ स्वस्थ समाज बनाओ जैसे नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ ही गांव के सर्वाधिक उपयोग में आने वाले पुरैना तालाब की पचरी की सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वच्छता कार्यशाला का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी सहायक प्राध्यापक बलराम जोशी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में प्राध्यापकगण अश्वनी सोनी, रूपाली मिश्रा, अनामिका चंद्राकर, प्रमित कोरी और ओमप्रकाश गुप्ता का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं में करन, चन्द्रप्रकाश, अमन, आंचल, सुरभी और रागिनी ने सक्रिय भागीदारी दी। कॉलेज के ऊर्जावान डायरेक्टर इंजीनियर प्रांजल धर शर्मा (दीवान) ने कहा कि सरकार के स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में नयनतारा शर्मा कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवक हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे।

जीएसटी के दो नए स्लैब के फैसले से उत्साह बाजार में उपभोक्ता कर रहे जमकर खरीदारी: साव

■ **उपमुख्यमंत्री ने जीएसटी बचत उत्सव पर व्यापारियों से की चर्चा**

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बिलासपुर शहर के व्यापारियों से जीएसटी बचत उत्सव पर आत्मीय चर्चा कर मुंह मीठा कराया। इस दौरान व्यापारियों ने श्री साव को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी के दो नए स्लैब करने के ऐतिहासिक फैसले से बाजार में भारी उत्साह का माहौल है। व्यापारी वर्ग ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं को बड़े पैमाने पर राहत और छूट मिल रही है। इससे बाजार में रौनक लौट आई है और उपभोक्ताओं का भरोसा भी और मजबूत हुआ है। व्यापारियों ने बताया कि उत्सव के पहले ही दिन उपभोक्ताओं ने जमकर खरीदारी की। हजारों कारों की बिक्री दर्ज की गई, वहीं सीमेंट, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी में भी अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। कई उत्पादों की वेटिंग लिस्ट है। लोगों ने त्योहार में खरीददारी करने बचत की थी, लेकिन जीएसटी के फैसले से लोगों की बचत पर भी बचत हो रही है। श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिये गए जीएसटी का निर्णय आजाद भारत का सबसे बड़ा टैक्स रिफॉर्म है, जिसका सीधा लाभ 140 करोड़ देशवासियों को मिल रहा है। पहले टैक्स से जुड़े इतने बड़े सुधार कभी नहीं हुए थे। इसी क्रम में व्यापारी पदाधिकारियों एवं व्यापारियों से आग्रह किया गया कि वे जीएसटी बचत उत्सव के नए स्लैब की छूट का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं।

जीएसटी से देश की अर्थव्यवस्था हुई मजबूत

श्री साव ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों में देश ने उल्लेखनीय तरक्की की है। जीएसटी से देश का राजस्व बढ़ा है और अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ईमानदारी और पारदर्शिता की इसी नीति के बीच 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए, 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास बने, आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिली और देशभर में एम्स, मेडिकल कॉलेज तथा राष्ट्रीय संस्थान स्थापित किए गए। बता दें कि, व्यापारियों को वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक ने भी संबोधित किया।

समाज सेवा ही छात्र जीवन का असली उद्देश्य: डॉ. खेर

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय महाविद्यालय मदन लाल शुक्ल, सीपत में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने नए स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के विविध कार्यक्रमों से अवगत कराया और बताया कि एनएसएस एक ऐसा मंच है, जो समाज सेवा के माध्यम से एक साधारण व्यक्ति को भी एक सभ्य और जागरूक नागरिक बनने का अवसर प्रदान करता है। स्थापना दिवस समारोह में प्राचार्य डॉ. राजीव शंकर खेर ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज सेवा ही छात्र जीवन का असली उद्देश्य है।

एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सिद्धांत ही हमारी विचारधारा: अरुण

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती के अवसर पर प्रार्थना सभा भवन में संगोष्ठी और आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सिद्धान्त ही हमारी विचारधारा है, जिसके लिए सरकार काम कर रही है। प्रार्थना सभा भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश के गरीब, पिछड़े और वंचित वर्गों की चिंता को राजनीति का केंद्र बनाया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्हीं विचारों पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाएं अंत्योदय की भावना से प्रेरित हैं।

मानसिक व शारीरिक तनाव से मुक्त रहने का उपाय बताकर किया जागरूक

■ **केंद्रीय जेल में आत्महत्या नियंत्रण पखवाड़े का आयोजन**

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय जेल में आज विश्व आत्महत्या नियंत्रण पखवाडे का आयोजन किया गया। जिसमें बंदियों एवं जेल के समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों को आत्महत्या निवारण से सबंधित जानकारी देकर मानसिक / शारीरिक तनाव से मुक्त रहने का उपाय बताकर जागरूक किया गया। उक्त आयोजन के दौरान डॉ. शुभा गढ़ेवाल मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर, डॉ जे. पी. आर्या, अधीक्षक राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी, डॉ. लखन सिंह, अधीक्षक सिम्स अस्पताल बिलासपुर, डॉ. चन्द्रहास ध्रुव, विभागाध्यक्ष कैरार विभाग सिम्स अस्पताल बिलासपुर, डॉ. आशुतोष तिवारी, मानोरोग विशेषज्ञ राज्य मानसिक चिकित्सालय सेदरी, प्रशांत रंजन पाण्डेय (साईकेट्रीक सोशल वर्कर) राज्य मानसिक चिकित्सालय सेदरी, एलिनजिना वैभव लाल (कम्युनिटी नर्स मनोरोग) राज्य मानसिक चिकित्सालय सेदरी, विभा बंजिरीयार (कम्युनिटी नर्स मनोरोग) राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी, जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी, प्रभारी उप जेल अधीक्षक कोकिला वर्मा, डॉ. चिरंजीव चन्द्राकर, चिकित्सा अधिकारी जेल के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सुविचार

मुर्दो की न तो बुराई होती है न उनका विरोध होता है और न ही उसके दुश्मन होते हैं। यदि ये तीन बातें आपके साथ भी हैं तो आप भी मुर्दा हो। - अज्ञात

लद्दाख में युवाओं का उग्र आंदोलन

भारत की जो देश विरोधी ताकतें जो भारत में भी बांग्लादेश और नेपाल जैसी स्थिति पैदा होने की कामना कर रही थी उनकी मुराद लद्दाख के युवाओं ने पूरी कर दी। केन्द्र शासित राज्य लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर कथित समाजसेवी सोनम वांगचूक पिछले एक पखवाड़े से अनशन पर बैठे हुए थे। उनके अनशन के पंचद्रहवें दिन एकाएक लद्दाख की राजधानी लेह में युवा और छात्र उनकी मांग के समर्थन में सड़कों पर उतर आये। उन्होंने आंदोलन के नाम पर जमकर उत्पात मचाया। सीआरपीएफ की एक गाड़ी में आग लगा दी और भाजपा कार्यालय में हमला कर वहां भी आगजनी की। इस घटना के बाद सोनम वांगचूक ने अपना आंदोलन खत्म कर दिया और युवाओं से अपील की है कि वे हिंसा का रास्ता न अपनाए। गौरतलब है कि जब जम्मू कश्मीर से केन्द्र सरकार ने 370 का खात्मा किया था तब लद्दाख को जम्मू कश्मीर से अलग करके उसे केन्द्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया था। पहले जब लद्दाख जम्मू कश्मीर राज्य का हिस्सा था तो वहां भी आतंकवाद अपनी चरम सीमा पर पहुंचा हुआ था जिसके चलते वह विकास की दौड़ में पिछड़ा हुआ था। किन्तु 2019 में लद्दाख जब से केन्द्र शासित प्रदेश बना है वहां चहुंमुखी विकास होने लगा है और आतंकवाद से भी उसे मुक्ति मिली है। इसके बाद भी वहां लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर इस तरह की अराजकता फैलाना कोई बड़ा षड्यंत्र हो सकता है। भाजपा सांसद निशीकांत दुबे ने तो इसके पीछे कांग्रेस का हाथ बताया है उन्होंने आरोप लगाया है कि लेह में भाजपा कार्यालय में जो आगजनी की घटना हुई है उसके पीछे वहां के एक कांग्रेस पार्षद का हाथ है जिसने युवाओं को अराजकता के लिए भड़काया था। बहरहाल अब लेह में स्थिति सामान्य हो गई है और सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाल लिया है। लेह में हुई अराजकता की जांच हो रही है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होना जरूरी भी है ताकि देश विरोधी ताकतों के उकसावे में आकर फिर इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति करने का अराजक तत्व हौसला न कर पाये। रही बात लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की तो इस मांग को लेकर वहां के लोगों को शांतिपूर्ण आंदोलन करने का पूरा अधिकार है किन्तु आंदोलन की आड़ में अराजकता फैलाने की किसी को छूट नहीं दी जा सकती।

एशिया कप में टीम इंडिया शानदार प्रदर्शन

टी-20 एशिया कप में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने विजय अभियान जारी रखा है। उसने लगातार पांचवीं जीत दर्ज कर एशिया कप पर अपना दावा मजबूत कर लिया है। पाकिस्तान को दो बार हराने के बाद टीम इंडिया ने बांग्लादेश को भी धूल चटा दी। हालांकि पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने छह विकेट खोकर सिर्फ 168 रन ही बनाये थे। इतने कम स्कोर का भी भारतीय गेंदबाजों ने बचाव कर लिया। कुलदीप यादव की घातक गेंदबाजी ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी। जिन्होंने चार ओवरों में सिर्फ 18 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट हासिल किये। नतीजतन बांग्लादेश 127 रनों पर ही ढेर हो गई। इस तरह भारत ने बांग्लादेश को 41 रनों से हराकर एक और शानदार जीत दर्ज कर ली। गौरतलब है कि भारत और बांग्लादेश के बीच हुए इस मुकाबले में भारत की जीत के लिए पहली बार पाकिस्तान के लोग सच्चे दिल से दुआ मांग रहे थे। यदि टीम इंडिया बांग्लादेश से पराजित हो जाती तो पाकिस्तान के फाइनल में पहुंचना मुश्किल हो जाता। उसे बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी पड़ती किन्तु भारत की जीत से अब पाकिस्तान का भी फाइनल में पहुंचना लगभग तय हो गया है। बशर्तें वह बांग्लादेश से खुद ही मैच हार न जाये। टीम इंडिया ने टी-20 एशिया कप में जो बेहतरीन खेल दिखाया है उससे अब यह तय हो गया है कि एक बार फिर भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप पर कब्जा करने में सफल होगी। इस पूरे टूर्नामेन्ट में टीम अजेय योद्धा के रूप में उभरी है टीम इंडिया पूरी लय में है और उसका फाइनल मुकाबला जीतना भी तय हैं।

पड़ोस में उठते तूफ़ान और भारत की कसौटी

रवि कुमार माँझी

***सुरक्षा सहयोगः** संयुक्त गश्त, आतंकवाद पर सूचना साझा करना और मानवीय राहत अभ्यासों से भरोसा कायम करना।*

***सांस्कृतिक कूटनीतिः** साझा इतिहास और परंपराओं को संस्थागत सहयोग में बदलना।*

***डिजिटल समाधानः** UPI और आधार जैसे अनुभवों को पड़ोस में साझा कर डिजिटल एकीकरण को बढ़ावा देना।*

***जल और ऊर्जा कूटनीतिः** साझा नदियों और जलविद्युत परियोजनाओं के ज़रिये परस्पर निर्भरता और विश्वास को गहरा करना।*

***निष्कर्ष**- भारत की पड़ोस नीति आज एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। अब यह केवल नेबरहुड फर्स्ट का नारा भर नहीं रह सकता; इसे ठोस, समावेशी और दूरगामी साझेदारियों में ढलना होगा। दक्षिण एशिया में भारत की शक्ति का आकलन उसके आकार से नहीं, बल्कि इस क्षमता से होगा कि वह निकटता को साझेदारी में और भौगोलिक स्थिति को सद्भावना में बदल सके।*

हाल के महीनों में नेपाल और बांग्लादेश में जिस तरह राजनीतिक उथल-पुथल देखने को मिली है, उसने पूरे दक्षिण एशिया को झकझोर दिया है। निराश और अवसरहीन होते जा रहे शिक्षित युवा, जो डिजिटल रूप से दुनिया से जुड़े और राजनीतिक रूप से अधिक जागरूक हैं, अब अपनी ही व्यवस्था से मोहभंग महसूस कर रहे हैं।

इन देशों की लोकतांत्रिक संरचना धीरे-धीरे कुलीनतंत्र में तब्दील होती जा रही है, जहाँ सत्ता का इस्तेमाल आम जनता की आकांक्षाओं की बजाय राजनीतिक अभिजात वर्ग के हित साधन में हो रहा है।

भारत की " नेबरहुड फर्स्ट" नीति, जो पड़ोस में स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लेती है, इन हालात में और भी प्रासंगिक हो उठी है। परंतु, अवसरवादी राजनीतिक संलग्नताओं और सीमित कूटनीतिक संसाधनों के चलते इस नीति के नतीजे अपेक्षा के अनुसार नहीं रहे। उपमहाद्वीप की साझा चुनौतियाँ इस ओर इशारा करती हैं कि द्विपक्षीय रिश्तों से आगे बढ़कर अब एक समग्र क्षेत्रीय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

पड़ोसी देशों की प्रमुख चुनौतियाँ

आर्थिक संकट और ऋण का जालः दक्षिण एशिया के कई देश गंभीर आर्थिक संकटों से गुजर रहे हैं। श्रीलंका का हालिया उदाहरण बताता है कि ऋण और मुद्रास्फीति की मार ने किस तरह राजनीतिक व सामाजिक स्थिरता को कमजोर कर दिया। नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों में भी बढ़ती आय असमानता और बेरोजगारी राजनीतिक अशांति और सामाजिक असंतोष को जन्म दे रही है।

राजनीतिक अस्थिरताः लगातार विरोध-प्रदर्शन, विवादास्पद चुनाव और सत्ता संघर्ष ने कई देशों में स्थिर शासन की संभावना को धूमिल किया है।

बांग्लादेश में हालिया अशांति भारत की पूर्वी सीमा पर नई सुरक्षा चिंताएँ पैदा करती है, जबकि नेपाल में बार-बार सरकार बदलने की प्रवृत्ति किसी भी स्थायी नीति-निर्माण को असंभव बना रही है।

अफ़ग़ानिस्तान में कट्टरपंथ का पुनरुत्थानः तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद अफ़ग़ानिस्तान क्षेत्रीय अस्थिरता का केंद्र बन गया है। महिलाओं और अल्पसंख्यकों के दमन ने इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग किया है, लेकिन साथ ही यह अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों के लिये सुरक्षित ठिकाना भी बन सकता है।

चीन का बढ़ता प्रभावः चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) ने दक्षिण एशिया में उसकी पकड़ को मजबूत किया है। श्रीलंका, पाकिस्तान और मालदीव में अवसंरचना निवेश के ज़रिये चीन आर्थिक निर्भरता पैदा कर रहा है। यह स्थिति भारत के रणनीतिक हितों के लिये गहरी चुनौती पेश करती है।

रोहिंग्या शरणार्थी संकटः बांग्लादेश में दस लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थियों की मौजूदगी संसाधनों पर दबाव और सामाजिक तनाव को जन्म देती है। म्याँमार में समाधान की अनुपस्थिति इस संकट को लंबा खींच रही है।

जलवायु परिवर्तन का खतराः दक्षिण एशिया विश्व के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में है। बढ़ते समुद्री स्तर, चक्रवातों और हीटवेव ने लाखों लोगों की आजीविका पर खतरा उत्पन्न कर दिया है। सीमा पार सहयोग की कमी इस संकट को और गंभीर बनाती है।

भारत पर प्रभाव

पड़ोस की यह अस्थिरता सीधे भारत को प्रभावित करती है।

राष्ट्रीय सुरक्षाः आतंकवाद, कट्टरपंथ और सीमा पार घुसपैठ की आशंका बढ़ती है।

आर्थिक नुकसानः व्यापार और कनेक्टिविटी परियोजनाएँ प्रभावित होती हैं। SAARC क्षेत्रीय व्यापार अपनी क्षमता से कहीं कम स्तर पर है।

शरणार्थी संकटः म्याँमार से मिज़ोरम और मणिपुर में आए शरणार्थी सामाजिक-राजनीतिक दबाव पैदा कर रहे हैं।

रणनीतिक चुनौतीः चीन की बढ़ती उपस्थिति भारत के पारंपरिक प्रभाव को कमज़ोर कर रही है।

ऊर्जा और कनेक्टिविटी पर असरः अफ़ग़ानिस्तान की अस्थिरता TAPI गैस पाइपलाइन जैसी परियोजनाओं को रोकती है।

अवैध व्यापार और अपराधः मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये चुनौती है।

भारत की राह

भारत यदि क्षेत्रीय स्थिरता का आधार बनना चाहता है, तो उसके लिये कुछ ठोस कदम उठाना अनिवार्य हैः

संस्थागत तंत्र का निर्माणः BIMSTEC और SAARC जैसे मंचों को सक्रिय कर क्षेत्रीय संवाद को स्थायी रूप देना।

कनेक्टिविटी और व्यापारः केवल अवसंरचना नहीं, बल्कि सीमा शुल्क सरलीकरण और स्थानीय समुदाय की भागीदारी से भरोसा बढ़ाना।

जलवायु और आपदा सहयोगः संयुक्त डेटा, पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन तंत्र विकसित करना।

स्वास्थ्य सुरक्षाः महामारी के बाद साझा टीका और दवा भंडारण व्यवस्था बनाना।



जितना स्वस्थ होगा पर्यावरण, उतना बेहतर होगा स्वास्थ्य

योगेश कुमार गोयल

बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है। किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को मापने में पर्यावरणीय स्वास्थ्य संकेतक, प्रदूषण का स्तर, पारिस्थितिकी में विविधता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता की शर्तें, कृषि उत्पादकता इत्यादि प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ये सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफतबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है।

पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्यः आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यः हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है।

बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' (आईएफईएच) द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली (इंडोनेशिया) में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ कल हैप्पी होंगे !! कल सुखी होंगे !! कल आनंद करेंगे !! आज क्या रोने के लिए जन्म लिए हो

◆ तुम बिना किसी के भी मुस्कुरा सकते हो क्योंकि तुम विवेकवान हो लेकिन फिर भी तुम्हारे साथ रहकर कोई मुस्कुराना चाहता है और तुम्हारी मुस्कुराहट में कोई बाधा नहीं डालता है तो स्वीकार करो।

◆ आशा, अपेक्षा, आकांक्षा- ये बड़ी खतरनाक हैं।

◆ कृष्ण के चेहरे की एक ही पहचान है- 'सदा मुस्कुराहट' !

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1772 न्यू जर्सी में बिल पास किया, जिसके तहत चिकित्सा अभ्यास करने के लिए एक लाइसेंस की आवश्यकता होगी। 1786 ईडन समझौताः ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के राज्यों के बीच वाणिज्यिक संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। 1815 रूस, प्रशिया और ऑस्ट्रिया ने पवित्र गठबंधन पर हस्ताक्षर किए। 1872 पहला श्रीनर्स मंदिर (मक्का कहा जाता है) न्यूयॉर्क शहर में स्थापित किया। 1874 पहला ग्रैंड इंटरनेशनल राइफल मैच आयोजित किया गया। 1901 अमेरिका के पहले राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के शरीर को कई फुट मोटी कंक्रीट में दफनाया गया। 1907 न्यूज़ीलैंड और न्यूफ़ाउंडलैंड राज्य बने। 1907 न्यूज़ीलैंड ने अपनी स्वाधीनता की घोषणा की। 1950 डोनेशिया ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता ग्रहण की। 1953 चीनी का राशन ब्रिटेन में समाप्त किया गया। 1959 जापान के इतिहास में सबसे शक्तिशाली तूफान 'वेरा' से 4580 लोगों की मौत हुई और 16 लाख लोग बेघर हुए।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लोग़ सड़कों पर

लोग़ सड़कों पर लगातार इतनी तेज हॉर्न बजाते हैं... अगर पूरी सड़क भरी हुई है तो किसी के ऊपर से उड़ कर थोड़ी ना चले जाओगे... हॉर्न बजने से कोई अगल-बगल एक दूसरे के ऊपर चढ़कर थोड़ी ना तुम्हारे लिए जगह खाली कर देगा कितनी आवाज में हॉर्न बजना चाहिए इसके लिए भी नियम होनी चाहिए और बाकायदा समय समय पर सबसे हार्न की आवाज चेक करना चाहिए ... और मानक से ज्यादा पाए जाने पर जुर्माना ठोकना चाहिये - **सीमा राय**

बड़ी-बड़ी

बड़ी-बड़ी द ु : ख द घटनाओ को हम केवल ÷खबर÷ के रूप में स्वीकार कर लेते और गरिया कर अगली खबर का इंतजार करते ! बलात्कार/हत्या /भ्रष्टाचार, और अधिकार के लिए गरीब बेरोजगार सड़को पर आ जाते और न्याय माँग रहे /रही लड़कियों पर पुलिस के डंडे चलवा दिए जाते !! सवेदनाये मर चुकी है हमारी यही सच्ची राष्ट्रभक्ति है !!

- **पंकज मिश्रा**

बीसीसीआई एशिया कप का बहिष्कार कर

बीसीसीआई एशिया कप का बहिष्कार कर तो सकते थे.. उतना बड़ा ट्रॉफी तो है नहीं...???? तुम्हारे लिए सिर्फक्रिकेट है लेकिन उनके लिए हर मैदान उनके प्रॉपगेंडा का हिस्सा है... युद्ध कभी जीत नहीं सकते इसलिए इनके लिए प्रॉपगेंडा ही युद्ध है। - **अंबरदानी**

रिश्तों में मधुरता और परस्पर सहयोग

रिश्तों में मधुरता और परस्पर सहयोग की भावना न हो तो ऐसे रिश्ते को खत्म कर देना ही सही है ऐसे रिश्तों में चाहे मित्र हो, पति हो या पत्नी हो ,अपनी अलग राह चुनकर इंसान को अपने अनुसार जीवन जीना चाहिए। मजबूरी में निभ रहे रिश्ता किसी भी हाल में उपयोगी नही। - **संत आर थवाइत**

तुम और कॉफी दोनों का साथ न जाने

तुम और कॉफी दोनों का साथ न जाने कब होगा एक साथ, मेरे पास? तुम्हारे घर का बगीचा पात-पात शांत बर्फकी ओढनी ओढ़े मुकुलित कालिका लजाती सोखती स्वर्ण-आभा चोटी पर तिरती सूर्य-किरणें अचानक... खुशबू के गुंफन ने छुआ मुझे लगा कि जैसे तुमने उढ़ाया हो शॉल गुनगुना सा... । - **कल्पना मनोरमा**

दर्द कितने ही सम्भालती हैं हमारी

दर्द कितने ही सम्भालती हैं हमारी आँखें हर हाल में गुनगुनाती हैं हमारी आँखें बुरा मंज़र भी देखा,दिल बंज़र भी देखा फिर भी मुस्कुराती हैं हमारी आँखें । - **माया देवांगन**

अपने हाथों में ही पतवार संभाली जाये,

अपने हाथों में ही पतवार संभाली जाये, तब तो मुमकिन है कि नाँव बचा ली जाये, आज के इस दौर में जीने की ये शर्त है- लाश अंतरात्मा की कंधो पर उठा ली जाये, पूरे बागबां की चलन बिगड़ जाये मगर- बदचलन होने से पहले खुशबू बचा ली जाये, धुआँ-धुआँ सी मशालों को जलाने के लिये- राख के ढ़ेर से कुछ आग निकाली जाये।

- **ललित उपाध्याय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज घर एवं बाहर का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। ज्यादा मेहनत नही करनी पड़ेगी आज आप जिस किसी का भी पक्ष लेंगे अथवा जो भी निर्णय लेंगे।

वृषः आज के दिन प्रातः काल से ही किसी विशेष कार्य को लेकर दौड़-धूप करनी पड़ेगी लेकिन आज की गई मेहनत व्यर्थ नही जाएगी।

मिथुनः आज आपका व्यक्तित्त्व निखरा रहेगा। अपनी वाणी एवं व्यवहार से प्रभावित कर किसी से भी आसानी से काम निकाल लेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिए अशुभ रहेगा। दिन के आरंभ से ही काम आपकी सोच से उल्टे होंगे मन मे नकारात्मक भाव आएंगे।

सिंहः आज का दिन बीते कल की अपेक्षा थोड़ा राहत वाला रहेगा। लेकिन आज आपका स्वभाव कुछ गर्म रहेगा।

कन्याः आज के दिन आपके आस पास का वातावरण अस्त-व्यस्त रहेगा कार्य व्यवसाय में भी निश्चितता नही रहेगी परन्तु फिर भी इनसे आपकी मानसिक शांति भंग नही होगी।

तुलाः आज का दिन भी आपके लिए शुभ रहेगा। दिन के आरंभ में दैनिक अथवा घरेलू कार्यो को लेकर व्यस्त रहेंगे ।

वृश्चिकः आज का दिन हानिकारक रहेगा। प्रत्येक कार्य मे सावधानी अपेक्षित है। व्यवसाय के साथ घरेलू कार्यो में जल्दबाजी ना करें आर्थिक हानि के प्रबल योग बन रहे है।

धनुः आज का दिन आपके लिये सम्मानजनक रहेगा। शारीरिक रूप से कुछ कमी रहेगी।

मकरः आज के दिन आप स्वयं निश्चिन्त होकर कार्य करेंगे लेकिन अपने संपर्क में आने वालों को अवश्य परेशानी में डालेंगे।

कुंभः आज आपका व्यवहार एक समान नही रहेगा। पल पल में बदलती मनोदशा खुद के साथ अन्य लोगो को भी परेशानी में डालेगी।

मीनः आज दिन के आरम्भ से मध्यान तक शारीरिक शिथिलता के कारण किसी भी कार्य मे उत्साह नही रहेगा कार्य क्षेत्र पर भी अन्य लोगो के भरोसे रहना पड़ेगा।

सूर्योदय : 06:20, सूर्यास्त : 06:17, चन्द्रोदय : 09:07, चन्द्रास्त : 19:51, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : शरद, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : अश्विन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : विशाखा, योग : विष्कुम्भ, प्रथम करण : गर (07:06 तक), द्वितीय करण : वणिज (20:18 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कन्या, चंद्र : तुला, मंगल : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कन्या (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) कौन-सा एंजाइम ग्लूकोज तथा फ्रक्टोज दोनों को एथेनॉल में परिवर्तित करता है?

2) पोरस ने सिंकदर को कड़ी चुनौती दी थी, उसका अधिकार क्षेत्र वर्तमान भारत के किस हिस्से को माना जाता है?

3) कौन सा संविधान संशोधन लघु संविधान भी कहा जाता है?

4) वृक्षों के छालों पर उगने वाले कवक का नाम क्या है?

5) हाल ही में समाचारों में देखा गया होमोसेप एटम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जाइमेज (2) झेलम और चिनाब नदी के इलाके को (3) 42वाँ (4) लाइकेन्स (5) [illegible]

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -181

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 180 का हल

■ न्यूज गैलरी

भाजपा ने भूपेश बघेल और चैतन्य बघेल पर साधा निशाना

रायपुर /नवप्रदेश। भाजपा ने एक बार फिर से कांग्रेस के खिलाफ कार्टून पोस्ट किया है। अबकी बार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ उनके बेटे चैतन्य बघेल के जरिए निशाना साधा है। दोनों पर तंज कसते हुए लिखा है, वोट चोर और नोट चोर। भाजपा नेता केदार गुप्ता ने इस पर कहा कि देखिए कांग्रेस का चरित्र उजागर हो गया है। चोरी नहीं डकैती की है वोट की। पेटियां लेकर भाग जाते थे। अब बीजेपी की सरकार है, ये लोग नहीं बचेंगे। एनजीओ घोटाले को लेकर भाजपा नेता केदार गुप्ता ने कहा कि निश्चित रूप से निशक्त जनों की राशि पर बंदरबाँट किया गया है। आईएएस अधिकारी पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। हाईकोर्ट ने यदि कहा है तो शर्मनाक बात है। अधिकारियों को तो सरेंडर कर जांच में साथ देना चाहिए।

रेल्वे स्टेशन पर लगी 1500 किलो वजनी मां दुर्गा की रेल्वे स्क्रैप से बनी 10 फीट ऊंची प्रतिमा

रायपुर /नवप्रदेश। रेल कर्मियों ने बनाई माँ दुर्गा की प्रतिमा, यह प्रतिमा रेल्वे के व्यर्थ पड़े लोहे से बनाई गई है जो 10 फीट ऊंची है, जिसका वजन

लगभग 1500 किलो है जिसे अभी रायपुर रेल्वे स्टेशन में 2 अक्टूबर तक प्रदर्शनी हेतु रखा गया है। रेल्वे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत डेढ़ टन वजन इस कलाकृति को मात्र 4,5 दिनों में रेल्वे के कलाकार अशोक देवांगन ने अपने 5,6 रेल्वे कर्मियों के साथ मिलकर बनाया है । देवांगन इससे पहले रेल्वे के स्क्रैप से गणेश जी ,बुद्ध, गेट वे ऑफ इंडिया, इंडिया गेट, ताजमहल, कुतुबमीनार और भी सैकड़ों कलाकृतियाँ बना चुके हैं ।वर्तमान में रेल्वे के व्यर्थ स्क्रैप से बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी रायपुर रेल्वे स्टेशन पर 2 अक्टूबर तक लगी रहेगी। माँ दुर्गा के प्रतिमा निर्माण में सेक्शन इंजीनियर समीर श्रीवास्तव, कीर्ति वर्मा, रेल्वे कर्मी पुरुषोत्तम केवर , खूबी राम यादव, दिलीप विश्वकर्मा, गजाधर साहू, मुकेश कुमार,अरुण, रमन राव, इन सभी लोगों का विशेष योगदान रहा।

आंगनबाड़ी एवं शासकीय स्कूलों में बच्चों की नि :शुल्क हृदय जांच

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत जिले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा श्री सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से आज आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 07 शहीद नगर, बिरगांव में 34 बच्चों की जांच की गई। जिसमें 16 छात्र एवं 18 छात्राएं शामिल रहीं, जिसमें 01 बच्चा सस्पेक्टेड मिला, इस बच्चे को आगे की जांच एवं परिक्षण के लिए श्री सत्य साई हॉस्पिटल नवा रायपुर रेफर किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 08 नागेश्वर नगर बिरगांव में 18 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 05 छात्र एवं 13 छात्राएं शामिल रहे तथा कोई भी बच्चा सस्पेक्टेड नहीं मिला। शिविर के दौरान बच्चों की जांच तेज धड़कन, वजन न बढ़ना, शरीर में नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ, तथा स्तनपान के समय पसीना आने जैसे लक्षणों के आधार पर की गई।

कोयला पर कंपनसेशन सेस खत्म, वित्त मंत्री चौधरी का बयान

कोयला खनन रायल्टी का छग को होगा सीधा फायदा : मंत्री चौधरी

रायपुर/ नवप्रदेश। जीएसटी0.2 में कोयले पर कंपनसेशन सेस खत्म हो गया है। इस पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि कोयला खनन रॉयल्टी से अब छत्तीसगढ़ को सीधा फायदा होगा। कोरोना काल में लिया कर्ज सेस से चुकाया जा रहा था, अब जीएसटी में सेस के मर्ज होने से राहत मिलेगी। कोयला खपत पर 50प्र. हिस्सा छत्तीसगढ़ को और 50प्र. केंद्र को मिलेगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जीएसटी चोरी पर गुटखा कारोबारी पर

कार्रवाई को लेकर कहा कि ऑर्गनाइज टैक्स चोरी के मामले में हमारी सरकार सख्त है। छोटे-मोटे मामले में हमारा रवैया सहयोगात्मक है। अगर कोई अधिकारी-कर्मचारी भी गड़बड़ी करता है, तो उस पर भी कार्रवाई होगी।

वहीं विपक्ष के जीएसटी रिफॉर्म के बावजूद कई सामानों के दाम पहले की तरह ही होने के आरोपों पर वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से बहुत फायदा है. लगातार बड़े कदम उठाये जा रहे हैं. विपक्ष जीएसटी काउंसिल के भीतर दर कम करने का विरोध करती थी, राज्यों के रेवेन्यू पर हाय तौबा मचाते हैं, और बाहर में दाम कम नहीं हुआ, ऐसा कहकर कांग्रेस लोगों को बरगलाती है।

अस्पतालों की दुर्दशा को सुधारने सरकार ध्यान क्यों नहीं दे रही?

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था चरमरा गई है। सरकारी अस्पताल कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। भाजपा के संरक्षण दवा माफिया, नकली दवाइयां, नकली चिकित्सकीय उपकरणों की सप्लाई कर रहे हैं। सरकारी खजाने को चोट पहुंचा रही हैं। मरीजों के जान के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री को फुर्सत नहीं है कि सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को सुधारने में ध्यान दें। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए जिला चिकित्सालयों को निजी अस्पतालों की तरह सुविधाओं से सुसज्जित किया गया था। उच्च स्तरीय बीमारी जांच वाली लैब, जैविक लैब, सीटी स्कैन मशीन, एक्सरे मशीन, ऑक्सीजन की सुविधा, सुव्यवस्थित बिस्तर की सुविधा, वेंटिलेटर, डायलिसिस मशीन, कैंसर मरीजो के लिए कीमो की सुविधा, गंभीर बीमारी के इलाज के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति गंभीर बीमारी के इलाज में लगने वाली दवाइयां की व्यवस्था एंबुलेंस की सुविधा सहित सभी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी, भाजपा सरकार के 21 महीने में कुप्रबंधन के चलते इस सारी सुविधाएं अस्त-व्यस्त हो गई है जिसका खामियाजा सरकारी अस्पतालों में ईलाज कराने वाले भुगतना पड़ रहा है।

जांच के लिए सीडब्ल्यूसी को किया निर्देशित

छात्रा को टीचर ने अगरबत्ती से दागा बाल संरक्षण आयोग ने लिया संज्ञान

रायपुर /नवप्रदेश। राज्य बाल संरक्षण आयोग ने स्कूल में अध्ययनरत बच्ची को टीचर के अगरबत्ती से दागने वाले मामले में संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने घटना की जानकारी मिलते ही राज्य बाल संरक्षण समिति को तत्काल जांच के लिए निर्देशित करते हुए दो दिन में रिपोर्ट सौंपने के लिए निर्देशित किया है। सुंदर नगर स्थित कृष्णा किड्स एकेडमी में घटित घटना को लेकर राज्य बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि राज्य बाल संरक्षण परिषद की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. अगर जरूरत होगी तो आयोग इसमें कार्रवाई भी करेगा. मामले में जिला शिक्षा अधिकारी को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

बता दें कि रायपुर के सुंदर

नगर स्थित कृष्णा किड्स एकेडमी में एक महिला टीचर पर 6 साल की बच्ची को अगरबत्ती से जलाने का गंभीर आरोप लगा है. परिजनों की शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से आरोपी टीचर को नौकरी से निकाल दिया है. लेकिन परिजनों की मांग है कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए. वहीं इस मामले के शिकायत मिलने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचे थे।

अधिकारियों ने बच्ची से पूछताछ की तो उसने बताया कि टीचर ने चेहरे पर अगरबत्ती से जलाया. वहीं दूसरी बच्ची ने बताया कि उसे भी उसी टीचर ने मारा था. अधिकारियों का कहना है कि बच्ची की उम्र बहुत कम होने की वजह से वह ज्यादा जानकारी नहीं दे पाई. फिलहाल, जांच की जा रही है।

परिजनों ने लगाया आरोप

बच्ची के पिता ने बताया कि केजी-2 में पढ़ने वाली उनकी 6 साल की बेटी के साथ 17-18 सितंबर को यह घटना हुई, जिसके बाद से वह बुरी तरह डरी हुई है. दूसरे पेरेंट्स ने भी आरोप लगाया कि उनकी बच्ची को उसी आरोपी टीचर ने थप्पड़ मारा था, जिससे चार-पांच दिनों तक उसके दांत में दर्द रहा. बच्ची डर के मारे स्कूल जाने से घबरा रही थी।

स्कूल प्रबंधन का पक्ष

इस मामले में स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बच्ची के साथ मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई है. स्कूल परिसर में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और बाल विभाग की टीम ने फुटेज भी देखी है. फिलहाल, मामला जांच का विषय है. प्रबंधन ने बताया कि बच्चों के परिजनों के दबाव के कारण आरोपी टीचर को नौकरी से हटा दिया गया है।

ऑयल फैक्ट्री में लगी आग क्षेत्र में मची अफरा-तफरी

धरसीवा/नवप्रदेश। सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र के फेस वन में स्थित टायर जलाकर ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। करीब आधा दर्जन दमकल की गाड़ी आग बुझाने में लगी है, लेकिन आग बार-बार भड़कती जा रही है। इसके चलते आसमान में दो-तीन किलोमीटर तक धुंआ ही धुंआ नजर आ रहा है।

खास बात यह है कि इसी फैक्ट्री के पीछे सड़क के दूसरी ओर कुछ ही दूरी पर आईओसी का वाटलिंग रिफिलिंग प्लांट भी है, जहां घरेलू और कामर्शियल सिलेंडरों में गैस रिफिल होती है। कैप्सूल टैंकरों से गैस यहां आती है। बावजूद इसके आखिर कैसे टायर जलाकर ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री को यहां अनुमति मिली है, यह समझ से परे है।

फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों के मुताबिक फैक्ट्री में सुबह आग लगी है। फैक्ट्री में आग बुझाने फायर सिस्टम नहीं है। पानी से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं बुझी। वहीं दूसरी ओर इस क्षेत्र में टायर जलाकर ऑयल बनाने वाली करीब आधा दर्जन फैक्ट्रियों के कारण लोगों का सांस लेना भी मुश्किल है, क्योंकि टायर जलाकर ऑयल बनाने के दौरान आसपास के दर्जनभर गांवों तक इसकी दुर्गंध से लोग परेशान हैं।

कलिंगा विवि में चित्रकला प्रतियोगिता के साथ विश्व ओजोन दिवस मनाया

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व ओजोन दिवस 2025 मनाने के लिए, ग्रीन क्लब और प्राणी विज्ञान विभाग, कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड के सहयोग से ओजोन परत की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया।

नया रायपुर के छह सरकारी और निजी स्कूलों के कुल 150 छात्रों के साथ-साथ कलिंगा विश्वविद्यालय के यूजी/पीजी छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। भाग लेने वाले स्कूल (केन्द्रीय विद्यालय-सेक्टर-30, क्रिस्टल हाउस स्कूल, सरकारी स्कूल- पलौद, सरकारी स्कूल- राखी, सरकारी स्कूल- तांदुल, सरकारी स्कूल- कुहेरा)। विद्यार्थियों ने ड्राइंग और पेंटिंग में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया तथा ओजोन क्षरण की अवधारणा, इसके कारणों और संभावित प्रभावों से संबंधित चित्र बनाए। उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति में पर्यावरण के प्रति चिंता के साथ-

साथ ओजोन परत की सुरक्षा के समाधान भी प्रतिबिंबित थे।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहां सीईसीबी के जनसंपर्क अधिकारी अमर प्रकाश सावंत ने विजेताओं को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा टिकाऊ जीवन के महत्व पर जोर दिया। छात्र वर्ग में प्रथम पुरस्कार क्रिस्टल हाउस स्कूल ने जीता, जबकि दूसरा और तीसरा पुरस्कार क्रमशः केन्द्रीय विद्यालय (नया रायपुर) और शासकीय हाई स्कूल, राखी को मिला। इसके अतिरिक्त, युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पांच सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

कलिंगा विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. मनोज सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया, जिन्होंने सीईसीबी के सहयोग को स्वीकार किया और छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। इस समारोह ने न केवल छात्रों की रचनात्मक क्षमताओं को उजागर किया, बल्कि एक स्थायी भविष्य के लिए ओजोन परत की सुरक्षा में समाज की सामूहिक जिम्मेदारी को भी मजबूत किया।

संगठनात्मक मजबूती के लिए किए जाएंगे पार्टी में अहम बदलाव : अमित पठानिया

■ **भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ युकां का होगा बड़ा आंदोलन**

रायपुर/नवप्रदेश। आज छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव अमित पठानिया द्वारा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संगठन की मजबूती, भविष्य की रणनीति एवं भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी। प्रभारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस का संगठन निरंतर सक्रिय और सशक्त भूमिका में है। लेकिन बदलते हालात में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है, जिसके लिए कई अहम बदलाव किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा जनता को ठगने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि बढ़ती बिजली बिल को लेकर युवा कांग्रेस चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी।

निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की

- लगातार संगठनात्मक दौरे - प्रभारी नियुक्त होने के बाद लगातार 9 दिनों तक प्रदेश का दौरा किया गया। इस दौरान हुई 11 घंटे लंबी बैठक में संगठन की दिशा और रणनीति पर गहन चर्चा हुई।
- वोटर अधिकार यात्रा में सहभागिता -सचिन पायलट के नेतृत्व में आयोजित यात्रा में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।
- जिला एवं ब्लॉक स्तर की बैठकें-रायपुर ग्रामीण एवं शहर जिला कार्यकारिणी की बैठकों में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।
- संगठनात्मक बदलाव और नई नियुक्तियाँ - सक्रिय न रहने वाले पदाधिकारियों को पदमुक्त किया जाएगा, वहीं नए साथियों को शामिल किया जाएगा। एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग और चुनाव जीतने वाले साथियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- वोट चोरी का खुलासा -बूथ स्तर की जांच में गड़बड़ियों का खुलासा हुआ है। भाजपा के कारनामों को जनता के सामने रखा जाएगा।
- बिजली बिलों में बढ़ोतरी का मुद्दा- जनता पर 2 से 3 गुना ज्यादा बिल का बोझ डाला जा रहा है। इसके खिलाफ आंदोलन छेड़ा जाएगा।
- भ्रष्टाचार पर दोहरा रवैया - BJYM प्रदेश अध्यक्ष पर आरोपों के बावजूद कार्यवाही नहीं हुई, जबकि युवा कांग्रेस के नेताओं पर भ्रष्टाचार उजागर करने पर एफआईआर दर्ज की गई।

कपड़े, जूट के बैग्स, फाइल फोल्डर, रोजमर्रा में काम आने वाली वस्तुएं

मैग्नेटो मॉल में बाजार हमारे सपनों का, शानदार आगाज

■ **चेम्बर महिला विंग एवं अविनाश ग्रुप का संयुक्त आयोजन**

रायपुर /नवप्रदेश। मैग्नेटो मॉल में बाजार हमारे सपनों का, का शानदार आगाज हो चुका है चूंकि आज सुबह से इंद्र देवता भी मेहरबान है इतनी बारिश इतना पानी होने के बाद भी हमारी व्यापारी बहनों का उत्साह कम नहीं हुआ उनका बाजार लगाने का जज्बा देखते ही बनता है सारी महिलाऐं अपनी पूरी तैयारी के साथ नियत समय पर मैग्नेटो मॉल पहुंचकर अपना बाजार सजा चुकी थी इतनी बारिश के बाद भी उनके चेहरे की रौनक उनका उत्साह कम नहीं हुआ और उस पर सोने पर सुहागा ही रहा की बारिश लोगों के बढ़ते कदमों को नहीं रोक पाई और आम जनता भी आंगन बाज़ार का आनंद लेने के लिए मैग्नेटो मॉल पहुंचती जा रही है लोग अपनी पसंद की खरीदारी कर रहे हैं और बहुत अच्छा परिणाम बाजार लगाने वाली महिलाओं को मिल रहा है। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि समाज के विकास की बुनियाद है। इसी सोच के साथ हमने इन प्रतिभाशाली महिलाओं को मैग्नेटो मॉल में बिना किसी शुल्क के स्टॉल उपलब्ध कराए हैं, ताकि वे अपनी मेहनत और लगन से बनाए गए उत्पादों को लोगों तक पहुँचा सकें। यह सिर्फ एक बाजार नहीं है, बल्कि महिला उद्यमियों के सपनों को पंख देने की एक शुरुआत है। मैं सभी लोगों से अनुरोध करता हूँ कि वे यहाँ आएं, इन महिलाओं का हौसला बढ़ाएं और उनके

आत्मनिर्भर बनने के सफर में अपना योगदान दें।

महिला चेंबर अध्यक्ष डॉ. इला गुप्ता ने कहा कि आज का यह दिन हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक पल है। श्हमारे सपनों के आंगनश् बाजार का शुभारंभ करते हुए मुझे बेहद गर्व महसूस हो रहा है। यह सिर्फ एक बाजार नहीं, बल्कि उन सभी महिला उद्यमियों के सपनों को साकार करने का एक मंच है, जो अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती हैं। हमने महसूस किया कि कई महिलाओं के पास प्रतिभा और उत्कृष्ट उत्पाद हैं, लेकिन उन्हें सही प्लेटफॉर्म नहीं मिल पाता। इसीलिए, महिला चेंबर ने यह पहल की है और इन महिलाओं को मैग्नेटो मॉल में निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए हैं। हम चाहते हैं कि वे बिना किसी आर्थिक चिंता के अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकें। बाजार में हर प्रकार की वस्तुएं उपलब्ध है कपड़े, जूट के बैग्स , फाइल फोल्डर, रोजमर्रा में काम आने वाली वस्तुएं , हर चीज आपको इस बाजार में देखने को मिल जाएगी। महिला चैंबर की अध्यक्ष डॉईला गुप्ता ने सुबह से पहुंचकर पहले जगह का निरीक्षण किया फिर सभी बाजार लगाने वाली महिलाओं को बैच पहना कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

भाजपा घर-घर जाकर पूछे बिजली बिल बढ़ने से कितना नुकसान हुआ

रायपुर/ नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा बाजारों में घूमकर जनता से जीएसटी राहत पर कितना फायदा हुआ पूछना बेशर्मी की पराकाष्ठा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 8 साल तक बेतहाशा जीएसटी लगाकर जनता को लूटा अब पूछ रहे कि कितना फायदा हुआ, जनता को यह भी बताये कि 8 साल में कितना लूटा। आंकड़े बताते है कि एक व्यक्ति जिसने साल में 3 लाख रू. खर्च किया है उसमें मोदी सरकार ने वर्तमान छूट के आधार पर लगभग 50 हजार रू. सालाना अतिरिक्त लूटा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इस माह प्रदेश की जनता का बिजली बिल बढ़ा हुआ आया है। भारतीय जनता पार्टी के नेता घर-घर जाकर जनता से यह भी पूछने का साहस दिखाये कि इस बढ़े हुए बिजली बिल के कारण उनका कितना नुकसान हुआ है? कितना बिल बढ़ कर आया है। जीएसटी छूट के जो फायदे बताए जा रहे है उसके अनुसार एक मध्यमवर्गीय व्यक्ति को महीने में 135 रू. का फायदा मिलेगा।

मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

नवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना

रामानुजगंज। छत्तीसगढ़ के सीमा पर स्थित कन्हर नदी के तट पर स्थित मां महामाया मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इस मंदिर की मान्यता न केवल क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के बीच, बल्कि दूसरे राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं में भी गहरी है। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन से ही यहां भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। विशेषकर इस समय नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के द्वारा मंदिर में गुंबज निर्माण सहित अन्य कार्य कराए गए हैं।

नवरात्रि के दौरान बढ़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवरात्रि के दौरान यहां पूजा और अर्चना का विशेष महत्व है। श्रद्धालु पूरे दिल से मां महामाया से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। मंदिर में हर वर्ष विशेष पूजा आयोजनों का आयोजन किया जाता है, जिसमें सैकड़ों भक्त हिस्सा लेते हैं और इस दौरान भक्तों का आस्था और विश्वास और भी प्रगाढ़ हो जाता है।

रामानुजगंज के इस पवित्र स्थल पर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और यहां की आस्था का केंद्र बन चुका मां महामाया मंदिर निश्चित रूप से हर व्यक्ति के दिल में अपनी विशेष जगह बनाए हुए है।

मंदिर का इतिहास और महत्व

मां महामाया मंदिर का इतिहास 1935 से जुड़ा हुआ है, जब सरगुजा स्टेट के तात्कालिक महाराज रामानुज शरण सिंह देव ने इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा बड़े धूमधाम से कराई थी। यह मंदिर क्षेत्र का एकमात्र देवी मंदिर था और समय के साथ यहां श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती गई। आज भी यहां हर दिन श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पूजा अर्चना करते हैं, और यहां यह मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से अपनी इच्छा मां महामाया से मांगता है, उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। इस बात के कई उदाहरण भी सामने आए हैं, जिनमें श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी हुई हैं।

मंदिर परिसर में अन्य देवी-देवताओं के मंदिर

मां महामाया मंदिर में महामाया मां की सिद्ध पीठ अलौकिक मूर्ति स्थापित है। इसके अलावा, यहां अन्य देवी-देवताओं के भी मंदिर हैं, जिनमें शीतला माता, काली माता, संतोषी माता, दक्षिणमुखी हनुमान जी, माता सती और शंकर जी के मंदिर प्रमुख हैं। इन मंदिरों में भी श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और आस्था व्यक्त करने के लिए नियमित रूप से पूजा अर्चना करते हैं।

मंदिर में पूजा अर्चना का पारंपरिक आयोजन

मंदिर में पूजा अर्चना की परंपरा स्वर्गीय केदारनाथ पांडे और उनकी तीन पीढ़ियों द्वारा निभाई जाती रही है। स्वर्गीय केदारनाथ पांडे ने लगभग चार दशकों तक मंदिर में पूजा अर्चना की थी। उनके बाद उनके पुत्र नंदलाल पांडे और अब उनके पोते जितेंद्र पांडे पूजा अर्चना की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यह परंपरा न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि एक ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्व रखती है।

भूतपूर्व छात्रों का मिलन समारोह...

अंतागढ़/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह के अवसर पर शासकीय लालकालीद सिंह महाविद्यालय अंतर्गत में भूतपूर्व छात्रों का सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रमेश कुमार दरों के मार्गदर्शन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भूतपूर्व छात्रों द्वारा अपने अनुभव साजा किये गए तथा नवीन छात्र-छात्राओं को आगामी भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किये ।

भूतपूर्व छात्रों में कुमारी अंजू कश्यप , शहनाज बानो , संदीप कवडे , पीकेश कुमार ,चंद्रकांत कोरेटी , कुमारी खिलेश्वरी , कुमारी अमेरिका पोटाई , तथा कुमारी हितेश्वरी दुगा उपस्थित रहे । समारोह में प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए ।

इस सम्मान समारोह में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री प्रशांत कुमार रंगारी , श्री रोशन कुमार केमरों ,श्री बहादुर नेताम , श्री सचिन कुमार कौशिक, डॉक्टर सुजीत कुमार यादव , श्री धर्मेंद्र कुमार , डॉक्टर लुमेश्वरी साहू व सुश्री निधि नेताम तथा समस्त कार्यालय सदस्य श्री महेंद्र चौबे , श्री कैलाश चंद्र सोम , श्री डी . आर . नाग , श्री टिकेश्वर जैन एवं राकेश्वरी पटेल उपस्थित रहे ।

कोदागांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई

कांकेर/ नवप्रदेश। गुरुवार को धनेलीकन्हार मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदागांव में भाजपा के संस्थापक पं दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती के अवसर पर शक्ति केंद्र कोदा गांव में मनाया गया, उनके जन्मदिन के अवसर पर स्वाछच्ता अभियान चलाया गया।उनके छायाचित्र पर पुजा अर्चना कर माल्यार्पण कर याद किया गया।कार्यक्रम में पंचूराम नायक पूर्व मंडल अध्यक्ष सभापति सहकारिता व उधोग जनपद पंचायत कांकेर चुमेश पटेल साइबर सेल अवधेश पटेल मनोज भुसखरे यादराम साहू होम लाल साहू,विमल,सुगुट पिद्दा,दिपक,बनवासा आरदे किरन पटेल कलेन्दी आरदे निषाद बिहारी किशोर दिपक आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

आत्मा योजनांतर्गत किसानों को मछली बीज का वितरण

कांकेर/ नवप्रदेश। विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम कोड़रूंज में आत्मा योजनांतर्गत कृषि के संवर्गीय विभाग मत्स्यविभाग से समन्वय स्थापित कर मछली पालन के इच्छुक कृषकों को विकासखंड कोयलीबेडा से मछली बीज विकासखंड दुर्गूकोंदल के कृषकों को प्रदान किया गया है।जिसे ग्राम कोड़रूंज में कृषक केशो राम जाड़े राजूराम अंकलराम जाड़े चैतराम चैतुराम परशुराम श्रीमती जुगरी बाई कृषकों को 5 किलो ग्राम प्रति कृषक मछली बीज वितरण कर मछली (रोहू कतला मृगल) को शाम 6:30 बजे तालाब में डलवाया गया जिसमें उपस्थित विश्वदेव बंजारा ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर बलवंत बघेल असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर सोनू जाड़े कृषक मित्र) एवं कृषक बंधु उपस्थित हुए।

कार्यस्थल पर आंतरिक शिकायत समिति बनाना अनिवार्य, नहीं तो लगेगा जुर्माना

जगदलपुर/ नवप्रदेश। कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया है कि अब जिले की सभी दुकानों, शो-रूम, अस्पतालों, स्कूलों, बैंकों, एनजीओ और ट्रस्टों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य रूप से किया जाना है। यदि 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले किसी भी संस्थान ने यह समिति गठित नहीं की तो उस पर राशि 50 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा।श्रम पदाधिकारी भुपेन्द्र नायक ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर हरिस एस. के मार्गदर्शन में जिले के संस्थानों में कार्यरत कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए श्रम विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा जिले के सभी निजी संस्थानों का सर्वे किये जाने हेतु दल का गठन किया गया है। साथ ही यह आदेश महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चत करने की दिशा में बड़ा कदम है श्रम पदाधिकारी ने सभी संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे शीघ्र ही आंतरिक समिति गठित करें, जिन संस्थानों में समिति नहीं मिलेगी, उन पर कार्यवाही की जावेगी।

खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पंजीयन 20 अक्टूबर तक

कांकेर/ नवप्रदेश।बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने और बस्तर क्षेत्र की जनता का शासन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के समस्त जिलों में 'बस्तर ओलम्पिक 2025' खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जूनियर वर्ग 14 से 17 वर्ष (बालक-बालिका) एवं सीनियर वर्ग में (महिला-पुरूष) आयुबंधन नहीं है। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली सदस्यों को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें सीधे संभाग स्तर पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 20 अक्टूबर 2025 तक पंजीयन किया जाएगा।जिला कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय कांकेर में व्यापक रूप से बस्तर ओलंपिक 2025 का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इसके सफ्ल आयोजन के लिए सभी स्तर पर कमेटी का गठन किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला स्तर पर कलेक्टर एवं संभाग स्तर पर कमिश्नर अध्यक्ष होंगे।उन्होंने बताया कि पंजीयन विकासखण्ड में जनपद पंचायत, कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला में कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, इण्डोर स्टेडियम भवन, कांकेर, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर एवं संभाग में ऑनलाईन एवं ऑफ्लाइन किया जाएगा।

बाढ़ में फंसे आतुरगांव व सिंगारभाट के ग्रामीणों को रेस्क्यू कर बचाया

- बाढ़ आपदा प्रबंधन के तहत बचाव राहत हेतु नगर सैनिकों ने किया 'मॉक ड्रिल'
- मवेशियों की भी बचाई गई जान

उत्तर बस्तर कांकेर। होमगार्ड के सैनिक आज सुबह सिंगारभाट के जिला सेनानी कार्यालय परिसर में ग्राम आतुरगांव व सिंगारभाट के बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को फौरी तौर पर रेस्क्यू करते हुए उनकी जान बचाई। साथ ही बाढ़ की चपेट में आए गाय-बकरियों को भी तात्कालिक रूप से बचाते हुए उन्हें सुरक्षित स्थान पर लाया गया। इस दौरान प्रशिक्षित नगर सैनिकों ने पानी में डूबते हुए ग्रामीण, बाढ़ के चलते पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचाते हुए युवक तथा दूसरे छोर पर फंसे ग्रामीणों की जान बचाई।

यह दृश्य जिला कार्यालय से लगे ग्राम सिंगारभाट के जिला सेनानी कार्यालय परिसर में आज सुबह देखने को मिला, जब नगर सैनिकों ने आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले आपदा प्रबंधन और बचाव कार्य का मॉक ड्रिल (काल्पनिक दृश्य) किया। भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु के दौरान प्राकृतिक आपदा एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों को बचाने व राहत दिलाने के लिए उक्त मॉक ड्रिल संबंधित विभागों के परस्पर समन्वय से किया गया।

इस दौरान नगर सैनिक के जवानों ने बचाव कार्य के लिए क्रमशः बोट को प्रभावित क्षेत्र में लेकर जाना, उसमें सभी प्रकार के आवश्यक उपकरण रखना, फिर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जाकर रेस्क्यू ऑपरेशन कराते हुए पीड़ित ग्रामीणों को लाइफ जैकेट पहनाकर सुरक्षित ढंग से लाने का प्रदर्शन किया। इसके अलावा मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ में फंसे गाय, बैल एवं बकरियों को सुरक्षित ढंग से बाहर निकालने का भी प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात बाढ़ में जलभराव के चलते भवन में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर सीढ़ी के माध्यम से बाहर लाने का लाइव डेमो किया गया। इसके बाद प्रभावित लोगों का तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण मेडिकल टीम द्वारा किया गया तथा आवश्यकतानुसार उन्हें एम्बुलेंस के जरिए समीप के स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाने का प्रदर्शन किया गया।

इसके उपरांत नंदनमारा पुल के समीप रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों का मार्ग डायवर्ट करने और राहत प्रबंधन का प्रदर्शन नगर सैनिकों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, जिला सेनानी, जल संसाधन, वन, जनसम्पर्क, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, पुलिस, पशु चिकित्सा, विद्युत, खाद्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, दूरसंचार, परिवहन, नगरीय निकाय, कोष एवं लेखा, कृषि तथा एनसीसी के कैडेटस् आदि संपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन की प्रक्रिया से अवगत हुए तथा विभागीय दायित्वों के संबंध में मौके पर उन्हें जानकारी दी गई। इस दौरान एडिशनल एसपी श्री दिनेश कुमार सिन्हा, एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर नोडल अधिकारी श्रीमती सरस्वती बंजारे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बचाव कार्य में प्रयुक्त उपकरणों का किया गया प्रदर्शन

मॉक ड्रिल के दौरान नगर सैनिकों के द्वारा बाढ़ प्रबंधन एवं बचाव कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों एवं उनकी उपयोगिता का भी प्रदर्शन किया गया। इनमें एल्युमिनियम बोट, ओबीएम, एचडीपीई लाइफ बोट, लाइफ जैकेट, सर्चिंग लाइट, मनीला रोप, नायलोन रोप, रबर दस्ताने, कटिंग प्लायर, तारपोलिन शीट, चप्पू, लोहा कांटा, कंबल, फर्स्ट एड बॉक्स, ओबीएम स्टैण्ड, लाइफ बोट ट्रॉली तथा माइक इत्यादि शामिल थे।

स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार, जीवनशैली सुधार पर जोर

कोरिया/ जिले के ग्राम मनसुख में आज आदि कर्मयोगी अभियान, स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान और पोषक माह अभियान के अंतर्गत आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य, पोषण और जीवनशैली सुधार के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आयुष प्रणाली के माध्यम से स्थानीय लोगों को सशक्त बनाना था। शिविर में ग्रामवासियों को आयुष चिकित्सा से संबंधित जानकारी दी गई और उनकी स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम में शामिल अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को संतुलित आहार, पोषण और दैनिक जीवन में स्वास्थ्य सुधार के उपाय समझाए।साथ ही, सियान-जतन कार्यक्रम के तहत जिले की सभी आयुष संस्थाओं में समान कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस पहल के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य जांच और जागरूकता बढ़ी, बल्कि ग्रामीण समुदाय में आयुष आधारित प्राकृतिक और सुरक्षित उपचार विधियों के महत्व को भी उजागर किया गया।ग्राम मनसुख में योगाभ्यास सत्र भी आयोजित किया गया ।जिसमें ग्रामीणों ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए विभिन्न योगाभ्यास किए।

ग्रामीणों ने अधूरे कार्यों को पूर्ण करने की मांग की

अंतागढ़ / नवप्रदेश। अंतागढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम सुरेवाही ग्राम पंचायत के ग्रामीण आज अंतागढ़ एसडीएम कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमे पंचायत में अधूरे पड़े कार्यों को पूर्ण करने की मांग किया गया है।ग्रामीणों ने बताया की सुरेवाहि पंचायत के नवा गावड़ेगांव में सन 2022,23 में पुलिया स्वीकृति हुई थी। जिसका साढ़े आठ लाख रु राशि आहरण भी किया गया है जिसके बाद भी कार्य अपूर्ण पड़ा हुआ है। साथ ही 21,22 में गोटूल भवन की भी स्वीकृति होने के बाद भी कार्य नही हो पाया है,जिसका जांच करने के साथ ही जल्द पूर्ण करने की मांग ग्रामीणों ने किया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया

अंतागढ़ / नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शहीद राजेश पवार शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतागढ़ के द्वारा 24 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं लक्ष्य गीत के साथ किया गया। अतिथियों के स्वागत उपरांत कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र कुमार साहू के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना एवं उद्देश्य के विषय में बताया गया तदुपरांत वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती शर्मिला रानी कुमार एवं मोहिंदर सिंह जुर्री ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं शिक्षा के द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन करने हेतु स्वयंसेवकों को प्रेरित किया ।कार्यक्रम में स्वयंसेवको ने गीत, कविता आदि के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए । प्राचार्य श्री चंदन सिंह ठाकुर ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मंच संचालन महादलनायिका कुमारी चंचल समरथ एवं कुमारी नीतू पटेल के द्वारा किया गया।

प्रथम पेज का शेष

गरीबों के लिए काम कर रही सरकार : साय

एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष, महान विचारक और समाज सुधारक पं. दीनदयाल उपाध्याय को हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की प्रेरणा पहुंचाई। उनका जीवन और दर्शन आज भी हमें सशक्त, समावेशी और सर्वजन हितैषी समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे पीएम मोदी की तारीफकरते हुए कहा कि वे भी गरीबों के लिए काम कर रहे हैं और राज्य की सरकार भी लगातार गरीबों के हक के लिए काम कर रही है। पीएम मोदी के मेक इन इंडिया अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण शक्ति बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्ष पूर्व 'मेक इन इंडिया' जैसे दूरदर्शी अभियान की शुरुआत की थी। आज यह अभियान अपने सफ्लतम 11 वर्ष पूर्ण करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति दे रहा है और विकसित भारत के निर्माण में मजबूत नींव बन रहा है। पीएम मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण देश आज वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित हुआ है और आयात पर निर्भरता खत्म करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स, फ़ार्मा, रक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में वैश्विक नेतृत्व कर रहा है। इस पहल से उद्योगों को प्रोत्साहन मिला है, और देश में निर्मित वस्तुओं का निर्यात बढ़ा है। साथ ही, यह पहल निवेश बढ़ाने, रोजगार सृजन और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देकर देश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस पहल को जीएसटी रिफॉर्म और स्वदेश अभियान से नई शक्ति मिल रही है। आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना को आकार देने वाले इस दूरदर्शी अभियान के लिए पीएम मोदी का तहे दिल से आभार।

भारत का आत्मनिर्भर बनना जरूरी, रूस हमारा टाइम टेस्टेड पार्टनर : पीएम मोदी- कंपनी है जिसकी स्थापना उत्तर प्रदेश के अमेठी में एके-203 (जिसे भारत में 'शेर' नाम दिया गया है) के स्वदेशी उत्पादन के लिए की गई है। एके-203 राइफ्लें, एके-47 और एके-56 राइफ्लों की तुलना में काफी आधुनिक हैं। ये कलाश्निकोव सीरीज की सबसे घातक राइफ्लों में से एक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि अब भारतीयों का मानना है कि स्वदेशी उत्पाद बेहतर, उपयोगकर्ता-अनुकूल और टिकाऊ होते जा रहे हैं। इस कारण गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए और देश को आत्मनिर्भर बनना होगा। जैसे ही प्रधानमंत्री मेगा ट्रेड शो का उद्घाटन करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, उन्होंने प्रदर्शनी क्षेत्र का दौरा किया और विभिन्न क्षेत्रों में अगली पीढ़ी के इनोवेशन को देखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित इस मेगा इवेंट का तीसरा संस्करण 25 से 29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राज्य की औद्योगिक, कृषि, सांस्कृतिक और इनोवेशन क्षमताओं को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। यह आयोजन औद्योगिक प्रगति को प्रदर्शित करने, व्यापार सहयोग को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने पर केंद्रित है। इसमें बिजनेस और इंडस्ट्री लीडर्स, स्टार्टअप, निर्यातक और सरकारी अधिकारी शामिल होंगे। इस व्यापार मेले में 2,400 से अधिक प्रदर्शकों और 1,25,000 बी2बी आगंतुकों के भाग लेने की उम्मीद है।

नेतन्याहू रखेंगे इजरायल, आईडीएफ और अपना सच

डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात में भी छाया रहेगा। द टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, विमान में सवार होने से पहले, नेतन्याहू ने कहा कि वह और ट्रंप गाजा में युद्ध, जून में ईरान के साथ इजरायल के 12-दिवसीय हवाई युद्ध और अन्य सैन्य संघर्षों के परिणामस्वरूप उत्पन्न हालातों पर भी चर्चा करेंगे। इसमें मध्य पूर्व के अन्य देशों के साथ संबंधों में सुधार की संभावना भी शामिल है। नेतन्याहू ने कहा, वाशिंगटन में, मैं चौथी बार राष्ट्रपति ट्रंप से मिलूंगा और उनके साथ हमारी जीत से उत्पन्न महान अवसरों और युद्ध के लक्ष्यों को पूरा करने की जरूरत पर भी चर्चा करूंगा। इजरायली पीएम के मुताबिक इजरायली बंधकों की वापसी, हमास की हार और 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' (ईरान के खिलाफ) की ऐतिहासिक जीत और अन्य जीत के बाद शांति के चक्र को स्थापित करने पर उनका जोर रहेगा। नेतन्याहू 'फिलिस्तीन को मान्यता' वाली बात पर लगातार विभिन्न देशों को घेरते रहे हैं। बुधवार को ही प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने दो टूक कहा कि फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने की श्रृंखलाबद्ध घोषणाएं इजरायल को इसे वास्तविकता बनने देने के लिए बाध्य नहीं करेंगी।

अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड के लिये छग निर्वाचन आयोग नामांकित

टावर में है। यह संस्था संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की सहयोगी है तथा लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अध्ययन, अनुसंधान करती है एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र की मजबूती के लिए विभिन्न सरकारों को सुझाव देती है। अवार्ड वितरण कार्यक्रम 1 अक्टूबर से 4 अक्टूबर 2025 के मध्य बोत्सवाना की राजधानी गेब्रोन में आयोजित होगा। आईसीपीएस ने आयोग के प्रतिनिधियों को समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया है।

आयोग की ओर से सुखनाथ अहिरवार, सचिव तथा आलोक कुमार श्रीवास्तव, उप सचिव को अधिकृत किया गया है। शासन से विदेश प्रवास की अनुमति प्राप्त होने पर वे छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

न्यूज गैलरी

ग्राम पंचायत कुम्हाररास में स्वच्छता श्रमदान का सफल आयोजन

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। ''स्वच्छता ही सेवा 2025'' अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हाररास में आज पर्यटन स्थल कुम्हाररास डेम पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रदीप कुमार पटेल की उपस्थिति में उनके साथ ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित ग्रामवासियों ने डेम परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। श्रमदान में युवाओं, महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस मौके पर ग्राम वासियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है जिसे जन-सहभागिता से ही सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में नियमित योगदान दें।

30 सितंबर को होगी राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक दिनांक 30 सितम्बर 2025 दिन मंगलवार को समय-सीमा बैठक के पश्चात् जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस संबंध में समस्त राजस्व अधिकारी आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। अतः सर्व संबंधितों को सूचित किया गया है कि उक्त बैठक में एजेण्डा अनुसार संपूर्ण जानकारी दिनांक 26 सितम्बर 2025 को समय दोपहर 12 बजे तक हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी राजस्व लेखा शाखा में जमा करें।

रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार व्यवसाय स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेटिरियल असिस्टेंट हिन्दी में प्रशिक्षण सत्र 2025-2026 में प्रशिक्षण कार्य पुर्ण कराने हेतु प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पदों के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता हेतु वांछित योग्यता धारियों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहें हैं। योग्य आवेदक दिनांक 25 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2025 तक स्वयं संस्था में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से अंतिम तिथि को सायं 05 बजे तक अपना आवेदन नोडल संस्था गीदम में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिले के एनआईसी विभागीय वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

दिव्यांगों के लिए 28 सितंबर को लगेगा जिला स्तरीय शिविर

खबर का असर

27 सितंबर को जिले के सातों ब्लॉक में शिविर का आयोजन

कांकेर / नवप्रदेश। उप संचालक समाज कल्याण विभाग में बीते दो साल से निशक्त जनों के शिविर आयोजित नहीं किए जाने की खबर को दैनिक नवप्रदेश ने 09 और 10 सितंबर को बड़ी ही प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। निशक्त जनों के शिविर आयोजित नहीं होने मामले में कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने भी संज्ञान लेते हुए नाराजगी जताई थी और उप संचालक समाज कल्याण विभाग को तत्काल प्रभाव से जनपद स्तरीय एवं ज़िला स्तरीय शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए थे।नवप्रदेश की खबर के बाद अंततः उप संचालक समाज कल्याण विभाग की कुंभकर्णीय नींद टूटी और अब जिला स्तरीय एवं जनपद स्तरीय शिविर आयोजित किया जा रहा है।उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने रजत जयंती वर्ष एंव सेवा पखवाड़ा के अवसर पर कलेक्टर के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग कांकेर द्वारा दिव्यांगजनो हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र/सहायक उपकरण वितरण, कृत्रिम अंग (नकली हाथ पैर हेत) चिन्हांकन शिविर का आयोजन 28 सितंबर 2025 को लाईवलीहुड कालेज परिसर में सुबह 11:00 बजे से आयोजित किया जायेगा । शिविर में प्रमाण पत्र बनाने व यु.ड़ी.आई.डी. कार्ड हेतु पंजीयन एवं कार्ड की छायाप्रति प्रदान किया जायेगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु दिव्यांगता

दो साल से निशक्त जनों का शिवि[र] मामले में विधायक ने लिया संज्ञान

राजपत्रित अधिकारी की जगह बाबू को [प्रभार] देने का मामला ने पकड़ा तूल...

दर्शित पासपोर्ट साइज फोटो 4 नग/आधार कार्ड की छायाप्रति एवं आधार रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर, मेडिकल प्रमाण पत्र की छायाप्रति की आवश्यकता होगी। शिविर में दिव्यांगजनो का प्रमाणीकरण/यु.डी.आई.डी. कार्ड पंजीयन/सहायक उपकरण वितरण/कैलिपर्स हेतु आकलन किया जायेगा इस जिलास्तरीय शिविर में समस्त जनपद/नगर पंचायत से हितग्राही की सहभागीता करना सुनिश्चित करने कहा गया है।

जिले के 07 ब्लॉकों में 27 सितंबर को निशक्त जनों लगेंगेशिविर - कलेक्टर

नवप्रदेश की खबर के बाद कलेक्टर ने उप संचालक समाज कल्याण विभाग को निर्देश देते कहा है कि रजत जयंती वर्ष एंव सेवा पखवाड़ा के अवसर पर जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन 27 सितंबर 2025 को किया जाएगा।इस दौरान जिले के सभी सातो जनपद में पेंशन समाधान शिविर आयोजन 27सितंबर 2025 को निर्धारित स्थानो में किया जा रहा है। उक्त शिविरो के माध्यम से नवीन पेंशन हेतु आवेदन/ह्हह-छ्क्क्ष से छ्क्क्ष/हितग्राहीयो को मोबाईल नंबर का संकलन/आधार सीड़िग/बैंक खाता खोला जाना/आधार कार्ड बनवाना/आधार में सुधार/ छ्स्ष्ट सत्यानप/मृत हितग्राहीयो की जानकारी का संकलन/विभागीय योजनाओ के प्रचार-प्रसार/विवाह प्रोत्साहन/सहायक उपकरण/कैलिपर्स हेतु आवेदन/आंकलॅन एवं वितरण/परिवार सहायता के आवेदन/विवाह प्रोत्साहन के आवेदन लिया जाना आदि का कार्य किया जायेगा। शिविर में दिव्यांगजन वृद्धजन का स्वास्थ्य परीक्षण आंकलन एंव सहायक उपकरण वितरण भी किया जाना है। वृद्धजन के आयुष्मान कार्ड/दिव्यांगजन के बस परिवहन पास हेतु आवेदन/राशन कार्ड बनाये जाने हेतु आवेदन प्राप्त किये जायेगे।उक्त शिविर मे सभी जनपदो के अधिक से अधिक हितग्राही उपस्थित होकर शासन से प्राप्त योजनाओ का लाभ उठाये एवं संबंधित समस्या का समाधान पायेगे।

अतः कृपया उक्त शिविर में अधिक से अधिक हितग्राही शिविर मे उपस्थित होकर विभागीय योजनाओ का लाभ लेकर शिविर का लाभ उठाए।

कोंडागांव नारायणपुर-ओरछा के बीच बंद यात्री बस को चालू कराने कांग्रेस ने किया चक्काजाम

■ **स्वेच्छा से व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान कर चक्काजाम का समर्थन किया**

नारायणपुर / नवप्रदेश। 130 डी नारायणपुर से कोंडागांव को जोड़ने वाला नेशनल हाइवे 130 डी इस समय निर्माणाधीन है, साथ ही नारायणपुर -बारसुर -ओरछा, नारायणपुर अंतागढ़, नारायणपुर - फरसगांव- कांकेर मार्ग जो अन्य जिले को जोड़ने वाली सभी सड़के अत्यधिक जर्जर और गड्ढे मे तब्दील हो चुकी है, जिसमे अभी वर्तमान मे नेशनल हाइवे 130 डी निर्माणधीन है, और इस सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही एवं मनमानी बरती जा रही है। ठेकेदार ने एक ओर से सड़क निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ते हुए पूरी सड़क को खोद दिया है तथा उस पर केवल मिट्टी डाल दी है, जिससे सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर एवं कीचड़युक्त हो गई है। यह मार्ग अब दलदली और असुरक्षित हो गया है, जिससे आम जनता को गंभीर असुविधा एवं दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 15 दिनों से इस मार्ग पर यात्री बसों का संचालन पूर्ण रूप से बंद है, जिससे जिले के ग्रामीण इलाकों के लोग यातायात के अभाव में फंसे हुए हैं। मरीजों, छात्रों, कर्मचारियों व्यापारी बाजार हाट व्यापारी और आम नागरिकों की आवाजाही बाधित हो गई है। नारायणपुर कोंडागांव के बीच बंद बस को चालू करवाने और बस का संचालन सुचारु रूप से हो सके तब तक भारी वाहन को रोकने के लिए गढ़बेंगाल चौक मे जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी शहर कांग्रेस कमेटी के सयुक्त तत्वाधान मे चक्काजाम आंदोलन किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने कांग्रेस कमेटी ने नगर मे घूम घूम कर व्यापारियों से समर्थन माँगा था जिसमे व्यापारियों ने नगर बंद के कर समर्थन दिया, इस कार्यक्रम मे जिसमे जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्त्ता के साथ ही देवगांव के ग्रामीण जन, गढ़ बेंगाल के ग्रामीण जन उपस्थित हुए बढ़ चढ़ के हिस्सा लिए ! चक्का जाम कार्यक्रम मे वक्ताओ ने भाजपा सरकार के ऊपर वादाखिलाफ का आरोप लगाया और कहा की विधानसभा चुनाव के दौरान मंत्री केदार कश्यप ने प्रचार करते हुए 1 माह मे रोड बनने का वादा किये थे लेकिन दो साल मे सड़क तो नहीं बना किन्तु पूर्व मंत्री ने पुराने सड़क भी को भी चलने योग्य नहीं छोड़ा, वक्ताओ ने कहा की शासन प्रशासन तत्काल सड़क मे चलने योग्य बनवाये और यात्री बस को जल्द से जल्द शुरू करवाये अन्यथा आगे इससे भी बड़ा आंदोलन किया जायेगा ! इस कार्यक्रम मे पूर्व विधायक चन्दन कश्यप, प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनू नेताम,जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसेल नाग, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन देवांगन, प्रदेश कांग्रेस सचिव देवनाथ उसेंडी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्यामबत्ती नेताम, पंडी राम वड्डे, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव वेदबती पात्र, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रशीला कश्यप, कांग्रेस पदाधिकारी शेख तौहीद अहमद, संजय राय, संतोष राव, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, एन एस यू आई प्रदेश सचिव विजय सलाम, एनएसयूआई अध्यक्ष विजय सलाम, शब्बीर बढ़गुजर, देवगांव सरपंच जयराम मंडावी करलखा सरपंच अधारी सलाम, पूर्व सरपंच गढ़ बेंगाल जागोनतिन मंडावी, बिंजली मंडल अध्यक्ष रामसाए दुग्गा, एडका मंडल अध्यक्ष सुगदू उसेंडी, वरिष्ठ कोंग्रेसी वीपी शुक्ला, सैयद अनवर अली, एवं सैकड़ो की संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए !

अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्रों को दिया जाएगा उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति

25 अक्टूबर 2025 तक छात्रवृत्ति के लिए कर सकते है आवेदन

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। आदिवासी विकास शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर के निर्देशानुसार प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो शिक्षण सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थाओं जैसे-आई.आई.टी, एम्स, आई.आई.एम, एन.एल.यू., एम.बी.बी.एस., एन.आई.टी., आई.आई.टी. में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त कर चूके है, ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत तात्कालिक सहायता प्रदान किया जाना है। योजना का लाभ लेने हेतु विद्यार्थियों हेतु छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना, छ.ग. राज्य हेतु अधिसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल होना, उल्लेखित संस्थान में चयन की पात्रता के साथ ही चयनित होने का प्रमाण पत्र एवं प्रवेश लेने हेतु संस्था द्वारा जारी सूचना पत्र होना तथा पालक की वार्षिक आय रुपये 2.50 लाख से अधिक नहीं होना अनिवार्य किया गया है।

उक्त संबंध में योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक विद्यार्थी कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला दंतेवाड़ा से आवेदन प्राप्त कर दिनांक 25 अक्टूबर 2025 तक पंजीकृत डाक से अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते है। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ निवास प्रमाण पत्र, स्थाई जाति प्रमाण पत्र, पालक का आय प्रमाण पत्र, कक्षा 10वीं की अंकसूची, 12वीं की अंकसूची, जिस संस्था में प्रवेश लिया है। उससे संबंधित प्रमाण पत्र, प्रवेश हेतु जमा की गई फीस की रसीद, विद्यार्थी का आधार कार्ड, विद्यार्थी का बैंक खाता क्रमांक तथा आई.एफसी. कोड सहित विवरण की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों का विचार नहीं किया जावेगा।

नारायणपुर में एच 3 एन 2 फ्लू की आहट रोज़ाना 40-50 मरीज पहुंच रहे अस्पताल

नारायणपुर, छत्तीसगढ़।जिला नारायणपुर में H3N2 इन्फ्लुएंजा वायरस के संभावित प्रकोप की आशंका बढ़ रही है। जिला अस्पताल नारायणपुर के ओपीडी और इमरजेंसी विभाग में प्रतिदिन करीब 40 से 50 मरीज एक जैसे लक्षणों के साथ पहुँच रहे हैं। इन लक्षणों में लगातार बुखार, खाँसी, गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द, ठंड लगना और कमजोरी प्रमुख रूप से सामने आ रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इस वायरस का संक्रमण सबसे पहले दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में देखा गया था। अब इसकी चपेट में लगभग 50त्न भारतीय आबादी विभिन्न रूपों में आ चुकी है। नारायणपुर जैसे आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मरीजों का एक जैसे लक्षणों के साथ सामने आना इस बात का संकेत है कि यह वायरस यहाँ भी धीरे-धीरे फैल रहा है।

विशेषज्ञों की राय

चिकित्सकों का कहना है कि H3N2 फ्लू मुख्य रूप से खाँसी और छींक के जरिए निकलने वाली बूंदों से फैलता है। बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएँ और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग इसके संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील हैं।

बचाव के उपाय

भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें।

बार-बार हाथ धोएँ या सैनिटाइज़र का उपयोग करें।

खाँसते या छींकते समय रूमाल या टिशू का प्रयोग करें।

फ्लू जैसे लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

पर्याप्त नींद लें और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला संतुलित आहार करें।

लक्षण दिखने पर स्वयं दवा लेने से बचें।

प्रशासन की अपील

जिला स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएँ नहीं बल्कि सतर्क रहें। समय पर इलाज और आवश्यक सावधानियों से इस संक्रमण पर नियंत्रण संभव है।

जागरूकता शिविर का आयोजन

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025-26 के अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र-दंतेवाड़ा द्वारा आजीविका महाविद्यालय दन्तेवाड़ा में दिनांक 24 सितंबर 2025 एम.एस.एम.ई. एक्सपो के अन्तर्गत उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाप्रबंधक श्री मितवा बडा द्वारा औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अन्तर्गत औद्योगिक इकाइयों, संगठनों द्वारा जिले में औद्योगिक निवेश करने पर मिलने वाले समस्त औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई।

रजत महोत्सव : बस्तर ओलंपिक 2025 का पंजीयन शुरु

■ **20 अक्टूबर तक होगा पंजीयन**

जगदलपुर/ नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा बस्तर अंचल के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने सहित उनके रचनात्मक गतिविधियों एवं नैसर्गिक खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के समस्त जिलों में ''बस्तर ओलम्पिक 2025'' खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष में आयोजित किए जा रहे उक्त बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता के लिए 22 सितम्बर से पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो आगामी 20 अक्टूबर 2025 तक चलेगी।

इस बस्तर ओलम्पिक आयोजन में विकासखंड स्तर से संभाग स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी एवं वेटलिफ्टिंग (केवल जिला एवं संभाग स्तर पर) कराते, कबड्डी, खो-खो एवं व्हालीबॉलछ और केवल सीनियर वर्ग की महिलाओं के लिए रस्साकस्सी खेल इवेंट्स सम्मिलित होंगे। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित होंगी। माओवादी हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं आत्मसमर्पित पूर्व माओवाद सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें सीधे संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अवसर प्रदान किया जाएगा। राज्य शासन के द्वारा बस्तर ओलम्पिक 2025 आयोजन सम्बन्धी जारी दिशा-निर्देश के अनुसार विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 25 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2025 तक, जिला स्तरीय प्रतियोगिता 05 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 24 नवम्बर से 30 नवम्बर 2025 तक स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री हरिस एस ने इस बस्तर ओलम्पिक में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए जिले के युवाओं एवं ग्रामीणों से अधिकाधिक पंजीयन करवाने का आग्रह करते हुए कहा है कि उक्त आयोजन का उद्देश्य केवल खेल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा युवाओं को मुख्यधारा में अधिक से अधिक जोड़ना है।

नारायणपुर के बड़े जम्हरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई

नारायणपुर / नवप्रदेश। ग्राम बड़े जम्हरी में आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ÷एक पेड़ मां के नाम÷ के तहत पौधा रोपण किया गया।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण था 'आत्मनिर्भर भारत और लोकल फॉर वोकल, स्वदेशी समान' विषय पर संगोष्ठी। यह संगोष्ठी पंडित दीनदयाल जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर आधारित थी और स्थानीय जनता को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित करने पर

केंद्रित रही।कार्यकम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता *पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, कोंडागांव दीपेश अरोरा* ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी ने संगठन निर्माण और राष्ट्र निर्माण में समान रूप से उत्कृष्ट योगदान दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करके स्थानीय उद्योगों को मजबूती दें और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में योगदान करें।

ध्यान आकर्षित किया... | **9 माह से स्वास्थ्यकर्मियों को नहीं मिली नक्सल प्रोत्साहन भत्ता**

जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने ठप किया नक्सल पोस्टमार्टम

नारायणपुर/ नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में कार्यरत डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने आज बड़ा कदम उठाते हुए जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कार्य 2 से 3 घंटे के लिए रोक दिया। स्वास्थ्यकर्मियों ने यह विरोध प्रदर्शन पिछले 9 माह से लंबित छ्त्रस्ष्ट (नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि) के भुगतान को लेकर किया।

स्वास्थ्यकर्मियों ने स्पष्ट कहा कि वे लगातार सबसे कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं – चाहे वह बम धमकी वाले क्षेत्रों में ग्राउंड-लेवल ट्रायजिंग हो, नक्सल घटनाओं के बाद पोस्टमार्टम करना हो या सड़कविहीन दूरस्थ इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना। इसके बावजूद, उन्हें पिछले 9 माह से प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है।

डॉक्टरों और स्टाफ ने इस मौके पर प्रदेश की बैठी हुई सरकार, मुख्यमंत्री विष्णु देव साई, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएँ की आयुक्त एवं NHM की प्रबंध निदेशक डॉ. प्रियंका जे. शुक्ला से पूछा कि आखिर अब तक इस भुगतान में देरी क्यों की जा रही है।

स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि समीपवर्ती कोंडागांव जिले में मार्च

2025 तक की CRMC राशि का भुगतान हो चुका है, लेकिन नारायणपुर जैसे सबसे संवेदनशील जिले को नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। इससे कर्मियों का मनोबल टूट रहा है।गौरतलब है कि इस मुद्दे पर स्वास्थ्यकर्मी पहले भी कई बार ज्ञापन सौंप चुके हैं, यहाँ तक कि 7 अगस्त 2025 को जिला अस्पताल नारायणपुर के निरीक्षण दौरे पर आए स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव को भी आवेदन सौंपा गया था। इसके बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही लंबित राशि का भुगतान नहीं किया गया तो विरोध और तेज़ किया जाएगा।जिला अस्पताल नारायणपुर में कार्यरत डॉक्टरों ने यह स्पष्ट किया है कि उन्होंने नक्सलियों के पोस्टमार्टम करने से इंकार नहीं किया, बल्कि लंबित CRMC (नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि) के पिछले 9 माह से भुगतान न होने पर अपनी नाराज़गी जताने हेतु 2 से 3 घंटे के लिए कार्य स्थगित किया था।डॉक्टरों ने बताया कि इस विलंब का उद्देश्य केवल शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना था, क्योंकि अत्यंत कठिन परिस्थितियों में कार्य करने के बावजूद उन्हें अब तक 9 माह की लम्बित प्रोत्साहन राशि प्राप्त नहीं हुई है।हालाँकि, जिला प्रशासन द्वारा आश्वासन देने तथा जनस्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कि शव के सड़ने से विभिन्न बीमारियों और अन्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है, डॉक्टरों ने तत्काल निर्णय लेते हुए पोस्टमार्टम प्रारंभ किया और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कर शव को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया।

कारली और भैरमबंद तालाब में संपन्न हुआ आपदा प्रबंधन का 'मॉक ड्रिल'

■ **आपदा से निपटने के लिए गोताखोरों ने बोट के माध्यम से किया प्रभावशाली प्रदर्शन**

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार आकस्मिक आपदा में नागरिकों के राहत एवं बचाव की पूर्व तैयारी एवं प्रतिक्रिया परीक्षण के संदर्भ में जिला प्रशासन एवं नगर सेना की आपदा प्रबंधन टीम द्वारा आज कारली और भैरमबंद तालाब में ''मॉक ड्रिल'' किया गया। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा जिले में दंतेवाड़ा, गीदम और बारसूर क्षेत्रों में बसे नदी किनारे के गाँवों में बाढ़ आपदा की आशंका रहती है। ऐसी विकट परिस्थिति में जानमाल के नुकसान से बचाव हेतु राहत टीम द्वारा किये जाने वाले त्वरित कार्यवाहियों का स्टेप बाई स्टेप पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अमले के साथ गोताखोरों के दल द्वारा बोट, लाईफ जैकेट के माध्यम से बाढ़ आपदा के तहत जलधार में फंसे ग्रामीणों को बचाने का क्रियाकलाप किया गया।

न्यूज गैलरी

महिला से 4 लीटर शराब बरामद

महासमुंद / नवप्रदेश। बसना पुलिस ने ग्राम बंसुला में शराब की अवैध बिक्री कर रही एक महिला के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में आरोपी बंसुला निवासी सूर्यकांति मिर्धा (42) से 4 लीटर महुआ शराब (कीमत 800 रुपए) जब्त किया है। मामले में महिला के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

तेज रफ्तार डंपर पलटने से एक घायल

महासमुंद / नवप्रदेश। सरायपाली थाना क्षेत्र के अंतरला मोड़ पर डंपर पलटने से एक घायल हो गया। पुलिस को ग्राम डूमरपाली निवासी अर्जुन ने बताया कि उनका भतीजा अजीत डड़सेना (20) डंपर क्रमांक सीजी 04 जेसी 8648 में करीब 01 माह से हेल्पर का काम करता था। 14 सितंबर को उक्त वाहन में वह चालक अरूण जगत के साथ ओडिशा गया था। शाम करीब 6 बजे डंपर में वापस आ रहा था, तभी ग्राम अंतरला मोड़ के पास तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाने से डंपर पलट गया। जिससे भतीजे अजीत को चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफधारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

शिक्षकों की पदोन्नति काउंसिलिंग शुरू

महासमुंद / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 1106 शिक्षकों का पदोन्नति आदेश जारी किया गया है। शिक्षक से व्याख्याता बनने वालों के पदांकन के लिए स्कूलों का आवंटन होगा। इसके लिए ओपन काउंसिलिंग से शुरू हुई है। जो शंकर नगर रायपुर में 28 सितंबर तक आयोजित होगी।

वार्ड ब्वॉय, आया भर्ती परीक्षा 12 अक्टू. को

महासमुंद / नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग में वार्ड ब्वॉय और वार्ड आया की 50-50 पदों में भर्ती के लिए व्यापमं से आवेदन 24 सितंबर तक मंगाया गया था। परीक्षा 12 अक्टूबर को आयोजित होगी। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ के तहत यह भर्ती होगी।

जपं सदस्य ने नलकूप खनन और पंप लगाने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

महासमुंद / नवप्रदेश। ग्राम पंचायतों में पेयजल सुविधा सुदृढ़ करने के लिए नलकूप खनन और पंप स्थापना की मांग उठी है। इस संबंध में जनपद सदस्य (क्षेत्र क्रमांक-10) व संचार एवं संकर्म समिति की सभापति सुधा चंद्राकर ने पत्र के माध्यम से राज्य शासन को अवगत कराया है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के प्रभारी मंत्री को लिखे पत्र में ग्राम कौंदकेरा और सोरिद समेत कई ग्रामों में नलकूप खनन और पंप स्थापना की आवश्यकता जताई है। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिला महासमुंद को 115 नलकूपों का अंतरिम लक्ष्य जारी किया गया है। साथ ही, प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य भी प्रगति पर है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे मांगों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें और की गई कार्रवाई की जानकारी प्रमुख अभियंता कार्यालय के साथ-साथ आवेदक को भी अवगत कराएं।

मां त्रिपुरसुंदरी ललीताम्बा देवी पंडाल ने लोगों का मनमोह लिया

■ 30 मिनट के लाइट शो ने बनाया नवरात्रि का सबसे बड़ा आकर्षण

कवर्धा / नवप्रदेश। शारदीय नवरात्रि का पर्व इस बार कवर्धा में अनोखा और यादगार साबित हुआ। मां दुर्गा के स्वागत के लिए जहां पूरे शहर में भव्य पंडाल और अद्भुत सजावट ने लोगों का मन मोह लिया, वहीं यूनियन दुर्गा उत्सव समिति ने यूनियन चौक पर रोशनी और तकनीक का ऐसा संगम प्रस्तुत किया, जिसने नवरात्रि पर्व को नई पहचान दे दी। करीब 30 मिनट तक चला लाइट शो की चमक ने मां के स्वागत को ऐतिहासिक बना दिया। भक्तों की भीड़ और चारों ओर गूंजते जयकारों ने माहौल को ऐसा बना दिया मानो पूरा शहर मां की भक्ति में डूब गया हो।

रोशनी के अद्भुत संगम से गूंजा यूनियन चौक

यूनियन दुर्गा उत्सव समिति ने पिछले वर्ष पहली बार मां दुर्गा के स्वागत में इलेक्ट्रानिक क्रैकर (अनारदाना) का आयोजन किया था। इस अभिनव पहल को लोगों से जबरदस्त सराहना मिली थी। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष आयोजन को और भव्य रूप दिया गया। जैसे ही यूनियन चौक पर इलेक्ट्रानिक क्रैकर (अनारदाना) और कलर लाइटें एक साथ जगमगाई, पूरा चौक श्रद्धा और आस्था के रंगों से नहा

उठा। माता के स्वागत का यह दृश्य देखने के लिए सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई। सोशल मीडिया पर भी इस आयोजन के वीडियो और तस्वीरें छाए रहे ।

समितियों में शुरू हुई नई परंपरा

यूनियन समिति की इस पहल ने नवरात्रि पर्व में एक नई परंपरा की शुरुआत की है। अब केवल पंडाल और मूर्ति सजावट ही नहीं, बल्कि लाइट शो और आधुनिक तकनीक का प्रयोग भी उत्सव का हिस्सा बन रहा है।

शहर में भव्य पंडालों की धूम

नवरात्रि के मौके पर शहर में जगह-जगह आकर्षक पंडाल बनाए गए हैं। इस बार समितियों ने पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक भव्यता और नई थीम पर काम किया है। कहीं वैष्णोदेवी की झांकी तो कहीं स्वर्णिम महल का रूप लेकर पंडाल श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच रहे हैं। मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप का दर्शन करने के लिए श्रद्धालु सुबह से ही पंडालों और मंदिरों की ओर रुख कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर छाया आयोजन

यूनियन चौक का लाइट शो इस बार नवरात्रि का सबसे बड़ा आकर्षण रहा। आयोजन के दौरान बने वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रही हैं। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर हजारों लोगों ने इस अद्भुत स्वागत को साझा किया। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई इस नए प्रयोग की तारीफकर रहा है।

जिले में बनी नई मिसाल

कवर्धा की इस नवरात्रि ने साबित कर दिया कि भक्ति और आधुनिकता का संगम किस तरह पर्व को नया आयाम दे सकता है। यूनियन चौक का लाइट शो अब आने वाले वर्षों के लिए मानक बन चुका है और अन्य समितियों को भी प्रेरित कर रहा है। नवरात्रि पर्व अब केवल पूजन और दर्शन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि तकनीक और नवाचार के साथ यह जिले की सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव बन चुका है।

13 गांव के किसानों ने अधिग्रहित भूमि के नकल की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय का किया घेराव

सिमगा / नवप्रदेश। विकासखंड सिमगा अंतर्गत लगभग 13 गांव धोधा, खिलौरा, नवापारा, केसली, भटभेरा, खपराडीह, झीपन, रवान, बिटकुली, मुड़पार, धोबनीडीह,बुड़गहन आदि के लगभग दो सौ से अधिक किसानों एवं महिलाओं ने आज बड़ी संख्या में बरसते पानी में एसडीएम कार्यालय का घेराव कर अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के नकल की मांग करते हुए शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों का कहना है कि हमारे कृषि भूमि पर चोरी छिपे सर्वे का कार्य स्थानीय प्रशासन एवं फैक्ट्री के लोगों के द्वारा किया जा रहा है।जिसे तत्काल बंद किया जाए तथा नये सर्वे कर किसानों की कृषि भूमि सुरक्षित किया जाए। अगर

शासन प्रशासन को श्री सीमेंट संयंत्र हेतु रेल्वे ट्रेक बिछाना ही है तो वह अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र हेतु बिछाई गई रेल्वे ट्रेक के किनारे से बिछा लें जिसमें किसानों को कोई आपत्ती नहीं है। किसानों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी कीमत में हम अपनी जीवकोपार्जन के मुख्य साधन कृषि भूमि को खराब नहीं होने देंगे। वर्तमान में किये जा रहें सर्वे के अनुसार अगर रेल्वे ट्रेक बिछानें का कार्य किया जाएगा तो सैकड़ों एकड़ से अधिक की कृषि भूमि, के साथ स्कूल, आंगनबाड़ी, तालाब, मुक्ति धाम, गौठान आदि भी प्रभावित होंगे जिससें गांव की व्यवस्था चरमरा जाएगी।

साथ ही कृषि भूमि कई भागों में बंट कर खराब हो जायेगी। किसानों ने कहा कि शासन ने लोकहित के नाम पर हमें ठगनें का नया रूख अपनाया है। अगर कृषि भूमि ही सुरक्षित नहीं रहेंगी तो हम किसानों का क्या होगा। इस प्रकार का अन्याय तो अंग्रेजो के शासन काल में भी नहीं हुआ था यह शासन तो अंग्रेजो से भी बढ़कर अन्याय कर रही है। हम सभी को मिलकर शासन के अनैतिक पूर्ण कार्य का जमकर विरोध करना होगा अन्यथा हम अपनी जीवकोपार्जन के मुख्य साधन से हाथ धो बैठेंगे। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि शासन प्रशासन किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं देंगे तो हमें न्याय के लिए उच्च न्यायालय जाना पड़ेगा।

अनुविभागीय अधिकारी सिमगा अतुल कुमार शेटे का उक्त मामले पर कहना है कि किसान नकल प्राप्त करनें कार्यालय आए थे मुझे जानकारी होने पर तहसीलदार को आदेश कर दिया गया कि किसानों को नकल प्रमाण पत्र वितरण कर दें।

जीएसटी बचत उत्सव से दुकानदार और ग्राहक दोनों खुश, प्रधानमंत्री के निर्णय का स्वागत

धरसींवा/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जी द्वारा सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए लागू की गई नई जीएसटी दरें स्थानीय बाजारों में राहत और उत्साह का माहौल लेकर आई हैं। दुकानदारों से लेकर आम ग्राहकों तक, सभी ने इस ऐतिहासिक फैसले को स्वागत योग्य बताया।स्थानीय दुकानों में सोमवार को आयोजित चर्चा में व्यापारी वर्ग ने बताया कि नई जीएसटी दरें उनके कारोबार को आसान बनाएंगी और उपभोक्ताओं को भी सीधे तौर पर इसका लाभ मिलेगा। जीएसटी बचत उत्सव के नाम से चलाए जा रहे इस अभियान ने ग्राहकों को आकर्षित किया है।

दुकानदार अशोक सिन्हा ने कहा, प्रधानमंत्री ने वास्तव में जनता की तकलीफको समझा है। नई जीएसटी दरें छोटे दुकानदारों के लिए राहत लेकर आई हैं। इससे

बिक्री बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को भी सस्ता सामान मिलेगा। यह कदम आर्थिक विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।ग्राहकों ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह निर्णय महंगाई की मार झेल रहे परिवारों के लिए राहत साबित होगा। सामान्य जरूरत की वस्तुओं से लेकर दैनिक उपभोग की सामग्रियों तक, कई उत्पाद अब पहले से कम कीमत पर उपलब्ध हो रहे हैं।

स्थानीय व्यापारियों ने प्रधानमंत्री जी के इस कदम को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह केवल कर सुधार नहीं है, बल्कि जन-जन के हित में लिया गया बड़ा निर्णय है। उनका मानना है कि सरकार द्वारा समय-समय पर ऐसे फैसले लेने से न केवल आर्थिक विकास की गति तेज होगी, बल्कि व्यापारी और ग्राहक के बीच विश्वास का रिश्ता और मजबूत होगा।अंत में, सभी दुकानदारों ने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि ÷जीएसटी बचत उत्सव÷ के माध्यम से देशभर में खुशहाली का संदेश जा रहा है और यह निर्णय आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा।

पार्षद निधि से लाइट खरीदी से रोक हटी अब वार्डों से छंटेगा अंधेरा : देवीचंद

महासमुंद / नवप्रदेश। नगरीय निकाय क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त करने पार्षद निधि से 25 प्रतिशत तक स्ट्रीट लाइट खरीदी जा सकेगी। छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने विभागीय समीक्षा बैठक में उक्त निर्णय लिया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से लाइट खरीदने पर रोक लगा दी गई थी, जिसे भाजपा की सरकार ने पुनः लाइट खरीदने की अनुमति दी है।राठी ने सभी पार्षदों से अनुरोध किया है कि पार्षद निधि से स्ट्रीट लाइट खरीदने के लिए नगर पालिका को शीघ्र पत्र लिखें, जिससे नगर पालिका लाइट खरीद कर वार्डों के विद्युत पोलों में लगाने का काम चालू कर सकें। इस संबंध में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं पार्षद प्रतिनिधि मनीष शर्मा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से भेंटकर कहा कि सभी पार्षदों को सूचना दी जाए कि छग शासन में वर्ष 2025 की पूरी पार्षद निधि भेज दी है तथा वार्ड के छोटे-छोटे रूके काम पार्षद से अनुमति लेकर मूलभूत कार्यों को शीघ्र पूरा करें। दीपावली के पहले शहर के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाना सुनिश्चत करें।

नगर की प्रसिद्ध रामलीला प्रारंभ-प्रथम दिवस गणेश एवं मुकुट पूजन के साथ वीर अभिमन्यु नाटक का हुआ शानदार मंचन

■ द्रोणाचार्य, अभिमन्यु, दुर्योधन के दमदार संवाद ने दर्शको से लुटी वाहवाही

भाटापारा/ नवप्रदेश। आदर्श रामलीला नाटक मंडली नवरात्र के प्रथम दिवस से अपने 106वें वर्ष का आरंभ मुकुट एवं गणेश पूजन के साथ वीर अभिमन्यु नाटक के भव्य प्रस्तुति के साथ हुआ। वीर अभिमन्यु, कृष्ण, अर्जुन, द्रोणाचार्य एवं सात वीरो के दमदार संवाद और बेहतरिन अभिनय ने दशको का मनमोहा और खुब तालिया बटोरी। उत्तरा, सुभद्रा के अभिनय की लोगो ने काफी सराहना की । अभिमन्यु के

वीरगति का दृष्य अत्यंत रोमाचित और मार्मिकता के साथ प्रस्तुत हुई जिसमें अभिमन्यु का रथ का पहिया उठाना, सातो वीरो का एक साथ तलवार और तीरो से अभिमन्यु को छलनी कर देने का सीन लोगो को बांधकर रखा। अभिमन्यु के पात्र मे आदित्य जोशी ने कमाल का संवाद और अभिनय का प्रदर्शन किया। वीर अभिमन्यु के पात्रों में नजर आए श्रीकृष्ण आयुष तिवारी, अर्जुन लव शर्मा , द्रोणाचार्य वैभव तिवारी, अभिमन्यु आदित्य जोशी, युधिष्ठिर जय मल, नकुल लक्ष्य चौरसिया, सहदेव रौशन जैन, भीम सुयश गब्बर शर्मा, दुर्योधन अभि अग्रवाल, दुःशासन श्याम मल, जयद्रथ आदित्य सोनी, शकुनि काव्यांश शर्मा, शल्य नमन मल, कर्ण निलेश मल, अश्वत्थामा मुकुल शर्मा, उत्तरा शुभ केशरवानी, सुभद्रा धरमपाल सोनी एवं मुकेश, कृपांश, कार्तिक पांडे, आकर्ष जैसे बाल कलाकारो ने भुमिका निभाई।

श्री आदर्श रामलीला नाटक मंडली प्रारंभ गणेश पूजन एवं मुकुट पूजन अस्त्र-शस्त्र पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। सत्यनारायण जोशी संरक्षक मंडल के सदस्य के द्वारा पुजन यजमान बन कार्यक्रम पूर्ण कराया गया। भगवान श्रीकृष्ण की आरती में ब्राम्हण समाज एवं राजपुत क्षत्रिय समाज से अपार जन समूह उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से अटल त्रिवेदी, हरगोपाल शर्मा, अजयकांत शुक्ला, मनीष शर्मा, महेश उपाध्याय, सुनील दुबे, संतोष पुरोहित, राधेश्याम शर्मा, विजय पांडे, धनंजय तिवारी, मनोज पांडे, ढाल सिंह ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, विकास ठाकुर, संजय सिंह उपस्थित थे। अतिथियों ने अपने ने अपने संबोधन में रामलीला के इस 106 वर्षों के सफर को अलौकिक बताया और प्रबंधन समिति को साधुवाद देते हुए कलाकारो की प्रशंसा की एवं अनवरत परंपरा निर्वहन की आशा जताई।

जलभराव का जपं उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

महासमुंद / नवप्रदेश। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने बारिश से जलभराव और घरों में पानी घुसने जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर उनकी परेशानियां सुनीं और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा जन मेरा परिवार है और उनके सुख-दुख में मैं उनके साथ खड़ी हूं। दौरे के दौरान चंद्राकर बेलसोंडा के स्टेशन पारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 2 भी पहुंची, जहां बारिश का पानी भर गया था।

उन्होंने बताया कि भवन की हालत बेहद खराब (जर्जर) है, जिससे यह समस्या और गंभीर हो गई है। उन्होंने जल निकासी के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। भवन की खस्ता हालत पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि इस संबंध में संबंधित विभाग से जल्द ही बात की जाएगी। ताकि, इसका स्थायी समाधान निकाला जा सके। इस दौरान उनके साथ बेलसोंडा के उपसरपंच कुणाल चंद्राकर, पंच सूर्या चंद्राकर और युवा हिमांशु परमार, जितेंद्र चंद्राकर आदि मौजूद थे।

तीन चोरों को 11 बाइक के साथ किया गिरफ्तार

बाइक बेचने तलाश रहे थे ग्राहक

महासमुंद / नवप्रदेश। खल्लारी थाना क्षेत्रों में पिछले दिनों हुई बाइक चोरी के मामलों में पुलिस और साइबर टीम ने चोरी की 11 बाइक बरामद कर चोरी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को धारा 303(2) बीएनएस के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार तुपकबोरा बागबाहरा निवासी कुलेश्वर चक्रधारी ने 20

सितंबर को खल्लारी थाने में बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएच 7863 खल्लारी मंदिर परिसर से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी । प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति झलप चौक बागबाहरा के पास चोरी की बाइक बिक्री के लिये ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर टीम ने झलप चौक बागबाहरा के पास पहुंचकर 03 पुरानी बाइक बेचने की फिराक में खड़े लोगों से पूछताछ की । जिसमें उन्होंने अपना नाम - पता भानसोज , थाना आरंग जिला रायपुर बुधराम सिन्हा उर्फ बुधारू (39), अरंड थाना खल्लारी, महासमुन्द गैंदलाल दीवान (35) और धनेश राम दीवान (38) बताया । वाहन के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने बाइक चोरी करना स्वीकार किया ।

घूम-घूमकर बाइक चोरी करते थे

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे एक साथ घूमते थे । विगत माह से हम सभी बाइक चोरी करने की योजना बनाकर निकलते थे और चोरी करते थे। खल्लारी मेला स्थल, खल्लारी चौक, चरौदा व आस पास के गांवों से कुल 11 नग बाइक चोरी करना स्वीकार किए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार नग एचएफ डीलक्स, एक नग प्लेटिना, दो नग ग्लैमर, दो नग स्प्लैण्डर प्लस, एक नग स्प्लैण्डर, एक नग स्कूटी कुल 11 नग बाइक (कीमती 3 .95 लाख रुपए) जब्त किया।

मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं की बाढ़

जिला प्रशासन की बड़ी चूक :

कुरूद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कुरूद में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के एक बड़े कार्यक्रम में जिला प्रशासन की गंभीर लापरवाही सामने आई है। लगभग 250 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के भूमि पूजन और लोकार्पण के लिए आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं का आलम ऐसा था कि लोगों को खुद जुगाड़ से बारिश से बचना पड़ा।

सरपंच की उपेक्षा: जिस गांव में यह भव्य आयोजन हुआ, उसी गांव की सरपंच हेमलता साहू को मुख्य मंच पर जगह नहीं दी गई। इस पर लोगों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई, जिससे ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बन गया।

स्वागत प्रोटोकॉल में कमी

मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों के स्वागत के लिए प्रशासन ने कोई खाका तैयार नहीं किया था। मंच पर कुरूद के विधायक अजय चंद्राकर को खुद ही एक-एक कर अतिथियों के नाम पुकार कर उनका स्वागत कराना पड़ा।

विकास कार्यों के लिए पेड़ों की कटाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के बावजूद, प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल के आसपास दर्जनों हरे-भरे पेड़ काट दिए। इस कार्रवाई से पर्यावरण प्रेमियों और ग्रामीणों में भारी रोष है।

कार्यक्रम में हुई बड़ी लापरवाही-

बारिश से बचने के लिए जुगाड़ः ग्राम पंचायत बड़ी करेली में हुए इस आयोजन में मुख्य पंडाल तो वाटरप्रूफ था, लेकिन आसपास बैठे ग्रामीणों और पंच-सरपंचों के लिए लगे पंडाल बारिश में भीग गए। इससे बचने के लिए लोग उल्टी कुर्सी सिर पर रखकर बैठ गए, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

कुल मिलाकर, करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के इस बड़े आयोजन में प्रशासन की कमजोर तैयारियों ने कार्यक्रम की चमक को फीका कर दिया। ग्रामीणों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक, सभी को यह महसूस हुआ कि आडंबर और तामझाम के नाम पर प्रशासन ने जनता की मूलभूत सुविधाओं और सम्मान की अनदेखी की।

मगरलोड सरपंच संघ अध्यक्ष राखी साहू ने स्वागत लिस्ट में नाम नहीं होने एवं स्थानीय महिला सरपंच खेमलता साहू ने मंच पर नहीं बिठाने के लिए व्यवस्था को जमकर कोसा। विधायक ने माइक अपने हाथों में लेकर जैसे तैसे कुछ लोगों को मंच पर आमंत्रित कर अतिथियों के स्वागत का मौका दिलाया। कार्यक्रम स्थल पर किचड़ और अव्यवस्था का आलम रहा। बारिश से बचने लोग कुर्सी को सर पर रख भाषण सुनते खड़े रहे। पंचायत सचिवों के माध्यम से जुटाई गई महिलाओं की भीड़ इन्ही सब कारणों से कार्यक्रम के बीच में ही उठकर जाने लगी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, गितेश्वरी साहू, भूपेंद्र चन्द्राकर, सिन्धु बैस, श्याम साहू, राजेश साहू, कल्याण राजपूत, होरीलाल साहू, रोहित मोहन, कुशलकांत साहू, प्रीतराम देवांगन सहित जिले के पार्टी नेता, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

महिलाओं के लिए मेनोपॉज़ जागरूकता कार्यशाला में डाक्टरों ने दिए मार्गदर्शन

भाटापारा/ नवप्रदेश। महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद कार्यालय में मेनोपॉज़ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव एवं जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा सहित अतिथियों ने कार्यशाला का शुभारंभ किया।

कार्यशाला में जिले की ख्यातिप्राप्त स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. करुणा यादव, डॉ. पूनम आडिल, डॉ. खुशबु बाजपेई एवं डॉ. प्रीतिबाला ने विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने मेनोपॉज़ की अवस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव जैसे हड्डियों की कमजोरी, हार्मोनल परिवर्तन, अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, वजन बढ़ना, एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर प्रकाश डाला। साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग, ध्यान एवं सकारात्मक सोच अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उपस्थित महिलाओं को यह भी बताया कि मेनोपॉज़ के समय नियमित स्वास्थ्य जांच, कैल्शियम एवं आयरन युक्त भोजन, पर्याप्त पानी का सेवन और समय पर चिकित्सकीय परामर्श बेहद महत्वपूर्ण है।

न्यूज गैलरी

नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मां कर्मा हॉस्पिटल के स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना जांगड़े ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की सेवा दी। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने चिकित्सकों की सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया।जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

दिवंगत सेवकों के परिजनों को मिली अनुकंपा नियुक्ति

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को जिला कलेक्टोरेट में अनुकंपा नियुक्ति अंतर्गत नियुक्त पत्र प्रदान किया और शुभकामनाएं दी। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख शाखा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र सुकली के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक गिरिराज सिंह राजपूत का शासकीय सेवा के दौरान 27 अप्रैल 2025 को निधन हो गया था, जिसके उपरांत उनकी श्रीमती अमिता राजपूत को जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा एवं शासन के निर्देशानुसार अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत पटवारी प्रशिक्षण हेतु चयनित किया गया है। प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत उन्हें अंतिम नियुक्ति दी जाएगी।

बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के द्वारा बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफकलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष परसराम यादव, योगेश साहू, सतीश भास्कर, सूरज यादव, अशोक साहू, मनीराम साहू, इंद्रपाल साहू, रोशन साहू, अधिवक्ता नेमचंद साहू मौजूद रहे।

अम्बिकापुर में आरएएमपी योजना कार्यशाला का आयोजन

स्थानीय उत्पादों को मिलेगा डिजिटल बाजार से जोड़ने का अवसर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज होटल सिग्नेचर इन अम्बिकापुर में एमएसएमई को ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ने संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला उद्योग संचालनालय एवं सीएसआईडीसी रायपुर की पहल पर भारत सरकार की आरएएमपी योजना के अंतर्गत आयोजित की गई।कार्यशाला का शुभारंभ जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सरगुजा के महाप्रबंधक अंकुर गुप्ता ने किया।

उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को डिजिटल मंचों से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाई जा सकती है।फ्लिपकार्ट से श्री वरुण गोपाल कृष्णन ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर फ्लिपकार्ट ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया और समर्थ कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के छोटे उद्यमी आसानी से इस मंच से जुड़कर अपने उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग सत्र में मीमो प्रसाद, निदेशक, इंटेलीग्रेटर टेक्नोलॉजीज प्रा. लि., रायपुर ने इंडियामार्ट ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर विक्रेता पंजीकरण, सोशल मीडिया और मोबाइल एप्स के जरिए कम लागत में उत्पादों की ब्रांडिंग एवं बिक्री बढ़ाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण तस्वीरें, आकर्षक विवरण और ग्राहकों से सतत संवाद स्थानीय उत्पादों को वैश्विक ब्रांड बना सकते हैं। सीएसआईडीसी रायपुर के राज्य परियोजना कार्यान्वयन इकाई (स्क्कू) से डॉ. योगेश शर्मा ने आरएएमपी योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों -उद्यमिता जागरूकता, निर्यात प्रशिक्षण, डिजिटल विपणन और वित्तीय पहुंच के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला में कुल 70 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें महिला उद्यमी, स्व-सहायता समूह की सदस्य, पारंपरिक कारीगर और स्थानीय एमएसएमई प्रतिनिधि सम्मिलित रहे। सभी सत्रों के बाद उद्यमियों ने विशेषज्ञों से सवाल-जवाब किए और कार्यशाला का समापन हुआ।

घर में घुसकर की चोरी, 18,800 के सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

ऑपरेशन बॉज के तहत दामापुर चोरी कांड का खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। ऑपरेशन बॉज'' के तहत पुलिस को ग्राम दामापुर मे हुये चोरी के 04 आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली। आरोपियों के विरूद्ध थाना मुंगेली में धारा 331(4), 305, 3(5) बी.एन.एस बीएनएस के तहत कार्यवाही किया गया। थाना फास्टरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम दामापुर निवासी श्रीमति तिला बाई महिलांग पति लाभोराम उम्र 65 वर्ष 21 सितम्बर को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि प्रार्थिया अपने मायके ग्राम गोरखपुर में रह रही है कि 17 सितम्बर को ग्राम कोटवार द्वारा फोन से सूचना दिये कि घर के छत ऊपर लगे लोहे का दरवाजा खुला जैसा दिख रहा है घर आकर देख लो कहने पर प्रार्थिया 21 सितम्बर को अपने भतिजा के साथ ग्राम दामापुर आकर ग्राम कोटवार को बुलाकर घर अन्दर जाकर देखी तो इनके घर के पीछे तरफका दरवाजा खुला हुआ था, घर का सामान पूरा बिखरा हुआ था और घर में रखे राहर दाल दो कट्टी, तीन कट्टी तिवरा, चना व अन्य सामान कीमती 18,800 रूपए को घटना 16-17 सितम्बर के दरम्यानी रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर के दरवाजा तोड़कर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना फास्टरपुर मे अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305, 3(5) बी.एन.एस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपियों व चोरी गये सामान की पतासाजी करने हेतू पुलिस टीम गठित किया गया। पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये सामान की पतासाजी के दौरान घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर प्रार्थिया एवं आसपास के पड़ोसियों से पुछताछ किया गया इसी बीच मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि गांव के ही व्यक्तियो के द्वारा चोरी किया गया है कि संदेही ज्वाला प्रसाद महिलांग, मनहरण डहरिया, अनिल महिलांग, झगरू चतुर्वेदी सभी निवासी दामापुर को हिरासत मे लेकर पुछताछ करने पर सभी आरोपियों के द्वारा बताया गया कि प्रार्थिया श्रीमति तिलाबाई महिलांग के घर में कोई नहीं रहने से 16-17 सितम्बर के मध्य रात्रि को सभी एक साथ प्रार्थिया के घर के पीछे बाथरूम तरफसे चड़कर, ऊपर के दरवाजा को मोड़कर घर अंदर जाकर घर में रखे 01 कट्टी राहर, 02 कट्टी तिवरा, 01 कट्टी गेहू, 01 पुरानी इंडेक्शन, टुटा टी.वी., 01 टुलू पम्प कीमती लगभग 18,800 को चोरी कर ले जाना और आरोपी अनिल के घर में छिपा कर रखना बताये है उक्त चोरी गई सामान को सभी आरोपियों के द्वारा पेश करने पर गवाहो के समक्ष बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी झगरू चतुर्वेदी पिता शोभाराम चतुर्वेदी उम्र 36 वर्ष, ज्वाला प्रसाद महिलांग पिता स्व. भुरूवा उम्र 45 वर्ष मनहरण डहरिया पिता शिव डहरिया उम्र 32 वर्ष, अनिल कुमार महिलांग पिता दूजे उम्र 32 वर्ष सभी निवासी दामापुर थाना फास्टरपुर के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना प्रमाणित पाये जाने विधिवत 23 सितम्बर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली उप निरीक्षक गिरिजाशंकर यादव, सहायक उप निरीक्षक विजय बंजारा, आरक्षक अतुल सिंह, पारसमणी भास्कर, जितेन्द्र खाण्डेकर, प्रकाश चन्द्रवंशी की भूमिका रही।

सेतगंगा में नवरात्र पर्व पर कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। नवरात्र पर्व पर सेतगंगा में आयोजित कवि सम्मेलन 23 सितम्बर को मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, अध्यक्षता पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महंत राधेश्याम दास, देवलाल केशरवानी, डॉ. सुरेश केशरवानी, शिवप्रताप सिंह ठाकुर, रजनी मानिक सोनवानी, आकाश सिंह परिहार, डॉ. रामजी शर्मा, विष्णु जायसवाल, कमल लोचन टोंडर, लालराम साहू, नेमसिंह बोगी बारमते, कन्हैया सिंह बैस, जय देवांगन, योगेन्द्र शर्मा, रामकृष्ण देवांगन उपस्थित रहें।

सर्वप्रथम मॉ सरस्वती वंदना कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रसिध्द हास्य कवि पवन बांके बिहारी ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध लिया। कवि हीरामणी वैष्णव ने कवि सम्मेलन में उपस्थित श्रोताओं को हास्य कवि ने इतना प्रभावित कर दिया कि पूरा परिसर तालियो गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अन्य कवियो ने भी अपनी कविताए प्रस्तुत कर श्रोताओ को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कवि देवेन्द्र सिंह परिहार ने देश भक्ति से ओज प्रोत कविताएं प्रस्तुत कर दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी संबोधन में रामकमल सिंह परिहार ने कहा कि कवि सम्मेलन का आयोजन करने के लिए आयोजक समिति टीम बधाई के पात्र है। इस तरह के कार्यक्रम से समारोह में आये लोगो को नामचीन कवियो को सुनने का मौका मिलने के साथ अपनी अमूल्य सांस्कृतिक परंपरा को जानने का अवसर मिलता है। कवियो द्वारा प्रस्तुत कविता युवा पीढियो को नयी दिशा देने का काम भी करता है। चंद्रभान बारमते ने कहा कि वर्तमान भौतिकवादी युग में आम लोग अपनी परंपरा की मुख्य धारा से दूर होते जा रहा है।

कलेक्टर व सीईओ पहुंचे मैनपाट, शासकीय संस्थानों और निर्माण कार्यों का लिया जायजा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर एवं जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने आज मैनपाट क्षेत्र का दौरा कर वहां संचालित शासकीय योजनाओं, शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पीडीएस दुकान एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर भोसकर ने अनुसूचित जनजाति प्री-मैट्रिक छात्रावास, मिडिल स्कूल कमलेश्वरपुर, प्राथमिक शाला कोरवा पारा, प्राथमिक शाला कण्ड राजा, पीडीएस दुकान कुनिया, पीएम जनमन के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र, घरोघाट एवं मल्टीपरपज सेंटर का जायजा लिया। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से गणित के पहाड़े एवं अंग्रेजी पाठ्यपुस्तकों का पठन करवाकर शिक्षा की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। बच्चों द्वारा संतोषजनक उत्तर देने पर उन्होंने शिक्षकों की सराहना की तथा नियमित उपस्थिति और पढ़ाई पर ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्रावास निरीक्षण के दौरान बेड, बेडशीट, नाश्ता एवं भोजन व्यवस्था, परिसर की साफ-सफाई आदि की जानकारी ली एवं अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच कर निर्धारित मीनू अनुसार पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। श्री भोसकर ने पहाड़ी कोरवा बहुल क्षेत्र कोरवा पारा में पीएम जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन मल्टीपरपज सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कर संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए ताकि कोरवा समुदाय के बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी की एकीकृत सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यालय से वंचित बच्चों को चिन्हांकित कर स्कूल आने हेतु प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान पीडीएस दुकान कुनिया में कलेक्टर ने हितग्राहियों से चावल, चना, शक्कर, नमक की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली एवं यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी आवश्यक सामग्री समय पर हितग्राहियों को प्राप्त हो। साथ ही पोस मशीन की कार्यप्रणाली का भी अवलोकन किया।

निधन
भागवत प्रसाद पटेल

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम सुरदा निवासी नगर पालिका प्राथमिक शाला मुंगेली के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक भागवत प्रसाद पटेल उम्र 74 वर्ष का निधन 23 सितम्बर को हो गया। वे लोकेश, विनय के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सुरदा में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जीएसटी और टीडीएस के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जीएसटी, टीडीएस और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सहायक आयुक्त राज्य कर वृत्त सूरजपुर भूपेन्द्र गोरी, चार्टर्ड एकाउंटेंट अविनाश सिंह, अभिशेष सिंह, जिला कोषालय अधिकारी डी. पी. सोनी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिले में वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और शासन की प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारियों की क्षमता और दक्षता बढ़ाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों को जीएसटी और टीडीएस की नियमानुसार कटौती, रिटर्न फाइलिंग और लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निपटारे के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समय-समय पर वित्तीय नियमों और शासन निर्देशों का अध्ययन करें, ताकि त्रुटिहीन, पारदर्शी और उत्तरदायी वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने कहा कि जीएसटी और टीडीएस रिटर्न फाइलिंग तथा लंबित प्रकरणों के निपटारे में समयबद्धता और एकजुट कार्य आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे वित्तीय प्रक्रियाओं का पालन करते हुए, तकनीकी समस्याओं का समाधान तत्परता से करें। जिला कोषालय अधिकारी डी. पी. सोनी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बंद योजनाओं की अवशेष राशि को राज्य की संचित निधि में अंतरित किया जाए तथा जिले के समस्त शासकीय कर्मचारियों के ई-केवाईसी का कार्य 30 सितम्बर 2025 तक पूर्ण किया जाए।

श्री रामलला दर्शन के लिए नौंवी यात्रा पर सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालु हुए रवाना

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत बुधवार को सरगुजा संभाग से 850 श्रद्धालुओं को लेकर स्पेशल ट्रेन अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस यात्रा को छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल तथा आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्यटन मंत्री अग्रवाल ने कहा कि आज सरगुजा संभाग से श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन हेतु रवाना हो रहें हैं, उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि योजना के तहत पिछले वर्ष 22,100 यात्री पूरे छत्तीसगढ़ से यात्रा किए हैं, इस वर्ष लक्ष्य से अधिक यात्री श्री रामलला दर्शन योजना का लाभ उठाएंगे। अगले वर्ष से हम इस संख्या को बढ़ाने का प्रयास करेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को तीर्थ यात्रा का लाभ मिले।वहीं कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि शासन द्वारा ऐसे लोग जिन्हें तीर्थयात्रा करने की इच्छा होती हैं, परन्तु कुछ परिस्थितियों के चलते जा पाने में असमर्थ होते हैं, उनके लिए यह योजना लायी गई है। वहीं इसमें बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यात्रियों को सारी सुविधाएं प्रदान की जा रही है, अब तक योजना का लाभ लेते हुए हजारों श्रद्धालुओं ने श्री रामलला के दर्शन किए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निरुपा सिंह , नगर पालिक निगम अम्बिकापुर महापौर मंजूषा भगत, नगर पालिक निगम अम्बिकापुर सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, जनप्रतिनिधियों में भारत सिंह सिसोदिया, अनिल सिंह मेजर, अम्बिकेश केसरी, ललन सिंह, अभिमन्यु गुप्ता एवं अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान अपर कलेक्टर सुनील नायक, एसडीएम अम्बिकापुर फागेश सिन्हा,पर्यटन अधिकारी सरगुजा संभाग आशीष वर्मा, आई.आर.सी.टी.सी एवं रेलवे के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे। यह यात्रा 27 सितंबर को वापस अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन आएगी। योजना के तहत शासन द्वारा श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा पर ले जाने के साथ ही उनके खान-पान सहित सभी सुविधाएं प्रदान की जा रहीं है।

महोत्सव

विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत, 04 अक्टूबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सरगुजा संभाग में होगा

सरगुजा संभाग के समस्त जिलों से आए 192 प्रतिभागियों का पंजीयन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। रजत जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में मंगलवार को राज्य युवा आयोग छत्तीसगढ़ तथा जिला प्रशासन खेल युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संभाग स्तरीय काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, महापौर नगर निगम अम्बिकापुर मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी जनप्रतिनिधियों में भारत सिंह सिसोदिया, विनोद हर्ष, जन्मेजय मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण राम कुमार सिंह के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास करना तथा उनकी अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने समस्त प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि 04 अक्टूबर 2025 को संभाग से चयनित प्रथम तीन प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रायपुर में भाग लेंगे। जहाँ पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को क्रमशः 50 हजार, 30 हजार एवं 20 हजार नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा साथ ही राष्ट्रीय कवियों के साथ मंच पर काव्य-पाठ करने का अवसर भी दिया जाएगा। प्रतियोगिता में संभाग के समस्त जिलों से 15 से 29 आयु वर्ग के 192 प्रतिभागियों के द्वारा पंजीकरण कराया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री खुशबू गुप्ता जिला सरगुजा, द्वितीय स्थान सुश्री अलीशा शेख जिला कोरिया एवं तृतीय स्थान सुश्री स्नेहा गुप्ता जिला सरगुजा के द्वारा प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता में निर्णयन कार्य श्री संतोष सरल, श्री रंजीत सारथी, डॉ. विश्वासी एक्का के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता पश्चात स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को क्रमशः 15 हजार, 10 हजार एवं 5 हजार नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

असोला में अमृत सरोवर की सफाई व पौधरोपण कार्यक्रम

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत चल रहे स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छोत्सव पखवाड़ा अंतर्गत आज जनपद पंचायत अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत असोला में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जय स्वच्छता के नारों के साथ हुई, जिसमें अमृत सरोवर तालाब की संपूर्ण सफाई कर तालाब परिसर को स्वच्छ बनाया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष श्री सतीश यादव, जनपद सीईओ अंबिकापुर आर.एस. सेंगर, कार्यक्रम अधिकारी निलेश जायसवाल, ब्लॉक समन्वयक अरुणेश श्रीवास्तव, तकनीकी सहायक आदित्य चंद्राकर, रोजगार सहायक, सरपंच, सचिव, पंच, ग्रामवासी तथा महिला स्व-सहायता समूह की स्वच्छग्राही दीदियों की सक्रिय भागीदारी रही। सीईओ सेंगर ने कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई और ग्रामवासियों को प्रेरित किया कि वे अपने घर का सूखा कचरा स्वच्छग्राही दीदियों को सौंपकर गांव को स्वच्छ बनाए रखें।

छत्तीसगढ़ शासन

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन)

जनजातीय विकास का नया युग

₹375.71 करोड़ स्वीकृत 100 पुल + अन्य निर्माण कार्य

9 मंत्रालय

11 प्रमुख विकास गतिविधियां

18 जिले

1442 गाँव

2,306 बसाहटें

56,669 परिवार

बचे 26 गांवों तक भी पहुंचेगी विकास की रोशनी

- **10,553** पक्के आवास पूर्ण
- **500** किमी सड़कें पूर्ण
- **44,101** आधार कार्ड जारी
- **10,125** किसान क्रेडिट कार्ड जारी
- **1,04,743** आयुष्मान कार्ड बने
- **36,521** जनधन खाते खुले
- **46,024** जाति प्रमाण पत्र जारी
- **228** गांवों में पाइप से जलापूर्ति
- **22,351** किसान सम्मान निधि पंजीकरण
- **30,559** राशन कार्ड वितरित
- **4,727** मातृत्व योजना लाभार्थी

4 छात्रावास व **आंगनबाड़ी केंद्रों** का निर्माणकार्य पूर्ण

बड़ी संख्या में **मोबाइल टॉवरों** की स्थापना

7 वन धन विकास केंद्र संचालित

8 बहुउद्देशीय केंद्रों का निर्माणकार्य पूर्ण

विद्युतीकरण

7144 परिवार (ऑन ग्रिड)

729 परिवार (ऑफ ग्रिड)

मोबाइल मेडिकल यूनिट

57 यूनिट से

317 गांव लाभान्वित

* यह आंकड़े माह जुलाई तक के हैं कार्य निरंतर जारी है

S-45228/2

हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे

हमसे जुड़ने के लिए **QR स्कैन करें**

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

न्यूज गैलरी

त्योहारी सीजन से पहले खुशखबरी, लगातार दूसरे दिन सस्ता हुआ सोना

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में अगर आप भी सोने या चांदी के आभूषण खरीदने या इसमें निवेश करने की योजना बना रहे हैं, तो आपके लिए एक बड़ी राहत की खबर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी के चलते गुरुवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतियों के कारण सोने की कीमतों पर दबाव बना है। जब डॉलर मजबूत होता है, तो अन्य मुद्राओं में सोने की खरीद महंगी हो जाती है, जिससे मांग घटती है। इसके साथ ही, बॉन्ड यील्ड (बॉन्ड पर मिलने वाला रिटर्न) में आई तेजी ने निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश के तौर पर बॉन्ड की तरफ बढ़ाया है, जिससे सोने की मांग में अस्थायी रूप से कमी आई है। इस वैश्विक गिरावट का सीधा असर भारतीय सर्राफा बाजारों पर भी देखने को मिल रहा है। आज देश के प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में 22 कैरेट और 24 कैरेट सोने की कीमतों में गिरावट आई है।

9वां अंतरराष्ट्रीय यूनिफॉर्म मैन्युफैक्चरर्स फेयर मुंबई में

दिल्ली। 9वां अंतरराष्ट्रीय यूनिफॉर्म मैन्युफैक्चरर्स फेयर 2025 का आयोजन सोलापुर गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा महाराष्ट्र सरकार के वस्त्रोद्योग विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय आयोजन 26 से 28 नवंबर 2025 तक मुंबई के नेस्को एग्ज़िबिशन सेंटर, गोरेगांव में होगा, भारत -सोलापुर गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (स्त्रङ्कू), वस्त्र विभाग, महाराष्ट्र शासन के सहयोग से गर्व के साथ 9वाँ अंतर्राष्ट्रीय यूनिफॉर्म निर्माता मेला 2025 आयोजित कर रहा है। यह मेला 26 से 28 नवंबर, 2025 को हॉल नंबर 4, नेसको प्रदर्शनी केंद्र, गोरेगाँव, मुंबई में आयोजित होगा। तीन दिवसीय इस मेला में 150 से अधिक राष्ट्रीय ब्रांड भाग लेंगे, जो 30,000 से अधिक यूनिफॉर्म डिज़ाइन और 15,000+ फैब्रिक डिज़ाइन प्रदर्शित करेंगे। यह वैश्विक यूनिफॉर्म उद्योग के लिए एक अनूठा और बड़ा स्रोत केंद्र साबित होगा। 2017 में पहले प्रदर्शनी के बाद से, स्त्रङ्कूलगातार यूनिफॉर्म क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। 9वें अंतर्राष्ट्रीय यूनिफॉर्म निर्माता मेले 2025 में स्कूल, अस्पताल, होटल, कॉर्पोरेट, खेल, वर्कवियर, फैब्रिक्स, एक्सेसरीज़, फुटवियर और अन्य सभी यूनिफॉर्म से संबंधित चीज़ें एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। यह दुनिया का एकमात्र ऐसा मंच है, अजय रंगरेज, फेयर चेयरमैन, स्त्रङ्कू ने कहा। इस वर्ष के संस्करण में एआई-पावर्ड वर्चुअल फैशन शो शामिल है, जो यूनिफॉर्म क्षेत्र में एक अग्रणी अवधारणा है। आगंतुक भविष्य की यूनिफॉर्म डिज़ाइनों का डिजिटल अनुभव ले सकेंगे, जो डिज़ाइन विजुअलाइज़ेशन और मार्केटिंग के नए अवसर खोलेगा।

दिसंबर तक बकाया टैक्स जमा करें करदाता : सीबीडीटी

शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन पर धारा 87ए में नहीं मिलेगी छूट

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा है कि करदाता आयकर अधिनियम की धारा 87ए के तहत उस आय पर कर छूट का दावा नहीं कर सकते, जिस पर विशेष दरों पर कर लगाया जाता है, जिसमें शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन(एसटीसीजी)भी शामिल है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कई करदाताओं ने शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन पर छूट का दावा किया था, लेकिन आयकर विभाग ने उनके अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया और बकाया करों की मांग की है।विभाग ने अब ऐसे करदाताओं से 31 दिसंबर, 2025 तक अपना बकाया कर चुकाने को कहा है। यह उन मामलों पर भी लागू होता है जहां पहले गलती से छूट दे दी गई थी।सीबीडीटी ने 19 सितंबर को जारी अपने सर्कुलर में कहा था कि कई मामलों में रिटर्न गलत तरीके से प्रोसेस किए गए थे और विशेष कर दरों के अंतर्गत आने वाली आय पर छूट दी गई थी।

अब इन गलतियों को सुधारा जा रहा है और नई डिमांड को जारी किया जा रही हैं। सर्कुलर में यह भी चेतावनी दी गई है कि भुगतान में किसी भी तरह की देरी पर आयकर अधिनियम की धारा 220(2) के तहत ब्याज लग सकता है।हालांकि, करदाताओं की परेशानी कम करने के लिए, आयकर विभाग ने राहत की पेशकश की है। उसने 31 दिसंबर, 2025 से पहले बकाया करों का भुगतान करने पर ब्याज माफ करने का फैसला किया है।जुलाई 2024 से, आयकर विभाग धारा 87ए के तहत 7 लाख रुपए से कम आय वाले करदाताओं के लिए शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन पर छूट के दावों को खारिज कर रहा है।वित्त वर्ष 2023-24 के लिए, इन शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन पर 15 प्रतिशत कर लगाया जाता था, लेकिन वित्त



वर्ष 2024-25 से यह दर बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दी गई है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए छूट की सीमा ओल्ड टैक्स रिजीम के तहत 5 लाख रुपए और नई टैक्स रिजीम के तहत 7 लाख रुपए थी।हालांकि, इस प्रावधान ने कर देयता को शून्य करने में मदद की, लेकिन यह छूट एसटीसीजी जैसी विशेष दरों पर कर योग्य आय को कवर करने के लिए नहीं थी।बाद में यह मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय तक पहुंच गया था, जिसमें दिसंबर 2024 में आयकर विभाग से करदाताओं को अपने रिटर्न संशोधित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।जनवरी 2025 में ऐसे संशोधनों के लिए 15 दिनों की अवधि निर्धारित की गई थी, लेकिन बाद में भी कई करदाताओं को अपने लंबित बकाया का भुगतान करने के लिए नोटिस प्राप्त हुए। अंततः, केंद्रीय बजट 2025 ने यह कहकर सभी भ्रम दूर कर दिए कि धारा 111ए के तहत एसटीसीजी सहित विशेष दर वाली आय, वित्त वर्ष 2025-26 से धारा 87ए के तहत छूट के लिए पात्र नहीं होगी।

इनोवेशन को बढ़ावा देने और देश के इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में निवेश बढ़ाने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा

सेबी के फैसले के बाद गौतम अडानी ने शेयरधारकों को बताई भविष्य की रणनीति

नई दिल्ली। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने हिंडनबर्ग मामले में बाजार नियामक सेबी के फैसले का हवाला देते हुए कहा है कि अंततः सत्य की जीत हुई है। समूह के शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि सेबी द्वारा हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के आरोपों को खारिज किया जाना, समूह के कामकाज के पारदर्शी तरीके और संचालन की पुष्टि है। अपने पत्र में, गौतम अडानी ने कहा कि यह संकट काल अब समाप्त हो गया है और समूह अब भविष्य की ओर देख रहा है।

उन्होंने कहा, समूह अब अपने कामकाज को और मजबूत करने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और देश के इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में निवेश बढ़ाने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने संकट के दौर में निवेशकों, ऋणदाताओं और साझेदारों द्वारा दिखाई गई चिंता को स्वीकार करते हुए कहा, हम राष्ट्र निर्माण के अपने लक्ष्य पर

दोगुना जोर देंगे। गौतम अडानी ने कहा कि सेबी द्वारा आरोपों को खारिज करने से उस लंबी जांच अवधि का अंत हो गया है, जिसने अडानी समूह के हर आयाम की परीक्षा ली। उन्होंने हिंडनबर्ग रिपोर्ट को सिर्फ समूह पर एक हमला नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर पहुंचने का सपना देखने वाले भारतीय उद्यमों के साहस को एक सीधी चुनौती करार दिया। अडानी ने अपने पत्र का समापन समूह के मूल मूल्यों, जैसे विपरीत परिस्थितियों में जुझारूपन, कार्यों में ईमानदारी और भारत के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए किया। उन्होंने कवि सोहन लाल द्विवेदी की प्रसिद्ध पंक्तियों का उद्धरण देते हुए समूह की वापसी की तुलना लहरों का सामना कर किनारे तक पहुंचने वाली नाव से की। उन्होंने लिखा, लहरों से डरकर नौका पार नहीं होतीज कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है।

कुरकुरे ने पूरे किए 25 साल, पेप्सिको इंडिया की स्नैकिंग विरासत

मुंबई/नवप्रदेश। पेप्सिको इंडिया का मशहूर देसी स्नैक ब्रांड कुरकुरे0अपनी 25वीं सालगिरह मना रहा है। इस खास अवसर पर ब्रांड ने 'कुरकुरे0 ज्वार पफ्स' पेश किए हैं। इसी के साथ कुरकुरे0 ने बेहतरीन स्वाद और एक्साइटमेंट की पावर को साथ लाते हुए भारत की मिलेट-बेस्ड (मोटे अनाज आधारित) स्नैकिंग कैटेगरी में कदम रख दिया है। इसे देखकर कहा जा सकता है कि 'इससे अच्छा क्या होगा?' बेक्ड (नॉट फ्राइड) कुरकुरे0 ज्वार पफ्स से लोगों को अपने पसंदीदा इन्ग्रेडिएंट्स का मॉडर्न फॉर्मेट में आनंद लेने का मजेदार और स्वाद से भरपूर मौका मिलेगा। भारत में खानपान की संस्कृति बदलाव के दौर से गुजर रही है। अब उपभोक्ता बेहतरीन स्नैकिंग ऑप्शन तलाशते हुए पारंपरिक इन्ग्रेडिएंट्स की ओर कदम बढ़ा रहे हैं और ऐसे घरेलू ब्रांड्स को अपना रहे हैं, जो स्थानीय लोगों एवं अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भूमिका निभाते हैं। इन बदलावों के साथ मिलेट्स की ओर बढ़ते रुझान ने पेप्सिको इंडिया को पारंपरिक अनाजों को आज की पीढ़ी के सामने नए तरीके से पेश करने का अनूठा अवसर दिया है। पिछले 25 साल में

मेड-इन-इंडिया कुरकुरे0 ने गर्व के साथ भारतीय उपभोक्ताओं के लिए नए एवं स्वादिष्ट उत्पाद तैयार किए हैं। इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए और उपभोक्ताओं के बारे में गहरी समझ के साथ कुरकुरे0 ज्वार पफ्स लॉन्च किया गया है जो भारतीय व्यंजनों की विरासत को नए अंदाज में पेश करने की ब्रांड की क्षमता को दर्शाता है। साथ ही यह लॉन्चिंग विभिन्न क्षेत्रों, स्वाद एवं संस्कृति वाले ज्यादातर भारतीयों की पसंद को पूरा करने की पेप्सिको इंडिया की क्षमता का भी जश्न है। इस बारे में अपने विचार साझा करते हुए पेप्सिको इंडिया में डायरेक्टर मार्केटिंग - कुरकुरे0 एंड डोरिटोज आस्था भसीन ने कहा, 'पेप्सिको इंडिया में हमारे हर कदम के केंद्र में उपभोक्ता होते हैं। हमारा लक्ष्य भारत की समृद्ध खाद्य परंपरा से जुड़े रहते हुए लगातार उपभोक्ताओं के बदलते स्वाद एवं प्राथमिकताओं के लिए कुछ नया करते रहना है।

खेल, मनोरंजन

वैभव सूर्यवंशी ने तूफानी बल्लेबाजी कर रचा इतिहास, संजू और यशस्वी का तोड़ा रिकॉर्ड

नईदिल्ली। भारत के 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर तहलका मचा दिया है. उन्होंने भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए खेलते हुए इतिहास रच दिया है. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में अर्धशतकीय पारी खेलकर उन्मुक्त चंद, यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन जैसे स्टार खिलाड़ियों का रिकॉर्ड तोड़ डाला है. तो आइए हम आपको वैभव सूर्यवंशी के इस कारनामे के बारे में बताते हैं.

दरअसल, भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीमों के बीच ऑस्ट्रेलिया में यूथ वनडे

सीरीज खेली जा रही है. इस सीरीज का दूसरा वनडे मैच में इस समय जारी है. इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीता और भारत को पहले बैटिंग के लिए बुलाया. भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के सामने 49.4 ओवर में 10 विकेट गंवाकर 300 रन बनाए हैं. भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी ने 68 बॉल में 5 चौके और 6 छक्कों की मदद से 102.94 की स्ट्राइक रेट के साथ 70 रनों की आतिशी पारी खेली.इस पारी के साथ ही वैभव सूर्यवंशी ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. वैभव भारत के लिए अंडर-19 यूथ वनडे में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने साल 2024 से लेकर अब तक 10 वनडे मैचों में 41 छक्के लगाए हैं. इसके साथ ही उन्होंने उनमुक्त चंद, यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन को अंडर-19 वनडे में सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में पीछे छोड़ दिया है। भारत के लिए उन्मुक्त चंद ने 2011-12 में 21 वनडे में 38 छक्के मारे थे. यशस्वी जायसवाल ने 2018-20 में 27 मैच में 30 छक्के लगाए थे. संजू सैमसन ने 2012-14 में 20 मैचों में 22 छक्के मारे थे. अब वैभव 41 छक्कों के साथ उन्मुक्त चंद को पछाड़कर अंडर -19 यूथ वनडे में भारत के सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मैच में वैभव सूर्यवंशी के अलावा भारत के लिए विहान मल्होत्रा ने 70 और अभिज्ञान कुंडू ने 71 रन बनाए. ऑस्ट्रेलिया के लिए विल बायरोम ने 3 विकेट हासिल किए.।

पाकिस्तान श्रीलंका को हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा

दिल्ली। एशिया कप 2025 सुपर फोर का तीसरा मुकाबला पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच अबू धाबी में खेला गया. जिसमें पाकिस्तान ने पांच विकेट बड़ी जीत दर्ज की है. इस जीत के साथ वो अंक तालिका में बेहतर नेट रन रेट की वजह से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बांग्लादेश तीसरे स्थान पर खिसक गया है. इस के साथ ही पाकिस्तान फाइनल खेलने की रेस में बना हुआ. भारत अंक तालिका में सबसे ऊपर है। वही दूसरी ओर श्रीलंका इस हार के साथ सबसे नीचे चौथे स्थान पर पहुंच गया है. जिसकी वजह से उनका अब फाइनल खेलना बहुत ही मुश्किल है. आज के मैच की बात करें तो 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने शानदार शुरुआत की और उनका पहले विकेट 45 पर साहिबजादा फरहान (24) के रूप में गिरा, लेकिन उसके बाद टीम लड़खड़ा गई और 80 के स्कोर पर उनके 4 खिलाड़ी-फखर जमान (17), साईम अय्यूब (2), सलमान आगा (5) और मोहम्मद हारिस (13) आउट हो गए। इसके बाद पाकिस्तान ने वापसी की और छठे विकेट के लिए मोहम्मद नवाज (38) और हुसैन तलत (32) ने 58 रनों की साझेदारी करके मैच अपनी टीम की झोली में डाल दिया. हुसैन तलत ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया और दो अहम विकेट निकाले, जिसकी वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ दि मैच का अवार्ड दिया गया। इससे पहले सलमान आगा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी (3/28) की अगुवाई में पाकिस्तान के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका को 20 ओवरों में 133/8 पर रोक दिया था। बल्लेबाजी के लिए अनुकूल दिख रहे विकेट पर, शाहीन अफरीदी ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर ही विकेट चटका दिया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सारंगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25
ग्राम पाट, प.ह.नं. 04 तहसील सारंगढ़

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरामणी चन्द्रा पिता श्यामलाल चन्द्रा जाति चन्द्रनाहू निवासी ग्राम पाट तहसील सारंगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पेश कर अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम पाट प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. कोसीर तहसील सारंगढ़ में स्थित भूमि खसरा नं. 590/6 रकबा 0.562 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किए जाने हेतु निवेदन किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 30/09/2025 तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सारंगढ़**

इंग्लैंड ने एशेज के लिए किया 16 सदस्यीय स्क्वाड का ऐलान

नईदिल्ली। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 13 नवंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक एशेज सीरीज खेली जाने वाली है. इसके लिए क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम का कप्तान बेन स्टोक्स को बनाया गया है, जबकि टीम में रफ्तार के सौदागर जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड को भी मौका मिला है। ऑस्ट्रेलिया में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से क्रिस वोक्स को बाहर रखा गया है क्योंकि वह अभी भी ओवल में भारत के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के आखिरी टेस्ट के दौरान कंधे की चोट से उबर रहे हैं. जबकि कप्तान स्टोक्स सीरीज के पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. बाएं घुटने की चोट से उबर रहे वुड इंग्लिश टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देंगे, जबकि आर्चर टेस्ट क्रिकेट में अपनी सफल वापसी के बाद टीम में शामिल होंगे। ओली पोप की जगह हैरी ग्रुप उप-कप्तान की भूमिका में हैं। शोएब बशीर टीम के मुख्य स्पिनर होंगे क्योंकि भारत के खिलाफ सीरीज के दौरान उंगली में चोट लगने के बाद उन्हें टीम में शामिल किया गया है. मैथ्यू पॉट्स और विल जैक्स को भी 16 सदस्यीय टीम में मौका मिला है। पॉट ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था. इस सीजन में काउंटी चैंपियनशिप में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम में चुना गया है। जहां उन्होंने 10 मैचों में 28 विकेट लिए थे. जैक्स ने तीन पारियों में 136 रन बनाए हैं.टीम में जो रूट, जैक क्रॉली, बेन डकेट और पोप जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जेमी स्मिथ विकेटकीपर के रूप में टीम में शामिल हैं.

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / मप्र / कोरबा / भू.रा. / 25 / 716 — दिनांक 10.09.2025

आवश्यक सूचना

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की प्रस्तावित अंबिका ओपन-कॉस्ट परियोजना के ग्राम-करतली के प्रभावित भू-विस्थापितों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया आरंभ है, जिसमें से निम्नलिखित 03 भू-विस्थापितों द्वारा रोजगार के बदले एकमुश्त वित्तीय सहायता राशि प्राप्त करना चाहते है के नामों में अंतर पाया गया है। इसका विवरण इस प्रकार है:-

क्रं	घटते क्रम की सूची क्रमांक	खातेदार का नाम / पिता का नाम	अर्जित खसरा नं.	अर्जित रकबा (ए.)	नामांकित व्यक्ति का नाम / पिता का नाम नामांकन फार्म में	संबंध	सीबीए स्टेटमेंट-V	बी-1 (वर्ष 2008-09 से 2012-13)	पी-2 (वर्ष 2008-09 से 2012-13)	नामांकन फार्म में खातेदार का नाम	सहमति / शपथ पत्र	वंशवृक्ष	आधार कार्ड	निवास प्रमाण पत्र	जाति प्रमाण पत्र	शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र
1	50	ना.बा. कुमारी ज्योति पिता परदेशी	514 / 2, 514 / 4	1.47	ज्योति पिता परदेशी	स्वयं	माईनर कु. ज्योति / परदेशी	ना.बा. ज्योति व. परदेशी ना. बा. बलि माँ मानकुंवर बेवा परदेशी गोड़	ना.बा. कु. ज्योति पिता परदेशी बलि माँ मानकुंवर बे. परदेशी	ज्योति	मानकुंवर बेवा परदेशी, ज्योति पिता स्व. परदेशी	परदेशी पिता महेशराम, ज्योति (पुत्री) पिता परदेशी, मानकुवर (पत्नी) परदेशी	ज्योति राज द्वारा धर्मेन्द्र कुमार श्याम	ज्योति आत्मज परदेशी	ज्योति आत्मज परदेशी	ज्योति आत्मज परदेशी
2	138	सदाराम पिता रतन सिंह	145 / 7, 177	0.64	केशल सिंह उइके	पुत्र	सदाराम / रतन सिंह	सदाराम व. रतन सिंह गोड़	सदाराम व. रतन सिंह गोड़	सदाराम पि. रतन सिंह फौत, बुन्दलाल केशल, बून्दकुंवर, टूलवार	तुलकुंवर पति सदाराम, बुंदलाल, बुंदकुंवर पिता सदाराम, केशल सिंह उइके पिता सदाराम, बुंदलाल, केशल सिंह उइके, बुंदकुंवर पिता स्व. सदाराम, तुलकुंवर पति स्व. सदाराम	रतन सिंह पिता सदाराम बुन्दलाल (पुत्र), बुन्द कुंवर, केशल सिंह उइके पिता सदाराम	केशल सिंह उइके आज्मज सदाराम पिता रतन सिंह, तुलकुंवर अर्धागिनी सदाराम, बुंदलाल आत्मज सदाराम, बुंदकुंवर पत्नी अर्धागिनी	केशल सिंह उइके पिता सदाराम उइके	केशल सिंह उइके पिता सदाराम उइके	केशल सिंह उइके पिता सदाराम उइके
3	93	मोहित राम पिता चन्दन सिंह	586 / 1, 614 / 1, 614 / 2	0.95	ममता पति मोहित राम	पत्नी	मोहित राम / चन्दन सिंह	मोहितराम नेताम पिता चन्दन सिंह	मोहितराम पिता चन्दन सिंह गोड़	मोहितराम / चंदनसिंह	मोहित राम पिता चंदन सिंह, ममता पिता श्री दया राम पति श्री मोहित राम,	मोहित राम पिता चन्दन सिंह पत्नी ममता	ममता पति मोहितराम नेताम	ममता पिता दयाराम	ममता पति मोहितराम	ममता पिता दयाराम

उपरोक्त वर्णित नामों के अंतर एवं भू-स्वामियों द्वारा रोजगार द्वारा रोजगार के बदले एकमुश्त वित्तीय सहायता राशि लेने के संदर्भ में यदि किसी को आपत्ति है तो वे अपनी आपत्ति प्रकाशन तिथि के सात (07) दिवसों के अंदर इस कार्यालय को सूचित करें। समय-सीमा समाप्त होने पर किसी प्रकार की आपत्तियों को स्वीकार नही किया जायेगा।

SECL/25-26/171

महाप्रबंधक, एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय, प्रधानमंत्री

यह नए छत्तीसगढ़ की नई शुरुआत है। नवा रायपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्पेशल इकोनॉमिक जोन की स्थापना युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर और राज्य के लिए वैश्विक स्तर पर तकनीकी पहचान लाएगा। यह योजना पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया के विजन को आगे बढ़ाएगी।
-विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़: देश की डिजिटल आकांक्षा का प्रतीक

छत्तीसगढ़ के युवाओं को ग्लोबल कंपनियों के साथ काम करने का मिलेगा अवसर

नवा रायपुर में भारत के पहले एआई स्पेशल इकोनॉमिक जोन की स्थापना के मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे नवा छत्तीसगढ़ की नई शुरुआत बताते हुए कहा, कि यह कदम प्रदेश के युवाओं को रोजगार और राज्य को मजबूत तकनीकी पहचान दिलाएगा। दरअसल नवा रायपुर का आर्टिफिशियल स्पेशल इकोनॉमिक जोन केवल एक भौतिक संरचना नहीं, बल्कि देश की डिजिटल आकांक्षा का भी प्रतीक है। यह कदम छत्तीसगढ़ को ग्लोबल पहचान दिलाने की क्षमता रखता है। जानकार कहते हैं कि छत्तीसगढ़ के लिए यह परिवर्तन का क्षण है। वहीं भारत की ओर से वैश्विक एआई समुदाय के लिए यह सहयोग और नवाचार का जोरदार निमंत्रण है। दूसरी ओर यदि इस स्पेशल इकोनॉमिकजोन के प्रदेश पर पड़ने वाले प्रभाव की बात करें तो यहां के युवाओं के लिए अवसर के द्वार खुल जाएंगे। छत्तीसगढ़ के युवाओं को ग्लोबल कंपनियों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा, साथ ही रिवर्स ब्रेन ड्रेन यानी पहले प्रतिभाओं का पलायन छोटे शहरों से महानगरों की ओर होता था, अब इस बात की पूरी संभावना है, कि महानगरों से प्रतिभाएं रायपुर की ओर लौटेंगी। यानी प्रदेश के तकनीकि कुशल युवाओं को बेहतर करियर के लिए महानगरों या विदेश जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

डिजिटल इंडिया-मेक इन इंडिया पर गंभीरता

छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र की विकसित भारत योजना से कदम से कदम मिलाकर चल रही है। इसी योजना की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ 2047 का विजन भी तैयार किया है। इसमें डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया को प्रमुखता दी गई है। इसकी वजह से छत्तीसगढ़ एआई की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार की नीति के अनुसार स्पेशल इकोनॉमिक जोन को कर छूट सहित कई अन्य लाभ मिलते हैं, जिससे निवेश आकर्षित होता है।

वैश्विक तकनीकी कंपनियों की रुचि

नया रायपुर में एआई स्पेशल इकोनॉमिक जोन बनने के कारण रायपुर को वैश्विक एआई हब के रूप में पहचान मिलेगी। इसका फायदा यह होगा कि विश्व की गूगल, माइक्रो सॉफ्ट, ओपन एआई, मेटा जैसी बड़ी-बड़ी टेक कंपनियों की रुचि छत्तीसगढ़ में बढ़ेगी।

आत्मनिर्भर और सरप्लस पावर राज्य

छत्तीसगढ़ पावर यानी बिजली के मामले में न सिर्फ आत्मनिर्भर है, बल्कि सरप्लस है। दूसरी ओर एआई मॉडल ट्रेनिंग और डेटा प्रोसेसिंग के लिए बड़े पैमाने पर ऊर्जा की आवश्यकता होती है। छत्तीसगढ़ इस मांग को पूर्ण करने में पूरी तरह से सक्षम है। यह डेटा सेंटर पार्क 1,00,000 से अधिक जी पी यू एस और 80 मेगावाट क्षमता के साथ इस मांग को पूरा करेगा।

तकनीकी क्रांति का संकेत

छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर में भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्पेशल इकोनॉमिक जोन आकार ले रहा है। यह परियोजना न केवल राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक तकनीकी क्रांति का संकेत है। 1000 करोड़ के निवेश के साथ यह जोन भारत को डिजिटल आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करेगा।

स्थानीय प्रतिभा और कौशल विकास

छत्तीसगढ़ में आईटीआई, इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की अच्छी संख्या है। रैकबैंक जैसी कंपनियाँ स्थानीय युवाओं को डेटा साइंस और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर रही हैं।

रायपुर की भौगोलिक और रणनीतिक स्थिति

भारत के केंद्र में स्थित होने के कारण रायपुर को देश के अन्य महत्वपूर्ण राज्यों से आसान कनेक्टिविटी मिलती है। ऐसे में इस प्रोजेक्ट के लिए फायदेमंद स्थिति यह है, कि रायपुर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकेंद्रीकरण को बढ़ावा देता है, जिससे तकनीकी विकास केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहेगा।

मौजूदा आधारभूत संरचना, भूमि की उपलब्धता

नवा रायपुर में स्मार्ट सिटी सुविधाएं, ग्रीन जोन और पर्याप्त भूमि पहले से उपलब्ध है। सरकार की नई औद्योगिक नीति के प्रावधानों ने न सिर्फ इन्वेस्टर्स को आकर्षित किया है, बल्कि सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 के कारण परियोजनाओं की स्थापना की गति भी बढ़ी है। 6 एकड़ क्षेत्र में स्पेशल इकोनॉमिक जोन का निर्माण संभव हुआ, जिसमें उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर्स स्थापित किए जा रहे हैं।

क्या हैं भविष्य की संभावनाएं

रायपुर में एआई स्पेशल इकोनॉमिक जोन की स्थापना के बाद यह तो तय है, कि दुनियाभर की बड़ी टेक कंपनियां यहां आएंगी और अपनी सेवाएं संचालित करेंगी। रायपुर एआई डिप्लोमेसी और रिसर्च एक्सचेंज का केंद्र बन सकता है। ऐसे में भारत व छत्तीसगढ़ को एआई सेवाओं का वैश्विक होस्ट बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।

- स्टार्टअप्स, शिक्षण संस्थान और कॉर्पोरेट मिलकर स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शासन में समाधान विकसित कर सकेंगे।
- यह स्पेशल इकोनॉमिक जोन भारत के एआई ग्रिड का हिस्सा बन सकता है, जो सार्वजनिक सेवाओं के लिए रीयल-टाइम एनालिटिक्स प्रदान कर सकेगा।
- भारत विकासशील देशों को सस्ती और नैतिक एआई सेवाएं प्रदान कर सकता है। रायपुर में एआई डिप्लोमेसी समिट और शोध आदान-प्रदान की स्वर्णिम संभावना है।

छत्तीसगढ़ को भारत के डिजिटल मानचित्र पर अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करने वाले एआई प्रोजेक्ट

एआई डेटा सेंटर पार्क का विस्तार (नवा रायपुर)

6 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहा है यह पार्क, जिसमें 1.5 हेक्टेयर हिस्सा विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में होगा। पहले चरण में यह 80 मेगावाट क्षमता, जिसे भविष्य में 150 मेगावाट तक बढ़ाया जाएगा। इसमें हाई-एंड कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, लाइव डेटा स्ट्रीमिंग और एआई प्रोसेसिंग जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह केंद्र हेल्थ टेक, फिनटेक, स्मार्ट एग्रीकल्चर और रक्षा क्षेत्र में एआई समाधान विकसित करने में सहायक होगा।

एआई स्किल डेवलपमेंट और शिक्षा पहल

स्थानीय युवाओं के लिए आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्लब्स स्कूलों में शुरू किए जा रहे हैं। युवाओं को डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा, एआई मॉडलिंग जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने की तैयारी है।

कृषि-ग्रामीण विकास में एआई का उपयोग

फसल पूर्वानुमान, मिट्टी विश्लेषण और स्मार्ट सिंचाई के लिए एआई आधारित समाधान मिलेगा। किसानों को डिजिटल मार्केट लिंक और मूल्य निर्धारण विश्लेषण की सुविधा मिलेगी। ये सभी सेवाएँ रायपुर के एआई डेटा सेंटर से संचालित होंगी।

शासन और सार्वजनिक सेवाओं में एआई

प्रदेश सरकार ने पहले ही ई-ऑफिस और डिजिटल गर्वनेंस की सुविधा को अपना लिया है। दूसरी ओर सार्वजनिक सेवाओं में स्मार्ट सिटी प्रबंधन, ट्रैफिक, अपशिष्ट, जल आपूर्ति की निगरानी, स्वास्थ्य विश्लेषण, डिजिटल शिकायत निवारण प्रणाली आदि को काफी मजबूती मिलेगी। यह परियोजना डिजिटल इंडिया मिशन के तहत संचालित होगी।

S-45363

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट काम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com